12. All rates shall be quoted on the tender form. The amount for each item should be worked out and requisite totals given. Special care should be taken to write the rates in figures as well as in words and the amount in figures only, in such a way that interpolation is not possible. The total amount should be written both in figures and in words. In case of figures, the word 'Rs.' should be written before the figure of rupees and word 'P' after the decimal figures, e.g. 'Rs.2.15 P' and in case of words, the word, 'Rupees' should precede and the word 'Paise' should be written at the end. Unless the rate is in whole rupees and followed by the word 'only' it should invariably be upto two decimal places. While quoting the rate in schedule of quantities, the word 'only' should be written closely following the amount and it should not be written in the next line.

Applicable for Percentage Rate Tender only (CPWD - 7)

12 A. In Percentage Rate Tender, the tenderer shall quote percentage below/above (in figures as well as in words) at which he will be willing to execute the work. He shall also work out the total amount of his offer and the same should be written in figures as well as in words in such a way that no interpolation is possible. In case of figures, the word 'Rs.' should be written before the figure of rupees and word 'P' after the decimal figures, e.g. 'Rs. 2.15P and in case of words, the word 'Rupees' should precede and the word 'Paise' should be written at the end.

13. (i) The Contractor whose tender is accepted, will be required to furnish performance guarantee of 5% (Five Percent) of the tendered amount within specified period. This guarantee shall be in the form of Govt. Securities or fixed deposit receipt of any scheduled bank, guarantee bonds of any scheduled bank or State Bank of India.

(ii) The contractor whose tender is accepted, will also be required to furnish by way of Security Deposit for the fulfillment of his contract, an amount equal to 5% of the tendered value of the work. The Security deposit will be collected by deductions from the running bills of the contractor at the rates mentioned above and the earnest money if deposited in cash at the time of tenders, will be treated as a part of the Security Deposit. The Security amount will also be accepted in cash or in the shape of Government Securities. Fixed Deposit Receipt of a Scheduled Bank or State Bank of India will also be accepted for this purpose provided confirmatory advice is enclosed.

14. On acceptance of the tender, the name of the accredited representative(s) of the contractor who would be responsible for taking instructions from the Engineer-in-Charge shall be communicated in writing to the Engineer-in-Charge.

15. Sales-tax, purchase tax, turnover tax or any other tax on material in respect of this contract shall be payable by the Contractor and Government will not entertain any claim whatsoever in respect of the same.

16. The contractor shall give a list of both gazetted and non-gazetted C.P.W.D. employees related to him.

में बताई गई प्रतिशतता में कोई विसंगाति पाई जाती है तो, जो प्रतिशतता ठेकेदार द्वारा निकाली गई राशि से अन्यथा प्रमाणित रूप से मेल खाती हो, उसे सही माना जाएगा। यदि ठेकेदार द्वारा निविदा की यह राशि नहीं निकाली जाती है अथवा अंकों और शब्दों में लिखित प्रतिशतता के साथ मेल नहीं खाती है, तो शब्दों में ठेकेदार द्वारा बताई गई प्रतिशतता सही मानी जाएगी। जहां ठेकेदार द्वारा अंकों और शब्दों में बताई गई प्रतिशतता से मेल खाती है लेकिन निविदा राशि का सही आकलन नहीं किया जाता है, तो जब तक अन्यथा प्रमाणित न हो, ठेकेदार द्वारा बताई गई प्रतिशतता सही मानी जाएगी, राशि नहीं।

11. यदि किसी निविदा में किसी मद/मदों की इकाई दर अवास्तविक लगें तो ऐसी निविदा को असंतुलित माना जाएगा और यदि निविदाकार संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे पाता तो ऐसी निविदा अमान्य और अस्वीकृत की जा सकती है।

केवल मद दर निविदा के लिए लागू (के लो नि वि –8)

12. सभी दरें निविदा फार्म में बताई जाएंगी, प्रत्येक मद के लिए राशि आकलित की जाएगी और उनका अपेक्षित योग दिया जाएगा। दरें, अंकों के साथ–साथ शब्दों में और राशि केवल अंकों में लिखते समय विशेष ध्यान दिया जाए ताकि उनमें कोई भ्रम न हो। कुल राशि अंकों एवं शब्दों, दोनों में लिखी जानी चाहिए। अंकों के मामले में रु. शब्द अंकों से पहले और पैसे शब्द दशमलव अंकों के बाद लिखा जाना चाहिए। उदाहरण के लिए रु. 2.15 पै. और शब्दों के मामले में रूपए शब्द पहले और पैसे शब्द अंत में लिखा जाना चाहिए। यदि दर पूरे रूपए और बाद में 'केवल' शब्द सहित न हो तो उसे दशमलव के दो स्थानों तक लिखा जाएगा। मात्राओं की अनुसूची में दर लिखते समय 'केवल' शब्द राशि के बिल्कुल निकट लिखा जाना चाहिए और इसे अगली पंक्ति में नहीं लिखा जाना चाहिए।

केवल प्रतिशतता दर निविदा के लिए लागू (के लो नि वि –7)

12.अ प्रतिशत दर निविदा में निविदाकर्त्ता उतनी कम/अधिक प्रतिशतता भरेगा (अंकों ओर शब्दों में) जिस पर वह कार्य करने का इच्छुक हो। वह अपनी पेशकश की कुल राशि की गणना भी करेगा और उसे अंकों ओर शब्दों में इस प्रकार लिखा जाना चाहिए कि उनकी जगह कुछ लिखना संभव न हो। अंकों के मामले में रुपए के अंकों से पहले रुपए शब्द लिखा जाना चाहिए तथा दशमलव अंकों के बाद पैसे शब्द अर्थात् रु.2.15 पै. और शब्दों के मामले में रुपए शब्द बाद में लिखा जाना चाहिए तथा शब्द पैसे सबसे अंत में लिखा जाना चाहिए।

13. (i) जिस ठेकेदार की निविदा स्वीकार की जाती है, उसे निर्धारित समयावधि के भीतर ठेका राशी के 5 प्रतिशत के बराबर निष्पादन गारंटी जमा करनी होगी। यह गारंटी सरकारी प्रतिभूतियों के रूप में या स्टेट बैंक आफ इंडिया/अनुसूचित बैंक की सावधि जमा रसीद या स्टेट बैंक आफ इंडिया/अनुसूचित बैंक के गारंटी बंधपत्र के रूप में होगी।

(ii) जिस ठेकेदार की निविदा स्वीकार की जाती है उसे ठेका परिपूर्ण करने के लिए कार्य के निविदित मूल्य के 5 प्रतिशत के बराबर राशि, प्रतिभूति निक्षेप के रूप में देनी होगी। प्रतिभूति निक्षेप को, ऊपर उल्लिखित दरों पर, ठेकेदार के चल बिलों से कटौतियाँ करके वसूला जाएगा और ऐसी धरोहर राशि जिसे निविदा देते समय यदि नकद जमा कराया गया हो, उसे प्रतिभूति निक्षेप का हिस्सा माना जाएगा। प्रतिभूति राशि नकद या सरकारी प्रतिभूतियों के रूप में भी स्वीकार की जाएगी। अनुसूचित बैंक या स्टेट बैंक आफ इंडिया की सावधि जमा रसीद भी इस प्रयोजन के लिए स्वीकार किए जाएंगे बशर्ते 'कन्फर्मेटरी एडवाइस' संलग्न हो।

14. निविदा स्वीकार हो जाने पर ठेकेदार के अधिकृत प्रतिनिधि (प्रतिनिधियों), जो भारसाधक इंजीनियर से अनुदेश लेने के लिए जिम्मेदार होगा, के नाम की लिखित सूचना भारसाधक इंजीनियर को दी जाएगी।

15. इस ठेके के संबंध में सामग्रियों पर बिक्री कर, क्रय कर, टर्नओवर कर या कोई भी अन्य कर ठेकेदार द्वारा दिया जाएगा और सरकार उनके संबंध में किसी भी तरह के दावे पर विचार नहीं करेगी।

16. ठेकेदार के. लो. नि. वि. में कार्यरत अपने रिश्तेदारों, राजपत्रित और अराजपत्रित कर्मचारियों दोनों की, सूची देगा।

17. The tender for the work shall not be witnessed by a contractor or contractors who himself/ themselves has/have tendered or who may and has/have tendered for the same work. Failure to observe this condition would render, tenders of the contractors tendering, as well as witnessing the tender, liable to summary rejection.

18. The tender for composite work includes in addition to building work all other works such as sanitary and water supply installations drainage installation, electrical work, horticulture work, roads and paths etc. The tenderer apart from being a registered contractor (B&R) of appropriate class, must associate himself with agencies of appropriate class which are eligible to tender for sanitary and water supply drainage, electrical and horticulture works in the composite tender.

19. The contractor shall submit list of works which are in hand (progress) in the following form:-

Name of work	Name and particulars of Divn where work is being executed	Value of work	Position of works in progress	Remarks
1.	2.	3.	4.	5.

20. The contractor shall comply with the provisions of the Apprentices Act 1961, and the rules and orders issued thereunder from time to time. If he fails to do so, his failure will be a breach of the contract and the Superintending Engineer/Executive Engineer may in his discretion, without prejudice to any other right or remedy available in law, cancel the contract. The contractor shall also be liable for any pecuniary liability arising on account of any violation by him of the provisions of the said Act.

17. ठेकेदार या ठेकेदारों, जिसने/जिन्होने स्वयं निविदा दी हो या जिसने/जिन्होंने उसी कार्य के लिए निविदा दी हो, वे कार्य के लिए निविदा में गवाह नहीं हो सकते। इस शर्त का पालन न करने पर निविदा देने के साथ–साथ निविदा का गवाह बनने वाले ठेकेदार की निविदा एकदम अस्वीकृत की जा सकती है।

18. संयुक्त कार्य के लिए निविदा में बिल्डिंग कार्य के अतिरिक्त सभी अन्य कार्य जैसे कि स्वच्छता और जल आपूर्ति संस्थापनाएं, जल निकासी संस्थापनाएं, वैद्युत कार्य, उद्यान कार्य, सड़कें और रास्ते आदि सम्मिलित है। निविदाकार समुचित श्रेणी का पंजीकृत ठेकेदार (भवन एवं सड़क) होने के साथ–साथ स्वयं समुचित श्रेणी की ऐसी एजेंसियों के संपर्क में हो जो संयुक्त निविदा में स्वच्छता और जल आपूर्ति निकासी, वैद्युत और उद्यान कार्यों के लिए निविदा देने की पात्र हों।

19. ठेकेदार, निम्नलिखित फार्म में, निष्पादनाधीन कार्यों की सूची प्रस्तुत करेगा।

कार्य का नाम	मंडल का नाम व विवरण जहां कार्य निष्पादित किया जा रहा है।	कार्य का मूल्य	कार्यों की स्थिति	टिप्पणी
1	2	3	4	5

20. ठेकेदार, 'अप्रैन्टिसेस एक्ट' 1961 के उपबंधों और समय समय पर उसके तहत जारी किए गए नियमों और आदेशों का पालन करेगा। यदि वह ऐसा करने में असफल रहता है तो उसकी असफलता ठेके का उल्लंघन होगा अधीक्षण इंजीनियर/कार्यपालक इंजीनियर अपने विवेकानुसार, किसी अधिकार या कानून में उपलब्ध उपचार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ठेके को रद्द कर सकता है। ठेकेदार द्वारा उक्त अधिनियम का उल्लंघन किए जाने के कारण, उत्पन्न हुई किसी भी आर्थिक देयता के लिए ठेकेदार ज़िम्मेदार होगा।

CONDITIONS OF CONTRACT

Definitions

1. The **Contract** means the documents forming the tender and acceptance thereof and the formal agreement executed between the competent authority on behalf of the President of India and the Contractor, together with the documents referred to therein including these conditions, the specifications, designs, drawings and instructions issued from time to time by the Engineer-in-Charge and all these documents taken together, shall be deemed to form one contract and shall be complementary to one another.

2. In the contract, the following expressions shall, unless the context otherwise requires, have the meanings, hereby respectively assigned to them:-

   i) The expression **works** or **work** shall, unless there be something either in the subject or context repugnant to such construction, be construed and taken to mean the works by or by virtue of the contract contracted to be executed whether temporary or permanent, and whether original, altered, substituted or additional.

   ii) The **Site** shall mean the land/or other places on, into or through which work is to be executed under the contract or any adjacent land, path or street through which work is to be executed under the contract or any adjacent land, path or street which may be allotted or used for the purpose of carrying out the contract.

   iii) The **Contractor** shall mean the individual, firm or company, whether incorporated or not, undertaking the works and shall include the legal personal representative of such individual or the persons composing such firm or company, or the successors of such firm or company and the permitted assignees of such individual, firm or company.

   iv) The **President** means the President of India and his successors.

   v) The **Engineer-in-charge** means the Engineer Officer who shall supervise and be in-charge of the work and who shall sign the contract on behalf of the President of India as mentioned in Schedule 'F' hereunder.

   vi) **Government** or **Government of India** shall mean the President of India.

   vii) The terms **Director General of Works** includes Additional Director General and Chief Engineer of the Zone.

   viii) **Accepting Authority** shall mean the authority mentioned in Schedule 'F'.

   ix) **Excepted Risk** are risks due to riots (other than those on account of contractor's employees), war (whether declared or not) invasion, act of foreign enemies, hostilities, civil war, rebellion revolution, insurrection, military or usurped power, any acts of Government, damages from aircraft, acts of God, such as earthquake, lightening and unprecedented floods, and other causes over which the contractor has no control and accepted as such by the Accepting Authority or causes solely due to use or occupation by Government of the part of the works in respect of which a certificate of completion has been issued or a cause solely due to Government's faulty design of works.

   x) **Market Rate** shall be the rate as decided by the Engineer-in-Charge on the basis of the cost of materials and labour at the site where the work is to be executed plus the percentage mentioned in Schedule 'F' to cover, all overheads and profits.

ठेके की शर्तें

परिभाषाएं

(1) **ठेके** से निविदा और उसकी स्वीकृति तथा भारत के राष्ट्रपति की ओर से सक्षम प्राधिकारी और ठेकेदार के बीच निष्पादित औपचारिक करार के दस्तावेजों और उसके साथ उसमें निर्दिष्ट दस्तावेज अभिप्रेत हैं, जिनके अंतर्गत ये शर्तें, निर्देश, डिजाइन, आरेख और भारसाधक इंजीनियर द्वारा समय समय पर दिए गए अनुदेश भी हैं और ये सभी दस्तावेज एक साथ मिलकर एक ठेका माने जाएंगे और एक दूसरे के पूरक होंगे।

(2) ठेके में निम्नलिखित पदों के, जब तक कि संदर्भ से अन्य अपेक्षित न हो, वे ही अर्थ होंगे जो उन्हें इसके द्वारा क्रमशः दिए गए हैं:

i) **कार्य** पद का अर्थ, जब तक कि विषय या संदर्भ में ऐसे अर्थ के विरुद्ध कोई बात न हो, किए गए ठेके द्वारा या उस आधार से किए जाने वाला कार्य होगा और माना जाएगा चाहे वे अस्थायी या स्थायी हों, और चाहे वे मूल, परिवर्तित, प्रतिस्थापित या अतिरिक्त हों।

ii) **कार्यस्थल** से अभिप्रेत है वह भूमि/या अन्य स्थान जिस पर, जिसमें या जिसके माध्यम से ठेके के अधीन कार्य निष्पादित किया जाना है या कोई पार्श्वस्थ भूमि, पथ या मार्ग जिसके माध्यम से ठेके के अधीन कार्य निष्पादित किया जाना है या कोई पार्श्वस्थ भूमि, पथ या मार्ग जो ठेके को कार्यान्वित करने के लिए आबंटित या प्रयुक्त किया जाए।

iii) **ठेकेदार** से ऐसा व्यक्ति या फर्म या कम्पनी, चाहे वह निगमित हो या नही, अभिप्रेत है जो कार्य का भार अपने ऊपर ले और इसके अन्तर्गत विधिक वैयक्तिक प्रतिनिधि या ऐसी फर्म या कम्पनी गठित करने वाले व्यक्ति या ऐसी फर्म या कम्पनी के उत्तराधिकारी और ऐसे व्यक्ति या फर्म या फर्मों या कम्पनी के अनुज्ञात समनुदेशिती भी होंगे।

iv) **राष्ट्रपति** से भारत के राष्ट्रपति और उनके पदोत्तरवर्ती अभिप्रेत हैं।

v) **भारसाधक इंजीनियर** से वह, इंजीनियर अधिकारी अभिप्रेत है जो कार्य का पर्यवेक्षण करेगा और उसका भारसाधक होगा और जो भारत के राष्ट्रपति की ओर से ठेके पर हस्ताक्षर करेगा और यहाँ नीचे अनुसूची 'च' में उल्लिखित हैं।

vi) **सरकार** या **भारत सरकार** से भारत के राष्ट्रपति अभिप्रेत हैं।

vii) **निर्माण महानिदेशक** पद के अंतर्गत अपर महानिदेशक और अंचल के मुख्य इंजीनियर भी हैं।

viii) **स्वीकारकर्ता प्राधिकारी** से अनुसूची 'च' में उल्लिखित प्रधिकारी अभिप्रेत है,

ix) **क्षम्य जोखिम** वे जोखिम हैं जों दंगों, (ठेकेदार के कर्मचारियों के कारण से होने वालों को छोड़कर) युद्ध, (घोषित और अघोषित), आक्रमण, विदेशी दुश्मनों की कार्रवाई, युद्ध–स्थितियां, गृहयुद्ध, विद्रोह क्रान्ति, उपद्रव, सैन्य या हथियाई गई सत्ता, कोई भी सरकारी कार्रवाई, वायुयान से क्षति, प्राकृतिक प्रकोप, जैसे भूकंप, तड़ित और अभूतपूर्व बाढ़ और अन्य कारणों, जिनपर ठेकेदार का नियंत्रण न हो और जो उसी रूप में स्वीकारकर्ता प्राधिकारी द्वारा स्वीकार कर ली जाएं या जो पूरी तरह सरकार द्वारा कार्यों के भाग के प्रयोग या अधिगृहण के कारण हो, जिनके संबंध में कार्यसमापन प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया हो या जो सरकार द्वारा पूरी तरह कार्यों की डिजाइन में त्रुटि के कारण हो।

x) **बाजार दर** वह दर होगी जो भारसाधक इंजीनियर, कार्यस्थल पर, जहां कार्य निष्पादित किया जाना है, सामग्रियों और श्रम की लागत और उसके सभी ऊपरी खर्चों व लाभों को पूरा करने के लिए अनुसूची 'च' में उल्लिखित प्रतिशतता को जोडकर आई राशि के आधार पर निश्चित करे।

xi) **Schedule(s)** referred to in these conditions shall mean the relevant schedule(s) annexed to the tender papers or the standard Schedule of Rates of the government mentioned in Schedule 'F' hereunder, with the amendments thereto issued upto the date of receipt of the tender.

xii) **Department** means CPWD or any department of Government of India which invites tenders on behalf of President of India as specified in schedule 'F'.

xiii) **District Specifications** means the specifications followed by the State Government in the area where the work is to be executed.

xiv) **Tendered value** means the value of the entire work as stipulated in the letter of award

Scope and Performance

3. Where the context so requires, words imparting the singular only also include the plural and vice versa. Any reference to masculine gender shall whenever required include feminine gender and vice versa.

4. Headings and Marginal notes to these General Conditions of Contract shall not be deemed to form part thereof or be taken into consideration in the interpretation or construction thereof or of the contract.

5. The contractor shall be furnished, free of cost one certified copy of the contract documents except standard specifications, Schedule of Rates and such other printed and published documents, together with all drawings as may be forming part of the tender papers. None of these documents shall be used for any purpose other than that of this contract.

Works to be carried out

6. The work to be carried out under the Contract shall, except as otherwise provided in these conditions, include all labour, materials, tools, plants, equipment and transport which may be required in preparation of and for and in the full and entire execution and completion of the works. The descriptions given in the Schedule of Quantities (Schedule-A) shall, unless otherwise stated, be held to include wastage on materials, carriage and cartage, carrying and return of empties, hoisting, setting, fitting and fixing in position and all other labours necessary in and for the full and entire execution and completion of the work as aforesaid in accordance with good practice and recognised principles.

Sufficiency of Tender

7. The Contractor shall be deemed to have satisfied himself before tendering as to the correctness and sufficiency of his tender for the works and of the rates and prices quoted in the Schedule of Quantities, which rates and prices shall, except as otherwise provided, cover all his obligations under the Contract and all matters and things necessary for the proper completion and maintenance of the works.

Discrepancies and Adjustment of Errors

8. The several documents forming the Contact are to be taken as mutually explanatory of one another, detailed drawings being followed in preference to small scale drawing and figured dimensions in preference to scale and special conditions in preference to General Conditions.

8.1 In the case of discrepancy between the schedule of Quantities, the Specifications and/or the Drawings, the following order of preference shall be observed:-

i) Description of Schedule of Quantities.

ii) Particular Specification and Special Condition, if any.

iii) Drawings.

iv) C.P.W.D. Specifications.

v) Indian Standard Specifications of B.I.S.

xi) इन शर्तों में उल्लिखित **अनुसूची (अनुसूचियों)** का अर्थ, निविदा कागजात अथवा निविदा प्राप्त करने की तारीख तक किए गए संशोधनों सहित यहाँ नीचे अनुसूची 'च' में उल्लिखित सरकार की मानक दर अनुसूची के साथ लगी अनुसूची (अनुसूचियां) है।

xii) **विभाग** का अर्थ के. लो. नि. वि. या भारत सरकार का कोई भी विभाग जो अनुसूची 'च' में निर्दिष्ट अनुसार भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदाएं आमंत्रित करता है।

xiii) **जिला** विनिर्देशों का अभिप्राय उन विनिर्देशों से है जिन्हें राज्य सरकार द्वारा कार्य निष्पादन वाले क्षेत्र में अपनाया जाता है।

xiv) **निविदित मूल्य** का अर्थ, अवार्ड पत्र में निर्धारित अनुसार, पूरे कार्य का मूल्य है।

कार्य क्षेत्र एवं निष्पादन

3. जहां संदर्भ में अपेक्षित हो वहां एकवचन (सिंगुलर) शब्दों में बहुवचन (प्लूरल) और विलोमतः सम्मिलित होंगे।

4. ठेके की इन सामान्य शर्तों के शीर्षकों और हाशिए की टिप्पणियों को उसका भाग नहीं माना जाएगा अथवा निर्माण या निर्वचन करते समय इन्हें ध्यान में नहीं रखा जाएगा।

5. ठेकेदार को, मानक विनिर्देशों, दरों की अनुसूची और ऐसे अन्य मुद्रित और प्रकाशित कागजातों को छोड़कर, सभी आरेखों, जो निविदा कागजात के भाग हों, सहित ठेका कागजातों की एक प्रमाणित प्रति निःशुल्क दी जाएगी, इन कागजातों में से किसी भी कागजात को इस ठेके के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए प्रयोग नहीं किया जाएगा।

किए जाने वाले कार्य

6. इन शर्तों में किसी अन्यथा प्रावधान को छोड़कर, ठेके के तहत किए जाने वाले कार्य में सभी मजदूरी, सामग्रियां, औजार, संयंत्र, उपकरण और परिवहन सम्मिलित हैं जो कि कार्य की तैयारी में और उसके लिए और कार्य को पूर्ण और समूचे रूप से निष्पादन और पूरा करने के लिए आवश्यक हों। मात्राओं की अनुसूची (अनुसूची क) में दिए गए विवरणों को, जब तक अन्यथा उल्लेख न हो, यह माना जाएगा कि उनमें, सामग्रियों की छीजन, भाड़ा और ढुलाई, खाली चीजों को लेजाने और लौटाने, ऊँचे चढ़ाने, लगाने, यथा स्थान फिट करने और आबद्ध करने और अन्य मजदूरी जो पूर्वोक्त अनुसार कार्य को अच्छी विधि और मान्य सिद्धातों के अनुसार पूर्ण और समूचे रूप से निष्पादन और पूरा करने में और पूरा करने के लिए आवश्यक हों, आदि सम्मिलित हैं।

निविदा की पर्याप्तता

7. यह माना जाएगा कि ठेकेदार ने निविदा देने से पहले कार्यों के लिए उसकी निविदा की सत्यता और पर्याप्तता और मात्राओं की अनुसूची में कथित दरों और मूल्यों को, जो दरें और मूल्य, यदि अन्यथा प्रावधान न हो तो, ठेके के तहत उसमें सभी दायित्वों और कार्यों के उचित प्रकार से समापन और अनुरक्षण के लिए आवश्यक सभी मामलों और चीजों को समाहित करते हैं; के संबंध में अपने आपको संतुष्ट कर लिया है।

विनियमितताएं और त्रुटियों का समायोजन

8. ठेके का भाग बनने वाले सभी प्रकार के कागजातों के विषय में यह माना जाएगा कि वे एक–दूसरे के पूरक हैं, छोटे पैमाने के आरेखों की तुलना में विस्तृत आरेखों को और चित्र में लिखित मापों को पैमाने वाले मापों से और विशेष शर्तों कों समान्य शर्तों से अधिमान दिया जाएगा।

8.1 मात्राओं की अनुसूची, विनिर्देशों और/या आरेखों में कमियों के होने पर अधिमान का निम्नलिखित क्रम अपनाया जाएगा।

i) मात्राओं की अनुसूची का विवरण

ii) विशिष्ट विनिर्देश और विशेष शर्तें, यदि हों,

iii) आरेख

iv) के. लो. नि. वि. विनिर्देश

v) भारतीय मानक ब्यूरो के भारतीय मानक विनिर्देश।

8.2 If there are varying or conflicting provisions made in any one document forming part of the contract, the Accepting Authority shall be the deciding authority with regard to the intention of the document and his decision shall be final and binding on the contractor.

8.3 Any error in description, quantity or rate in Schedule of Quantities or any omission therefrom shall not vitiate the Contract or release the Contractor from the execution of the whole or any part of the works comprised therein according to drawings and specifications or from any of his obligations under the contract.

Signing of Contract

9. The successful tenderer/contractor, on acceptance of his tender by the Accepting Authority, shall, within 15 days from the stipulated date of start of the work sign the contract consisting of:-

i) the notice inviting tender, all the documents including drawings, if any, forming the tender as issued at the time of invitation of tender and acceptance thereof together with any correspondence leading thereto.

ii) Standard C.P.W.D. Form as mentioned in Schedule 'F' consisting of:

a) Various standard clauses with corrections upto the date stipulated in Schedule 'F' alongwith annexures thereto.

b) C.P.W.D. Safety Code.

c) Model Rules for the protection of health, sanitary arrangements for workers employed by CPWD or its contractors.

d) CPWD Contractor's Labour Regulations.

e) List of Acts and omissions for which fines can be imposed.

8.2 यदि ठेके के भाग के किसी कागजात में अलग–अलग या विरोधाभासी उपबंध हों तो स्वीकारकर्ता प्राधिकारी ऐसे कागजातों के संबंध में विनिश्चायक प्राधिकारी होगा और उसका निर्णय ठेकेदार के लिए अंतिम और बाध्यकारी होगा।

8.3 मात्राओं की अनुसूची में विवरण, मात्रा या दर में किसी त्रुटि या उनमें कोई विलोप होने से ठेका निष्प्रभावी नहीं होगा या ठेकेदार आरेखों और विनिर्देशों के अनुरूप उसमें निहित पूरे कार्य या उसके भाग को निष्पादित करने के दायित्व से मुक्त नहीं होगा या ठेके के तहत अपने किसी भी दायित्व से मुक्त नहीं होगा।

ठेके पर हस्ताक्षर करना

9. स्वीकारकर्त्ता प्राधिकारी द्वारा उसकी निविदा स्वीकार कर लिए जाने पर सफल निविदाकर/ठेकेदार कार्य शुरू करने की तारीख के 15 दिन के भीतर ठेके पर हस्ताक्षर करेगा जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगे।

i) निविदा आमंत्रण सूचना, आरेखों, यदि हों, सहित सभी कागजात, जो निविदा आमंत्रित करते समय निविदा के भाग हों, उससे संबंधित पत्राचार सहित उसकी स्वीकृति।

ii) मानक के. लो. नि. वि. फार्म जैसा कि अनुसूची 'च' में उल्लिखित है जिसमें निम्निलिखित होंगे।

क) अनुसूची 'च' में निर्धारित तारीख तक के संशोधनों और उनके अनुबंधों सहित विभिन्न मानक खण्ड

ख) के. लो. नि. वि. सुरक्षा संहिता

ग) के. लो. नि. वि. या ठेकेदार द्वारा नियोजित कर्मचारियों की स्वास्थ्य रक्षा तथा स्वच्छता व्यवस्था के लिए आदर्श नियम,

घ) के. लो. नि. वि. के ठेकेदारों के श्रमिक विनियमन

च) कृतों और अकृतों की सूची जिनके लिए जुर्माना लगाया जा सकता है।

CLAUSES OF CONTRACT

CLAUSE 1

Performance Guarantee

i) The contractor shall submit an irrevocable Performance Guarantee of 5% (Five percent) of the tendered amount in addition to other deposits mentioned elsewhere in the contract for his proper performance of the contract agreement, (not withstanding and/or without prejudice to any other provisions in the contract) within period specified in Schedule 'F' from the date of issue of letter of acceptance. This period can be further extended by the Engineer-in-Charge upto a maximum period as specified in schedule 'F' on written request of the contractor stating the reason for delays in procuring the Bank Guarantee, to the satisfaction of the Engineer-in-Charge. This guarantee shall be in the form of Cash (in case guarantee amount is less than Rs. 10,000/-) or Deposit at Call receipt of any scheduled bank/Banker's Cheque of any scheduled bank/Demand Draft of any scheduled/Pay Order of any scheduled bank (in case guarantee amount is less than Rs. 1,00,000/-) or Government Securities or Fixed Deposit Receipts or Guarantee Bonds of any Scheduled Bank or the State Bank of India in accordance with the form annexed hereto. In case a fixed deposit receipt of any Bank is furnished by the contractor to the Government as part of the performance guarantee and the Bank is unable to make payment against the said fixed deposit receipt, the loss caused thereby shall fall on the contractor and the contractor shall forthwith on demand furnish additional security to the Government to make good the deficit.

ii) The Performance Guarantee shall be initially valid upto the stipulated date of completion plus 60 days beyond that. In case the time for completion of work gets enlarged, the contractor shall get the validity of Performance Guarantee extended to cover such enlarged time for completion of work. After recording of the completion certificate for the work by the competent authority, the performance guarantee shall be returned to the contractor, without any interest.

iii) The Engineer-in-Charge shall not make a claim under the performance guarantee except for amounts to which the President of India is entitled under the contract (not withstanding and/or without prejudice to any other provisions in the contract agreement) in the event of:

a) Failure by the contractor to extend the validity of the Performance Guarantee as described herein above, in which event the Engineer-in-Charge may claim the full amount of the Performance Guarantee.

b) Failure by the contractor to pay President of India any amount due, either as agreed by the contractor or determined under any of the Clauses/Conditions of the agreement, within 30 days of the service of notice to this effect by Engineer-in-Charge.

iv) In the event of the contract being determined or rescinded under provision of any of the Clause/Condition of the agreement, the performance guarantee shall stand forfeited in full and shall be absolutely at the disposal of the President of India.

CLAUSE 1 A

Recovery of Security Deposit

The person/persons whose tender(s) may be accepted (hereinafter called the contractor) shall permit Government at the time of making any payment to him for work done under the contract to deduct a sum at the rate of 10% of the gross amount of each running bill till the sum alongwith the sum already deposited as earnest money, will amount to security deposit of 5% of the tendered value of the work. Such deductions will be made and held by Government by way of Security Deposit unless he/they has/have deposited the amount of Security at

संविदा के खण्ड

खण्ड 1

निष्पादन गारंटी

i) ठेकेदार स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से प्रारम्भ अनुसूची 'च' मे विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अपने संविदा करार के समुचित निष्पादन के लिए, संविदा में अन्यत्र उल्लिखित अन्य निक्षेपों के साथ–साथ (संविदा के अन्य किसी प्रावधान के होते हुए भी और/या उन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना) निवेदित राशी के 5 (पांच) प्रतिशत के बराबर अप्रतिसंहरणीय निष्पादन गारंटी प्रस्तुत करेगा। इस अवधि को भार साधक अभियंता द्वारा ठेकेदार के लिखित अनुरोध पर, जिसमें बैंक गारंटी के प्राप्त करने में हुए विलंब के कारणों को बताया गया हो, अनुसूचि 'च' में विनिर्दिष्ट अवधि तक बढ़ाया जा सकता है बशर्ते कि भारसाधक अभियंता की उन कारणों से संतुष्टि हो जाती है। यह गारंटी नकद (यदि गारंटी राशि 10,000 रू. से कम हो) या किसी अनुसूचित बैंक की कॉल रसीद दिए जाने पर जमा/किसी अनुसूचित बैंक के बैंकर्स चैक/किसी अनुसूचित बैंक के डिमांड ड्राफ्ट/किसी अनुसूचित बैंक के पे–ऑर्डर (यदि गारंटी राशि 1,00,000 रू से कम हो) या सरकारी प्रतिभूति या किसी अनुसूचित बैंक या भारतीय स्टेट बैंक की सावधि जमा रसीद या गारंटी बॉण्ड के रूप में इसके साथ अनुबंधित फार्म के अनुसार होगी। यदि ठेकेदार निष्पादन गारंटी के भाग के रूप में सरकार को किसी बैंक की सावधि जमा रसीद प्रस्तुत करता है और बैंक उस सावधि जमा रसीद पर भुगतान न करे तो उससे हुई हानी के लिए ठेकेदार तत्काल घाटे की भरपाई के लिए सरकार को अतिरिक्त प्रतिभूति देगा।

ii) प्रारंभ में निष्पादन गारंटी कार्य को पूरा करने की अनुबंधित तारीख तथा उसके पश्चात साठ दिनों तक वैद्य होगी। यदि कार्य पूरा करने के समय में बढ़ोतरी हो जाती है तो ठेकेदार निष्पादन गारंटी की वैद्यता की अवधि को भी बढ़वाएगा ताकि कार्य समापन के लिए समय में हुई बढ़ोतरी कवर हो सके। सक्षम प्राधिकारी द्वारा कार्य पूरा करनें संबंधी प्रमाण पत्र रिकार्ड करने के पश्चात निष्पादन गारंटी, बिना किसी ब्याज के, ठेकेदार को लौटा दी जाएगी।

iii) भारसाधक अभियंता उन राशियों को छोड़ कर जिनके लिए भारत के राष्ट्रपति निम्नलिखित परिस्थितियों में संविदा के अंतर्गत पात्र है, (संविदा करार के अन्य किसी प्रावधान के होते हुए भी और/या उनपर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना), निष्पादन गारंटी में किसी प्रकार का दावा नहीं करेगा:–

क) जैसाकि इसमें ऊपर कहा गया है कि यदि ठेकेदार निष्पादन गारंटी की वैद्यता को बढ़ाने में असमर्थ रहता है तो उस परिस्थिति में भारसाधक अभियंता निष्पादन गारंटी की पूरी राशि का दावा कर सकता है।

ख) यदि ठेकेदार उसके द्वारा करार की गई अथवा करार के किसी खंड/शर्त के आधीन अवधारित किसी राशि का भुगतान, भारसाधक अभियंता द्वारा इस संबंध में दिए गए नोटिस के 30 दिन के भीतर, भारत के राष्ट्रपति को करने में असमर्थ रहता है।

iv) यदि संविदा करार के किसी खंड/शर्त के किसी प्रावधान के अंतर्गत अवधारित/मसूख हो जाती है तो उस स्थिति में निष्पादन गारंटी को पूरी तरह से जब्त कर लिया जाएगा तथा वह आत्यंतिक रूप से, भारत के राष्ट्रपति के व्ययन पर होगी।

खण्ड–1 (क)

प्रतिभूति निक्षेप की वसूली

जिस व्यक्ति/व्यक्तियों की निविदा (एं) स्वीकार होंगी (जिसे इसके बाद ठेकेदार कहा जाएगा) वह ठेके के अन्तर्गत किए गए कार्य के लिए किए जा रहे भुगतान के समय सरकार को यह अधिकार देगा कि प्रत्येक चलबिल की कुल राशि के 10 प्रतिशत की दर से राशि की कटौती तब तक कर सके जब तक धरोहर राशि के रूप में पहले से जमा राशि सहित राशि कार्य के निविदत मूल्य के 5 प्रतिशत प्रतिभूति निक्षेप राशि के बराबर न हो जाए। ऐसी कटौतियां सरकार द्वारा की जाएंगी व प्रतिभूति निक्षेप के रूप में रखी जाएंगी बशर्ते उसने/उन्होने उपर्युक्त दर से प्रतिभूति के रूप में नकद जमा न की हो। यदि ठेकेदार प्रतिभूति निक्षेप के भाग के रूप में सरकार को किसी बैंक की सावधि जमा रसीद प्रस्तुत करता है और बैंक उस सावधि जमा रसीद पर

the rate mentioned above in cash or in the form of Government Securities or fixed deposit receipts. In case a fixed deposit receipt of any Bank is furnished by the contractor to the Government as part of the security deposit and the Bank is unable to make payment against the said fixed deposit receipt, the loss caused thereby shall fall on the contractor and the contractor shall forthwith on demand furnish additional security to the Government to make good the deficit.

All compensations or the other sums of money payable by the contractor under the terms of this contract may be deducted from, or paid by the sale of a sufficient part of his security deposit or from the interest arising therefrom, or from any sums which may be due to or may become due to the contractor by Government on any account whatsoever and in the event of his Security Deposit being reduced by reason of any such deductions or sale as aforesaid, the contractor shall within 10 days make good in cash or fixed deposit receipt tendered by the State Bank of India or by Scheduled Banks or Government Securities (if deposited for more than 12 months) endorsed in favour of the Engineer-in-Charge, any sum or sums which may have been deducted from, or raised by sale of his security deposit or any part thereof. The security deposit shall be collected from the running bills of the contractor at the rates mentioned above and the Earnest money if deposited in cash at the time of tenders will be treated a part of the Security Deposit.

Note-1: Government papers tendered as security will be taken at 5% (five per cent) below its market price or at its face value, whichever is less. The market price of Government paper would be ascertained by the Divisional Officer at the time of collection of interest and the amount of interest to the extent of deficiency in value of the Government paper will be withheld if necessary.

Note-2: Government Securities will include all forms of Securities mentioned in rule No. 274 of the G.F. Rules except fidelity bond. This will be subject to the observance of the condition mentioned under the rule against each form of security.

Note-3: Note 1 & 2 above shall be applicable for both clause 1 and 1A

CLAUSE 2

Compensation for Delay

If the contractor fails to maintain the required progress in terms of clause 5 or to complete the work and clear the site on or before the contract or extended date of completion, he shall, without prejudice to any other right or remedy available under the law to the Government on account of such breach, pay as agreed compensation the amount calculated at the rates stipulated below as the Superintending Engineer (whose decision in writing shall be final and binding) may decide on the amount of tendered value of the work for every completed day/month (as applicable) that the progress remains below that specified in Clause 5 or that the work remains incomplete.

This will also apply to items or group of items for which a separate period of completion has been specified.

i)	Compensation for delay of work	@ 1.5 % per month of delay to be computed on per day basis

Provided always that the total amount of compensation for delay to be paid under this Condition shall not exceed 10% of the Tendered Value of work or of the Tendered Value of the item or group of items of work for which a separate period of completion is originally given.

The amount of compensation may be adjusted or set-off against any sum payable to the Contractor under this or any other contract with the Government. In case, the contractor does not achieve a particular milestone mentioned in schedule F, or the re-scheduled milestone(s) in terms of Clause 5.4, the amount shown against that milestone shall be withheld, to be adjusted against the compensation levied at the final grant of Extension of Time.

भुगतान न करे तो उससे हुई हानि के लिए ठेकेदार तत्काल घाटे की भरपाई के लिए सरकार को अतिरिक्त प्रतिभूति देगा।

इस ठेके के निबंधनों के अधीन ठेकेदार द्वारा संदय सभी प्रतिकर या अन्य धन–राशियां उसके प्रतिभूति निक्षेप से या उससे होने वाले ब्याज से, या ऐसी राशियों से जो किसी भी कारण से सरकार द्वारा ठेकेदार को देय हों या हो जाएं, काटी जा सकेंगी या प्रतिभूति निक्षेप के पर्याप्त भाग के विक्रय द्वारा संदत्त की जा सकेंगी, और किन्हीं ऐसी कटौतियों या यथापूर्वोक्त विक्रय के कारण उसके प्रतिभूति निक्षेप के कम हो जाने की दशा में, ठेकेदार दस दिन के भीतर नकद या भारतीय स्टेट बैंक द्वारा या अनुसूचित बैंकों द्वारा निविदत्त सावधि निक्षेप पावती के रूप में या भारसाधक अभियंता के पक्ष में पृष्ठांकित सरकारी प्रतिभूतियों की दशा में रकम (यदि 12 मास से अधिक के लिए जमा की गई हों), किसी राशि या राशियों को, जो उसकी प्रतिभूति निक्षेप से या उसके किसी भाग से कटौती की गई हों या विक्रय से ली गई हों पूरी करेगाा। प्रतिभूति निक्षेप ऊपर वर्णित दरों पर ठेकेदार के चालू बिलों में से संग्रहित किया जाएगा और यदि धरोहर धन निविदाओं के साथ नकद जमा किया गया हो तो वह प्रतिभूति निक्षेप का भाग समझाा जाएगा।

टिप्पणी 1 – प्रतिभूति के रूप में निविदित्त सरकारी कागज–पत्रों को उनके बाजार मूल्य अथवा उनके अंकित मूल्य में, जो भी कम हो 5 प्रतिशत (पाँच प्रतिशत) कम के रूप में लिया जाएगा। सरकारी कागज–पत्र का बाजार मूल्य मंडल अधिकारी द्वारा ब्याज के संग्रहण के समय अभिनिश्चित किया जाएगा और यदि आवश्यक हो तो ब्याज की रकम सरकारी कागज–पत्र के मूल्य में कमी की सीमा तक रोक ली जाएगी।

टिप्पणी 2 – सरकारी प्रतिभूतियों के अंतर्गत विश्वस्तता बंध–पत्रों को छोड़कर सामान्य वित्तीय नियमों के नियम 274 में वर्णित सभी प्रारूप और प्रतिभूतियां होंगे। ऐसा इस नियम के अधीन प्रतिभूति के प्रत्येक प्रारूप के सामने वर्णित शर्तों के अनुपालन किए जाने के अध्यधीन होगा।

टिप्पणी 3 – उपर्युक्त टिप्पणियां 1 एवं 2 खण्ड 1 तथा खण्ड 1क दोनों पर लागू होंगी।

खण्ड–2

विलंब के लिए प्रतिकर

यदि ठेकेदार खण्ड 5 के निबंधनों के अनुसार कार्यमें अपेक्षित प्रगति रखने अथवा ठेका पूरा करने की तारीख या ठेका पूरा करने की बढ़ाई गई तारीख तक या उससे पहले कार्य पूरा करने और कार्यस्थल की सफाई करने में असमर्थ रहता है तो वह किसी अन्य अधिकार अथवा कानून के तहत उपलब्ध सहायता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना सरकार को नीचे निर्दिष्ट दरों पर आकलित सहमत प्रतिकर की राशि देगा जो अधीक्षण अभियंता (जिसका लिखित निर्णय अन्तिम और बाध्यकारी होगा) खण्ड 5 में निर्दिष्ट प्रगति से नीचे रहने अथवा अपूर्ण शेष कार्य के संबंध में प्रत्येक संपूर्ण दिन/महीना, (जो लागू हो) के लिए कार्य की निविदित्त मूल्य की राशि पर निश्चित करेगा।

यह उन मद या मदों के समूह पर भी लागू होगा जिनके लिए कार्य पूरा करने की अलग अवधि निर्दिष्ट की गई है।

i) कार्य में विलम्ब के लिए प्रतिकर — 1.5 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से विलम्ब प्रति दिन के आधार पर परिकलित किया जाएगा।

परन्तु संविदा की इस शर्त के अन्तर्गत विलंब के लिए भुगताई जाने वाली कुल प्रतिकर राशि कार्य के निविदत्त मूल्य अथवा कार्य की मद या मदों के समूह के, जिनके लिए कार्य समापन अवधि पहले से अलग दी गई हो, निविदा मूल्य के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

प्रतिकर की राशि ठेकेदार को इस अथवा सरकार के साथ किसी भी अन्य ठेके के लिए देय धनराशि से समायोजित अथवा प्रतिपूरित की जा सकती है। यदि ठेकेदार, अनुसूची–च में उल्लिखित लक्ष्य विशेष या खण्ड 5.4 के अनुसार दोबारा अनुसूचित लक्ष्य (लक्ष्यों) को प्राप्त नहीं कर पाता है तो उस लक्ष्य के सामने उल्लिखित राशि को रोक लिया जाएगा और उस राशि का समायोजन, समय का अंतिम विस्तार प्रदान किए जाने पर लगाए गए प्रतिकर के अनुसार समायोजित किया जाना है। लक्ष्य के प्राप्त न होने की स्थिति में इस राशि को, ठेकेदार को कोई नोटिस दिए बिना, स्वतः ही रोक लिया जाएगा। तथापि यदि ठेकेदार, उत्तरवर्ती लक्ष्यों के साथ–साथ

With-holding of this amount on failure to achieve a milestone, shall be automatic without any notice to the contractor. However, if the contractor catches up with the progress of work on the subsequent milestone(s), the withheld amount shall be released. In case the contractor fails to make up for the delay in subsequent milestone(s), amount mentioned against each milestone missed subsequently also shall be withheld. However, no interest, whatsoever, shall be payable on such withheld amount.

CLAUSE 2A

Incentive for early completion

In case, the contractor completes the work ahead of scheduled completion time , a bonus @ 1% (one per cent) of the tendered value per month computed on per day basis, shall be payable to the contractor, subject to a maximum limit of 5% (five per cent) of the tendered value. The amount of bonus, if payable, shall be paid along with final bill after completion of work. Provided always that provision of the Clause 2A shall be applicable only when so provided in 'Schedule F'

CLAUSE 3

When Contract can be Determined

Subject to other provisions contained in this clause, the Engineer-in-Charge may, without prejudice to his any other rights or remedy against the contractor in respect of any delay, inferior workmanship, any claims for damages and/or any other provisions of this contract or otherwise, and whether the date of completion has or has not elapsed, by notice in writing absolutely determine the contract in any of the following cases:

i) If the contractor having been given by the Engineer-in-Charge a notice in writing to rectify, reconstruct or replace any defective work or that the work is being performed in an inefficient or otherwise improper or unworkmanlike manner shall omit to comply with the requirement of such notice for a period of seven days thereafter.

ii) If the contractor being a company shall pass a resolution or the court shall make an order that the company shall be wound up or if a receiver or a manager on behalf of a creditor shall be appointed or if circumstances shall arise which entitle the court or the creditor to appoint a receiver or a manager or which entitle the court to make a winding up order.

iii) If the contractor has, without reasonable cause, suspended the progress of the work or has failed to proceed with the work with due diligence so that in the opinion of the Engineer-in-Charge (which shall be final and binding) he will be unable to secure completion of the work by the date for completion and continues to do so after a notice in writing of seven days from the Engineer-in- Charge.

iv) If the contractor fails to complete the work within the stipulated date or items of work with individual date of completion, if any stipulated, on or before such date(s) of completion and does not complete them within the period specified in a notice given in writing in that behalf by the Engineer-in-Charge.

v) If the contractor persistently neglects to carry out his obligations under the contract and/or commits default in complying with any of the terms and conditions of the contract and does not remedy it or take effective steps to remedy it within 7 days after a notice in writing is given to him in that behalf by the Engineer-in-Charge.

vi) If the contractor commits any acts mentioned in Clause 21 hereof:

vii) If the work is not started by the contractor within 1/8th of the stipulated time.

When the contractor has made himself liable for action under any of the cases aforesaid, the Engineer-in-Charge on behalf of the President of India shall have powers:

पिछले लक्ष्यों की कमी की भरपाई कर देता है तो रोकी गई राशि उन्मोचित कर दी जाएगी। सदि ठेकेदार विलम्ब को उत्तरवर्ती लक्ष्यों में ठीक नहीं कर पाता तो उत्तरवर्ती लक्ष्यों में हुई चूको के लिए भी, प्रत्येक लक्ष्य के सामने उल्लिखित राशि को रोक लिया जाएगा। तथापि, इस प्रकार रोकी गई राशि के लिए किसी प्रकार का कोई ब्याज देय नहीं होगा।

खण्ड 2 क

कार्य जल्दी पूरा करने के लिए प्रोत्साहन

यदि ठेकेदार कार्य को अनुबंधित समापन समय से पहले पूरा कर लेता है तो ठेकेदार को निविदत्त मूल्य के 1 प्रतिशत की दर से प्रतिमाह बोनस देय होगा जो प्रतिदिन के आधार पर परिकलित होगा किन्तू इसकी अधिकतम सीमा निविदत्त मूल्य की 5 प्रतिशत होगी। बोनस की राशि, यदि दैय हो, कार्य के पूरा होने के बाद, का भुगतान अंतिम बिल के साथ किया जाएगा। बशर्ते हमेशा कि खण्ड 2 क का प्रावधान तभी लागू होगा जब 'अनुसूची च' में ऐसा प्रावधान किया हो।

खण्ड 3

जब संविदा रद्द की जा सकती है

इस खण्ड में दिए गए अन्य प्रावधानों के अध्यधीन भारसाधक इंजीनियर, किसी विलंब या घटिया कारीगरी, क्षति के किन्ही दावों और/अथवा इस ठेके के किसी अन्य प्रावधान या अन्यथा और चाहे कार्य पूरा करने की तारीख समाप्त हो गई हो या नहीं, ठेकेदार के विरुद्ध अपने किसी भी अन्य अधिकार या उपचार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना लिखित सूचना द्वारा निम्नलिखित मामलों में से किसी में भी ठेके को पूरे तौर पर अवसान कर सकेगा:–

i) यदि ठेकेदार, भारसाधक इंजीनियर द्वारा उसे यह लिखित सूचना दिए जाने पर कि किसी त्रुटिपूर्ण कार्य को ठीक किया जाए, पुनः सन्निर्मित किया जाए या बदल दिया जाए या यह कि कार्य अकुशल या अन्यथा अनुसूचित या कर्मकौशल रहित रीति में किया जा रहा है, ऐसी सूचना दिए जाने के पश्चात सात दिन की अवधि तक ऐसी सूचनाओं की अपेक्षाओं का अनुपालन नहीं करता है।

ii) यदि ठेकेदार, जो कम्पनी हो, यह संकल्प पारित करता है या न्यायालय यह आदेश करता है कि कम्पनी का परिसमापन किया जाए या यदि किसी लेनदार की ओर से कोई रिसीवर या प्रबंधक नियुक्त किया जाता है या यदि ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं जो न्यायालय या लेनदार को रिसीवर या प्रबंधक नियुक्त करने के लिए हकदार बनाती हैं या जो न्यायालय को परिसमापन आदेश करने का हकदार बनाती हैं।

iii) यदि ठेकेदार बिना किसी तर्कसंगत कारण से कार्य की प्रगति रोक देता है या उचित परिश्रम से कार्य करने में इस सीमा तक विफल रहता है कि भारसाधक इंजीनियर की राय (जो अंतिम और बाध्यकारी होगी) में वह कार्य समाप्ति की तारीख तक कार्य पूरा करने में असफल रहेगा और भारसाधक इंजीनियर द्वारा लिखित नोटिस देने के सात दिन बाद भी उसी स्थिति में रहे।

iv) यदि ठेकेदार अनुबद्ध तारीख के भीतर कार्य पूरा करने में विफल रहता है या कार्य की उन मदों को, जिनकी कार्य समापन की तारीखें, यदि अनुबद्ध हों, अलग–अलग हों, उस तारीख (तारीखों) तक या उससे पहले नहीं करता और भारसाधक इंजीनियर द्वारा उस आशय से दिए गए लिखित नोटिस में निर्धारित तारीख तक पूरा करने में असफल रहता है।

v) यदि ठेकेदार ठेके के अन्तर्गत अपने दायित्वों को लगातार नहीं निभाता और/या ठेके की शर्तों व निबंधनों का अनुपालन करने में त्रुटियां करता है और उसमें सुधार नहीं करता या भारसाधक इंजीनियर द्वारा, दिए गए इस आशय के लिखित नोटिस देने के बाद सात दिन तक उनमें सुधार के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाता।

vi) यदि ठेकेदार इसके खण्ड 21 में उल्लिखित कोई कार्य करता है।

vii) यदि ठेकेदार अनुबंधित समय के 1/8वें समय के भीतर, कार्य आरम्भ नहीं करता है।

जब ठेकेदार ने पूर्वोक्त दशाओं में से किसी एक के अधीन स्वयं पर कार्रवाई किए जाने के दायित्वाधीन कर लिया हो तो भारत के राष्ट्रपति की ओर से भारसाधक इंजीनियर को यह शक्तियां होंगी कि वह:

a) To determine or rescind the contract as aforesaid (of which termination or rescission notice in writing to the contractor under the hand of the Engineer-in-Charge shall be conclusive evidence). Upon such determination or rescission, the Earnest Money Deposit, Security Deposit already recovered and Performance Guarantee under the contract shall be liable to be forfeited and shall be absolutely at the disposal of the Government.

b) After giving notice to the contractor to measure up the work of the contractor and to take such whole, or the balance or part thereof, as shall be un-executed out of his hands and to give it to another contractor to complete the work. The contractor, whose contract is determined or rescinded as above, shall not be allowed to participate in the tendering process for the balance work.

In the event of above courses being adopted by the Engineer-in-Charge, the contractor shall have no claim to compensation for any loss sustained by him by reasons of his having purchased or procured any materials or entered into any engagements or made any advances on account or with a view to the execution of the work or the performance of the contract. And in case action is taken under any of the provision aforesaid, the contractor shall not be entitled to recover or be paid any sum for any work thereof or actually performed under this contract unless and until the Engineer-in-Charge has certified in writing the performance of such work and the value payable in respect thereof and he shall only be entitled to be paid the value so certified.

CLAUSE 3A

In case, the work cannot be started due to reasons not within the control of the contractor within 1/8th of the stipulated time for completion of work, either party may close the contract. In such eventuality, the Earnest Money Deposit and the Performance Guarantee of the contractor shall be refunded, but no payment on account of interest, loss of profit or damages etc. shall be payable at all.

CLAUSE 4

Contractor liable to pay Compensation even if action not taken under Clause 3

ठेकेदार भंडार/सागग्रियों का न्यासी होगा और उक्त भंडार/सामग्रियां कार्यस्थल से किसी भी कारण हटाई/अलग नहीं की जाएंगी और हर समय भारसाधक इंजीनियर या उसके प्राधिकृत एजेंट के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी। शेष बची अप्रयुक्त ऐसे भंडार/सामग्रियों को, वैसी ही अच्छी दशा जैसी वह दी गई थी, भारसाधक इंजीनियर को उनके बताए गए स्थान पर, निर्गत स्थान पर या जैसे वह चाहे किसी निर्दिष्ट स्थान पर लौटाई जाएंगी। लेकिन यदि ऐसे भंडार/सामग्रियों को वापस न लेने का फैसला किया जाता है तो पहले दिए गए ऐसे भंडार/सामग्रियों के बारे में जो उसके द्वारा प्रयुक्त न किया जा रहा हो, या ऐसी किसी सामान की छीजन या क्षति के लिए किसी भी कारण ठेकेदार प्रतिकर का दावा नहीं करेगा।

भंडार/सामग्रियां वापस मांगे जाने पर भारसाधक इंजीनियर द्वारा भंडार/सामग्रियों की दशा को देखते हुए निश्चित किए गए उनके मूल्य की अदायगी पर ठेकेदार भंडार/सामग्रियां सौंप देगा। किन्तु ठेकेदार को दिया जाने वाला मूल्य प्रचलित बाजार दर पर और भंडारण प्रभार को, यदि हों, छोड़कर उससे वसूल की गई राशि से अधिक नहीं होगा। भारसाधक इंजीनियर का निर्णय अंतिम और निर्णायक होगा। पूर्वोक्त शर्त के भंग होने की स्थिति में ठेकेदार, लाइसेंस या परमिट के निबंधनों को तोडने के लिए और/या आपराधिक विश्वास भंग के लिए कारण बताने/जवाबदेह होने के अतिरिक्त सभी लाभों या होने वाले फायदों या सामान्य स्थिति में ऐसी शर्त भंग होने पर जो उसे प्राप्त होते, उनके लिए सरकार के प्रति उत्तरदायी होगा और यह भी कि सभी या ऐसी कोई भी सामग्री या भंडार की आपूर्ति या अनापूर्ति में किसी भी विलंब के कारण ठेकेदार किसी भी प्रतिकर या क्षतिपूर्ति का दावेदार नहीं होगा। आगे यह भी कि यदि कार्य पूरा करने का समय 12 माह से अधिक हो तो सरकार द्वारा कार्य पूरा करनें के लिए पूर्व निर्धारित समय में इस समय का 50 प्रतिशत समय जोड़कर या निर्धारित समय में 6 माह का समय जोड़कर, जो भी अधिक हो, इस समय के भीतर सामग्रियों की आपूर्ति कर दी जाती है तो ठेकेदार सम्पूर्ण कार्य निष्पादित करने के लिए बाध्य होगा। लेकिन यदि पूर्वोक्त अवधि में सामग्रियों के केवल कुछ भाग की ही आपूर्ति की गई हो तो, पूर्वोक्त अवधि में दी गई सामग्रियों और भंडार से जितना कार्य करना संभव हो उतना कार्य करने के लिए ठेकेदार बाध्य होगा। शेष कार्य को पूरा करने के लिए ठेकेदार भारसाधक इंजीनियर के निर्णय के अनुसार समयावधि में वृद्धि का हकदार होगा और इस संबंध में भारसाधक इंजीनियर का निर्णय ठेकेदार के लिए बाध्यकारी होगा।

ठेकेदार इस बात का ध्यान रखेगा कि सामग्रियों की केवल अपेक्षित मात्राएं ही निर्गत कराई जाएं। कोई भी ऐसी सामग्री जो अप्रयुक्त रह जाए और ठेका समापन या अवसान के समय पूरी, अच्छी और मूलभूत हालत में हो उसे भंडार, जहां से उसे निर्गत किया गया था, या लिखित नोटिस में निर्दिष्ट स्थान पर भारसाधक इंजीनियर को वापिस लौटा दिया जाएगा। मूलभूत निर्गत स्थान से आगे अतिरिक्त दूरी को, यदि सन्निहित हो, छोड़कर ऐसी अप्रयुक्त सामग्रियों की लदाई, परिवहन, उतराई और चट्टे लगाने के लिए हकदार नहीं होगा।

खण्ड 10 क

ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सामग्रियां

सरकार द्वारा प्रदाय करने के लिए निश्चित की गई सामग्रियों को छोड़कर कार्य के लिए आवश्यक सभी सामग्रियां ठेकेदार अपने खर्चे पर उपलब्ध कराएगा।

ठेकेदार अपने खर्चे पर कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्रियों के नमूने अविलंब भारसाधक इंजीनियर को भेजेगा और इन्हें पहले अनुमोदित कराएगा। ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली ये सभी सामग्रियां ठेके में दिए गए या उल्लिखित विनिर्देशों के अनुरूप होंगी। यदि भारसाधक इंजीनियर चाहे तो ठेकेदार भारसाधक इंजीनियर की संतुष्टि के अनुरूप, सामग्रियों के विनिर्देशों के अनुरूप होने का प्रमाण देगा। नमूने भेजने के तीस दिन या आगे की ऐसी अवधि जिसमें वह चाहे, के भीतर भारसाधक इंजीनियर लिखित रूप में ठेकेदार को सूचित करेगा कि नमूने अनुमोदित कर दिए गए हैं या नहीं? यदि नमूने अनुमोदित नहीं किए जाते हैं तो ठेकेदार तत्काल ठेके में दिए गए विनिर्देशों के अनरूप नए नमूने भारसाधक इंजीनियर को अनुमोदन के लिए भेजने की व्यवस्था करेगा। जब सामग्रियों का परीक्षण विनिर्देशों के अनुरूप किया जाना हो तब परीक्षण परिणाम प्राप्त होने के बाद भारसाधक इंजीनियर का अनुमोदन जारी किया जाएगा।

The Contractor shall at his risk and cost submit the samples of materials to be tested or analysed and shall not make use of or incorporate in the work any materials represented by the samples until the required tests or analysis have been made and materials finally accepted by the Engineer-in-Charge. The Contractor shall not be eligible for any claim or compensation either arising out of any delay in the work or due to any corrective measures required to be taken on account of and as a result of testing of materials.

The contractor shall, at his risk and cost, make all arrangements and shall provide all facilities as the Engineer-in-Charge may require for collecting, and preparing the required number of samples for such tests at such time and to such place or places as may be directed by the Engineer-in-Charge and bear all charges and cost of testing unless specifically provided for otherwise elsewhere in the contract or specifications. The Engineer-in-Charge or his authorised representative shall at all times have access to the works and to all workshops and places where work is being prepared or from where materials, manufactured articles or machinery are being obtained for the works and the contractor shall afford every facility and every assistance in obtaining the right to such access.

The Engineer-in-Charge shall have full powers to require the removal from the premises of all materials which in his opinion are not in accordance with the specifications and in case of default, the Engineer-in-Charge shall be at liberty to employ at the expense of the contractor, other persons to remove the same without being answerable or accountable for any loss or damage that may happen or arise to such materials. The Engineer-in-Charge shall also have full powers to require other proper materials to be substituted thereof and in case of default, the Engineer-in-Charge may cause the same to be supplied and all costs which may attend such removal and substitution shall be borne by the Contractor.

CLAUSE 10 B

Secured Advance on Non-perishable Materials

i) The contractor, on signing an indenture in the form to be specified by the Engineer-in-Charge, shall be entitled to be paid during the progress of the execution of the work upto 75% of the assessed value of any materials which are in the opinion of the Engineer-in- Charge nonperishable, non-fragile and noncombustible and are in accordance with the contract and which have been brought on the site in connection therewith and are adequately stored and/or protected against damage by weather or other causes but which have not at the time of advance been incorporated in the works. When materials on account of which an advance has been made under this sub-clause are incorporated in the work, the amount of such advance shall be recovered/deducted from the next payment made under any of the clause or clauses of this contract.

Such secured advance shall also be payable on other items of perishable nature, fragile and combustible with the approval of the Engineer-in-Charge provided the contractor provides a comprehensive insurance cover for the full cost of such materials. The decision of the Engineer-in-Charge shall be final and binding on the contractor in this matter. No secured advance, shall however, be paid on high-risk materials such as ordinary glass, sand, petrol, diesel etc.

Mobilisation Advance

ii) Mobilization advance not exceeding 10% of the tendered value may be given, if requested by the contractor in writing within one month of the order to commence the work. In such a case, the contractor shall execute a Bank Guarantee Bond from a Scheduled Nationalised Bank as specified by the Engineer- in-Charge for the full amount of such advance is released. Such advance shall be in two or more installments to be determined by the Engineer-in-Charge at his absolute discretion. The first instalment of such advance shall be released by the Engineer-in-charge to the contractor on a request made by the contractor to the Engineer-in-Charge in this behalf. The second and subsequent installments shall be released by the Engineer-in- Charge

परीक्षण या विश्लेषण किए जाने वाली सामग्रियों के नमूने ठेकेदार अपने जोखिम और लागत पर प्रस्तुत करेगा और किसी भी सामग्री का, जिसका नमूना भेजा गया हो, प्रयोग या कार्य में शामिल तब तक नहीं करेगा जब तक अपेक्षित परीक्षण या विश्लेषण न कर लिया गया हो और भारसाधक इंजीनियर द्वारा उसे अंतिम रूप से स्वीकार न कर लिया गया हो। सामग्रियों के परीक्षण के कारण और उसके परिणास्वरूप कार्य में किसी विलंब या किए जाने वाले अपेक्षित किसी सुधारात्मक उपाय के लिए ठेकेदार किसी दावे या प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

ऐसे परीक्षण, यथा–स्थान और यथा–समय या भारसाधक इंजीनियर द्वारा यथा निर्दिष्ट स्थान पर आवश्यक संख्या में नमूने एकत्रित करके व तैयार करने के लिए भारसाधक इंजीनियर द्वारा अपेक्षित सभी सुविधाओं की व्यवस्था ठेकेदार अपने जोखिम और लागत पर करेगा और परीक्षण के सभी प्रभार और सभी लागत वहन करेगा! यदि ठेका या विनिर्देशों में कहीं भी विशेष तौर पर अन्यथा उल्लेख न हो, भारसाधक इंजीनियर या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि को अधिकार होगा कि वह कर्मशालाओं, सभी वर्कशापों और ऐसे स्थानों को, जहां कार्य तैयार किया जा रहा हो या जहां से कार्य के लिए सामग्रियों की निर्मित मदें या मशीनरी प्राप्त की जाती हैं, देख सकता है और ठेकेदार इस सम्बन्ध में हर सुविधा और सहायता उपलब्ध कराएगा।

भारसाधक इंजीनियर को पूरा अधिकार होगा कि वह उन सामग्रियों को जो उसकी राय में विनिर्देशों के अनुरूप नहीं हैं, कार्यस्थल से हटवा सकता है और यदि ऐसा नहीं होता तो भारसाधक इंजीनियर ठेकेदार के खर्चे पर किसी अन्य व्यक्ति को इन्हें हटाने के लिए नियोजित कर सकता है और ऐसी सामग्रियों को यदि कोई हानि या क्षति होती है या होगी उसके लिए भारसाधक इंजीनियर जिम्मेदार नहीं होगा। भारसाधक इंजीनियर को उनके स्थान पर अन्य समुचित सामग्री प्रतिस्थापित कराने का पूरा अधिकार भी होगा और ऐसा न करने पर भारसाधक इंजीनियर स्वयं उसकी आपूर्ति करवा सकता है और सामग्री हटाने और प्रतिस्थापित करने की सभी लागतें ठेकेदार द्वारा वहन की जाएंगी।

खण्ड 10 ख

अनश्वर सामग्रियों पर प्रतिभूत अग्रिम

i) ठेकेदार, भारसाधक इंजीनियर द्वारा निर्दिष्ट फार्म में मांगपत्र पर हस्ताक्षर करके कार्य की प्रगति के दौरान किन्हीं भी सामग्रियों के, जो भारसाधक इंजीनियर की राय में अनश्वर, मजबूत और अप्रज्वलनशील और ठेके के अनुरूप हों, और जो कार्यस्थल पर उसी निमित्त लाई गई हों और समुचित रूप से भंडारण और मौसम या अन्य कारणों से होने वाले नुकसान से सुरक्षित हों लेकिन जिन्हें अग्रिम के समय कार्य में शामिल न किया गया हो, प्राक्कलित मूल्य का 75 प्रतिशत तक भुगतान पाने का हकदार होगा। इस उपखण्ड के तहत जिन सामग्रियों के लिए अग्रिम दिया गया हो, उन्हें जब कार्य में शामिल कर लिया गया हो तो ऐसे अग्रिम की राशि इस ठेके के किसी भी खण्ड या खण्डों के तहत किए गए अगले भुगतान से वसूल/काट ली जाएगी।

ऐसा प्रतिभूत अग्रिम भारसाधक इंजीनियर के अनुमोदन से अन्य नाशवान प्रकृति, कमजोर और प्रज्वलनशील मदों के लिए भी दिया जा सकेगा बशर्ते ठेकेदार ऐसी सामग्रियों की पूरी लागत के लिए व्यापक बीमा सुरक्षा दे। इस मामले में भारसाधक इंजीनियर का निर्णय ठेकेदार के लिए अंतिम और बाध्यकारी होगा। फिर भी, अत्यंत जोखिम वाली सामग्रियों जैसे साधारण काँच, रेत, पेट्रोल, डीजल आदि के लिए कोई प्रतिभूत अग्रिम नहीं दिया जाएगा।

गतिशीलता अग्रिम

ii) कार्य शुरू करने के आदेश के एक माह के भीतर यदि ठेकेदार लिखित अनुरोध करे तो निविदत मूल्य का 10 प्रतिशत गतिशीलता अग्रिम दिया जा सकता है। ऐसे मामले में ठेकेदार, दिए जाने वाले ऐसे अग्रिम की पूरी राशि के लिए भारसाधक इंजीनियर द्वारा निर्दिष्ट अनुसार अनुसूचित राष्ट्रीयकृत बैंक की बैंक गारंटी बंधपत्र निष्पादित करेगा। ऐसा अग्रिम दो या अधिक किश्तों में होगा जिनका निर्धारण पूरी तरह भारसाधक इंजीनियर करेगा। ऐसे अग्रिम की पहली किश्त, भारसाधक इंजीनियर द्वारा ठेकेदार को उसके द्वारा भारसाधक इंजीनियर को इस संबंध में किए गए अनुरोध पर, जारी की जाएगी, दूसरी और बाद की

only after the contractor furnishes a proof of the satisfactory utilisation of the earlier instalment to the entire satisfaction of the Engineer-in-Charge.

Mobilisation advance shall be admissible only for works where estimated cost put to tender is rupees two crores & above.

Plant Machinery & Shuttering Material Advance

iii) An advance for plant, machinery & shuttering material required for the work and brought to site by the Contractor may be given if requested by the contractor in writing within one month of bringing such plant and machinery to site. Such advance shall be given on such plant and machinery, which in the opinion of the Engineer-in-Charge will add to the expeditious execution of work and improve the quality of work. The amount of advance shall be restricted to 5% percent of the tender value. In the case of new plant and equipment to be purchased for the work, the advance shall be restricted to 90% of the price of such new plant and equipment paid by the contractor for which the contractor shall produce evidence satisfactory to the Engineer-in-Charge. In the case of second hand and used plants and equipment, the amount of such advance shall be limited to 50% of the depreciated value of plant and equipment as may be decided by the Engineer-in-Charge. The contractor shall, if so required by the Engineer-in-Charge, submit the statement of value of such old plant and equipment duly approved by a Registered Valuer recognised by the Central Board of Direct Taxes under the Income-Tax Act, 1961. No such advance shall be paid on any plant and equipment of perishable nature and on any plant and equipment of a value less than Rs. 50,000/- Seventy five per cent of such amount of advance shall be paid after the plant & equipment is brought to site and balance twenty five percent on successfully commissioning the same.

Leasing of equipment shall be considered at par with purchase of equipment and shall be covered by tripartite agreement with the following:

1. Leasing company which gives certificate of agreeing to lease equipment to the contractor.
2. Engineer in Charge, and
3. The contractor.

This advance shall further be subject to the condition that such plant and equipment (a) are considered by the Engineer-in-Charge to be necessary for the works; (b) and are in and are maintained in working order; (c) hypothecated to the Government as specified by the Engineer-in-Charge before the payment of advance is released. The contractor shall not be permitted to remove from the site such hypothecated plant and equipment without the prior written permission of the Engineer-in-Charge. The contractor shall be responsible for maintaining such plant and equipment in good working order during the entire period of hypothecation failing which such advance shall be entirely recovered in lump sum. For this purpose, steel scaffolding and form work shall be treated as plant and equipment.

The contractor shall insure the Plant and Machinery for which mobilisation advance is sought and given, for a sum sufficient to provide for their replacement at site. Any amounts not recovered from the insurer will be borne by the contractor.

Interest & Recovery

iv) The mobilization advance and plant and machinery advance in (ii)& (iii) above bear simple interest at the rate of 10 per cent per annum and shall be calculated from the date of payment to the date of recovery, both days inclusive, on the outstanding amount of advance. Recovery of such sums advanced shall be made by the deduction from the contractor's bills commencing after first ten per cent of the gross value of the work is executed and paid, on pro-rata percentage basis to the gross value of the work billed beyond 10% in such a way that the entire advance is recovered by the time eighty per cent of the gross value of the contract is executed and paid, together with interest due

किश्तें भारसाधक इंजीनियर तभी जारी करेगा जब ठेकेदार भारसाधक इंजीनियर की संतुष्टि के अनुसार इस बात का प्रमाण दे दे कि पूर्ववर्ती किश्त का उसने संतोषजनक उपयोग कर लिया है।

गतिशीलता अग्रिम केवल ऐसे कार्यों के लिए दिया जाएगा जहां निविदा में दी गई अनुमानित लागत दो करोड़ रुपए और इससे अधिक हो।

संयंत्र और मशीनरी तथा तख्ताबंदी सामग्री अग्रिम

iii) ठेकेदार द्वारा कार्य स्थल पर लाई गई कार्य के लिए अपेक्षित संयंत्र, मशीनरी व तख्ताबंदी के लिए एक माह के भीतर लिखित अनुरोध करने पर उसे संयंत्र और मशीनरी के लिए अग्रिम दिया जा सकता है। ऐसा अग्रिम ऐसे संयंत्र और मशीनरी के लिए दिया जाएगा जो भारसाधक इंजीनियर की राय में कार्य में तेजी लाए और कार्य की गुणता में सुधार लाए। अग्रिम की राशि निविदत मूल्य के 5 प्रतिशत तक सीमित होगी। कार्य के लिए खरीदे गए नए संयंत्र और उपस्कर के मामले में ठेकेदार द्वारा भुगतान की गई ऐसे संयंत्र और उपस्कर की कीमत का 90 प्रतिशत तक अग्रिम दिया जाएगा और ठेकेदार इस संबंध में भारसाधक इंजीनियर को संजोषजनक प्रमाण देगा। पुराने और प्रयुक्त संयंत्र व उपस्कर के मामले में संयंत्र और उपस्कर के ह्रासित मूल्य के, जिसका विनिश्चय भारसाधक इंजीनियर करेगा, 50 प्रतिशत तक सीमित होगा। भारसाधक इंजीनियर चाहें तो ठेकेदार आयकर अधिनियम 1961 के तहत केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त पंजीकृत मूल्यांकक से ऐसे पुराने संयंत्र और उपस्कर के मूल्य का विवरण अनुमोदित कराकर प्रस्तुत करेगा। नश्वर प्रकृति के किसी भी संयंत्र और उपकरण और रु. 50,000/– मूल्य से कम के किसी भी संयंत्र व उपकरण के लिए कोई ऐसा अग्रिम नहीं दिया जाएगा। ऐसे अग्रिम का 75 प्रतिशत भुगतान संयंत्र व उपस्कर को कार्यस्थल पर लाए जाने के बाद किया जाएगा और शेष 25 प्रतिशत का भुगतान उसके सफलतापूर्वक चालू होने के बाद किया जाएगा।

उपस्करों की लीजिंग को उपस्कर की खरीद के समकक्ष माना जाएगा तथा इसे निम्नलिखित के साथ त्रिपक्षीय समझौते में कवर किया जाएगा:

1. लीजिंग कम्पनी, जो ठेकेदार को उपस्कर पट्टे पर देने की सहमति का प्रमाणपत्र देती है।
2. भरसाधक अभियंता
3. ठेकेदार

आगे, यह अग्रिम इन शर्तों के अधीन होगा कि ऐसे संयत्र और उपस्कर (क) भारसाधक इंजीनियर द्वारा कार्यों के लिए आवश्यक समझे जाएं (ख) और चालू हालत में हों और उन्हें चालू हालत में रखा जाए; (ग) अग्रिम का भुगतान जारी करने से पहले भारसाधक इंजीनियर द्वारा निर्दिष्ट अनुसार सरकार के पास वे बंधक रखे जाएं। भारसाधक इंजीनियर की लिखित अनुमति के बिना ठेकेदार इस प्रकार बंधक रखे गए संयंत्र व उपस्कर को कार्यस्थल से नहीं हटाएगा। ठेकेदार का यह दायित्व होगा कि वह ऐसे संयंत्र व उपस्कर को पूरी बंधक अवधि के दौरान अच्छी व चालू हालत में रखेगा। ऐसा न करने पर अग्रिम की पूरी राशि एकमुश्त वसूल की जाएगी। इस्पात की पाड़बन्दी और साँचा कार्य को इस प्रयोजन के लिए संयंत्र और उपस्कर माना जाएगा।

ठेकेदार संयंत्र और मशीनरी का, जिनके लिए गतिशीलता अग्रिम मांगा जाता है और दिया जाता है, पर्याप्त राशि का बीमा कराएगा, जिससे कार्यस्थल पर उन्हें प्रतिस्थापित किया जा सके। कोई भी धनराशि जो बीमा के अर्न्तगत नहीं होगी, उसे ठेकेदार वहन करेगा।

ब्याज और वसूली

iv) उपर्युक्त ii) व iii) में गतिशीलता अग्रिम व संयंत्र और मशीनरी अग्रिम की बकाया राशि पर प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की दर से साधारण ब्याज लगेगा और इसकी गणना भुगतान की तारीख से लेकर वसूली की तारीख तक की जाएगी जिसमें दोनों दिन सम्मिलित होंगे। ऐसे अग्रिमों की राशि की वसूली, कार्य के कुल मूल्य के पहले 10 प्रतिशत के बराबर कार्य निष्पादन और भुगतान कर लिए जाने के बाद, ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत 10 प्रतिशत से अधिक के कार्य के कुल मूल्य के बिलों से आनुपातिक प्रतिशतता के आधार पर कटौती ऐसे की जाएगी कि ठेके के कुल मूल्य का 80 प्रतिशत निष्पादित होने और भुगताए जाने के

on the entire outstanding amount upto the date of recovery of the instalment.

v) If the circumstances are considered reasonable by the Engineer-in-Charge, the period mentioned in (ii) and (iii) for request by the contractor in writing for grant of mobilization advance and plant and equipment advance may be extended in the discretion of the Engineer-in-Charge.

vi) The said bank guarantee for advances shall initially be made for the full amount and valid for the contract period, and be kept renewed from time to time to cover the balance amount and likely period of complete recovery together with interest.

CLAUSE 10 C

Payment on Account of Increase in Prices/Wages due to Statutory Order(s)

If after submission of the tender, the price of any material incorporated in the works (not being a material supplied from the Engineer-in-Charge's stores in accordance with Clause 10 thereof) and/or wages of labour increases as a direct result of the coming into force of any fresh law, or statutory rule or order (but not due to any changes in sales tax) and such increase in the price and/or wages prevailing at the time of the last stipulated date for receipt of the tenders including extensions if any for the work, and the contractor thereupon necessarily and properly pays in respect of that material (incorporated in the works) such increased price and/or in respect of labour engaged on the execution of the work such increased wages, then the amount of the contract shall accordingly be varied and provided further that any such increase shall not be payable if such increase has become operative after the stipulated date of completion of the work in question.

If after submission of the tender, the price of any material incorporated in the works (not being a material supplied from the Engineer-in-Charge's stores in accordance with Clause 10 thereof) and/or wages of labour is decreased as a direct result of the coming into force of any fresh law or statutory rules or order (but not due to any changes in sales tax) and such decrease in the prices and/or wages prevailing at the time of receipt of the tender for the work. Government shall in respect of materials incorporated in the works (not being materials supplied from the Engineer-in-Charge's stores in accordance with Clause-10 hereof) and/or labour engaged on the execution of the work after the date of coming into force of such law statutory rule or order be entitled to deduct from the dues of the contractor, such amount as shall be equivalent to the difference between the prices of the materials and/or wages as prevailed at the time of the last stipulated date for receipt of tenders including extensions if any for the work and the prices of materials and/or wages of labour on the coming into force of such law, statutory rule or order.

The contractor shall, for the purpose of this condition, keep such books of account and other documents as are necessary to show the amount of any increase claimed or reduction available and shall allow inspection of the same by a duly authorised representative of the Government, and further shall, at the request of the Engineer-in-Charge may require any documents so kept and such other information as the Engineer-in-Charge may require.

The contractor shall, within a reasonable time of his becoming aware of any alteration in the price of any such materials and/or wages of labour, give notice thereof to the Engineer-in-Charge stating that the same is given pursuant to this condition together with all information relating thereto which he may be in position to supply.

CLAUSE 10 CA

Payment due to Increase/decrease in prices of Cement and steel reinforcement bars after receipt of tender

If after submission of the tender, the price of cement and/or steel reinforcement bars incorporated in the works (not being a material supplied from the Engineer-in-Charge's stores in accordance with Clause 10 thereof) increase(s) beyond the price(s) prevailing at the time of the last stipulated date for receipt of tenders (including extensions, if any) for the work, then the amount of the contract shall accordingly be varied and provided further that any such increase shall not be payable if such increase has become operative after the stipulated date of completion of work in question.

समय तक अग्रिम की पूरी राशि, पूरी बकाया राशि पर किश्त की वसूली की तारीख तक के ब्याज सहित, वसूल हो जाए।

v) भारसाधक इंजीनियर परिस्थितियों का ओचित्य देख कर गतिशीलता अग्रिम और संयंत्र व उपस्कर अग्रिम के लिखित अनुरोध के लिए ii) व iii) में उल्लिखित अवधि अपने विवेकानुसार बढ़ा सकता है।

vi) अग्रिमों के लिए उक्त बैंक गारंटी प्रारंभ में पूरी राशि के लिए और पूरे ठेका अवधि के लिए मान्य होगी और बकाया राशि के लिए और ब्याज सहित पूरी वसूली की संभावित अवधि के लिए इसका समय–समय पर नवीकरण किया जाता रहेगा।

खण्ड–10 ग

सांविधिक आदेशों के कारण मूल्य/मजदूरी में वृद्धि के कारण भुगतान

यदि निविदा प्रस्तुत करने के बाद कार्यों में समाविष्ट किसी सामग्री के (जो उसके खण्ड 10 के अनुसार भारसाधक इंजीनियर के भण्डार में से प्रदाय की गई सामग्री नहीं है) मूल्य में और या श्रमिकों की मजदूरी में किसी नई विधि या कानूनी नियम या आदेश के प्रवृत्त हो जाने के प्रत्यक्ष परिणामस्वरूप (किन्तु विक्रय कर में किसी तबदीली के कारण नहीं) वृद्धि हो जाती है और ऐसी वृद्धि कार्य के लिए निविदा प्राप्त करने के लिए अंतिम निर्धारित तारीख के समय विद्यमान मूल्य और/या मजदूरी में हो और तदुपरि, ठेकेदार (कार्य में समाविष्ट) उस सामग्री की बाबत आवश्यक एवं उचित रूप से ऐसी बढ़ी हुई मजूरी संदत्त करता है तो ठेके की रकम में तदनुसार परिवर्तन कर दिया जाएगा, बशर्ते कि ऐसी कोई वृद्धि देय नहीं होगी जो संबंधित कार्य की अनुबंधित समापन तारीख के बाद प्रचालित हुई हो।

यदि निविदा प्रस्तुत करने के बाद, कार्य में समाविष्ट किसी सामग्री के (जो उसके खण्ड 10 के अनुसार भारसाधक इंजीनियर के भण्डार से प्रदाय की गई सामग्री नहीं है) मूल्य और/या श्रमिकों की मजदूरी किसी नई विधि सांविधिक नियम या आदेश के प्रवृत्त हो जाने के प्रत्यक्ष परिणामस्वरूप (किन्तु विक्रय कर में तबदीलियों के कारण नहीं) कम हो गई है और ऐसी कमी कार्य के लिए निविदा प्राप्त करने के समय विद्यमान मूल्यों और/या मजदूरियों में है तो सरकार कार्य में समाविष्ट सामग्रियों (जो इसमें खण्ड 10 के अनुसार भारसाधक इंजीनियर के भण्डार से प्रदाय की गई सामग्री नहीं होगी) और/या कार्य के निष्पादन में ऐसी विधि, सांविधिक नियम या आदेश के प्रवृत्त होने की तारीख के पश्चात से, नियोजित श्रमिकों की बाबत ठेकेदार को देय रकमों में से ऐसी रकम काटने की हकदार होगी जो कार्य के लिए समय वृद्धि, यदि हो, सहित निविदा प्राप्त करने की अंतिम निर्धारित तारीख के समय विद्यमान सामग्री के मूल्य और/या मजदूरी ऐसी विधि, सांविधिक नियम या आदेश के प्रवृत्त हो जाने पर सामग्रियों के मूल्य और/या श्रमिकों की मजदूरी के बीच अन्तर के बराबर होगी।

ठेकेदार इस शर्त के प्रयोजन के लिए ऐसी लेखा बहियाँ और अन्य दस्तावेज रखेगा जो दावाकृत किसी वृद्धि या उपलब्ध कमी की रकम दिखाने के लिए आवश्यक हों और सरकार के सम्यक्तः प्राधिकृत अभिकर्त्ता को उसका निरीक्षण करने देगा और इसके अतिरिक्त भारसाधक इंजीनियर के निवेदन पर इस प्रकार रखे गए कोई दस्तावेज और ऐसी अन्य जानकारी देगा, जैसी भारसाधक इंजीनियर अपेक्षित करे।

ठेकेदार किसी ऐसी सामग्री के मूल्य और/या श्रमिक मजदूरी में किसी परिवर्तन के पता लगने के युक्तियुक्त समय के भीतर भारसाधक इंजीनियर को यह लिखते हुए नोटिस देगा कि वह उससे सम्बद्ध समस्त जानकारी जो वह देने की स्थिति में है, इस शर्त के अनुसरण में दे रहा है।

खण्ड 10 ग क

निविदा प्राप्त होने के बाद सीमेंट तथा इस्पात प्रबलन सरियों के मूल्यों में वृद्धि / कमी के कारण भुगतान

यदि निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात कार्यों में समाविष्ट सीमेंट और/या इस्पात प्रबलन सरियों के (जो उसके खड 10 के अनुसार भारसाधक अभियन्ता के भंडार में से प्रदाय की गई सामग्री नहीं है) मूल्यों में निविदा प्राप्त करने के लिए निर्धारित तारीख के समय (बढ़ाए गए समय सहित, यदि हो) विद्यमान मूल्यों में कार्य के लिए ऐसी वृद्धि हो जाती है, तो तदनुसार संविदा की राशि को परिवर्तित कर दिया जाएगा, परन्तु यह कि ऐसी वृद्धि संदेय नहीं होगी यदि यह वृद्धि प्रसंगाधीन कार्य के समापन की निर्धारित तिथि के पश्चात प्रभाव में आई हो।

If after submission of the tender, the prices of cement and/or steel reinforcement bars incorporated in the works (not being a material stupulated from the Engineers-in-Charge's stores in accordance with the Clause 10 thereof) is decreased, Government shall in respect of these materials incorporated in the works (not being materials supplied from the Engineer-in-Charge's stores in accordance with Clause 10 thereof) be entitled to deduct from the dues of the contractor such amount as shall be equivalent to the difference between the prices of Cement and/or Steel reinforcement bars as prevailed at the time of last stipulated date for receipt of tenders including extensions if any for the work and the prices of these materials on the coming into force of such base price of cement and/or steel reinforcement bars issued under authority of Director General (Works) CPWD.

The increase/decrease in prices shall be determined by the All India Wholesale Price Indices for Cement and Steel (bars and rods) as published by Economic Advisor to Government of India, Ministry of Commerece and Industry and base price for cement and/or steel reinforcement bars as issued under authority of Director General (Works), CPWD as valid on the last stipulated date of receipt of tender, including extension if any and for the period under consideration.

The amount of the contract shall accordingly be varied for cement and/or steelreinforcement bars and will be worked out as per the formula given below:-

a) Adjustment for component of **'Cement'**

$$Vc = Pc \times Qc \times \frac{CI - CI_0}{CI_0}$$

where,

Vc = Variation in cement cost i.e. increase or decrease in the amount in rupees to be paid or recovered.

Pc = Base Price of cement as issued under authority of DG(W), CPWD valid at the time of the last stipulated date of receipt of tender including extensions, if any.

Qc = Quantity of cement used in the works since previous bill.

CI_0 = All India Wholesale Price Index for cement as published by the Economic Advisor to Government of India, Ministry of Industry and Commerce as valid on the last stipulated date of receipt of tenders including extensions, if any.

CI = All India Wholesale Price Index for cement for period under consideration as published by Economic advisor to Government of India, Ministry of Industry and Commerce.

b) Adjustment for component of **'Steel'**

$$Vs = Ps \times Qs \times \frac{SI - SI_0}{SI_0}$$

where,

Vs = Variation in cost of steel reinforcement bars i.e. increase or decrease in the amount in rupees to be paid or recovered.

Ps = Base Price of steel reinforcement bars, as issued under authority of DG(W), CPWD at the time of the last stipulated date of receipt of tender including extensions, if any.

यदि निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात कार्यों में समाविष्ट सीमेंट और / या इस्पात प्रबलन सरियों के (जो उसके खंड 10 के अनुसार भारसाधक अभियन्ता के भंडार में से प्रदाय की गई सामग्री नहीं है) मूल्यों में कमी हो जाती है तो सरकार कार्यों में समाविष्ट इन सामग्रियों के बारे में (जो उसके खंड 10 के अनुसार भारसाधक अभियन्ता के भंडार में से प्रदाय की गई सामग्री नहीं है) ठेकेदार को देय रकमों में से ऐसी रकम काटने की हकदार होगी जो कार्य के लिए समय वृद्धि, यदि कोई हो, सहित निविदा प्राप्त करने की अंतिम तारीख के समय सीमेंट और/या इस्पात प्रबलन सरियों के विद्यमान मूल्यों और निर्माण महानिदेशक के प्राधिकार से जारी सीमेंट और/या इस्पात के आधार मूल्य के प्रवृत्त हो जाने पर समग्रियों के मूल्य के बीच के अंतर के बराबर होगी।

सीमेंट और इस्पात (सरिये तथा छड़ें) के संबन्ध में मूल्यों में वृद्धि/कमी का निर्धारण अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक जैसा कि भारत सरकार के उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार द्वारा प्रकाशित किया गया हो और जैसा कि निविदाओं को प्राप्त किए जाने की अंतिम निर्धारित तारीख पर समय वृद्धि सहित, यदि कोई हो, यथा मान्य विचाराधीन अवधि के लिए निर्माण महानिदेशक, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के प्राधिकार से सीमेंट और/ या इस्पात प्रबलन सरियों के लिए यथा आधार मूल्य जारी किया गया हो पर होगा।

सीमेंट और/ या इस्पात प्रबलन सरियों के संबन्ध में संविदा की रकम में घट–बढ होगी और गणना नीचे दिए गए फार्मूले के अनुसार की जाएगी:

क) **सीमेंट** के घटक का समायोजन

$$\text{वी.सी.} = \text{पी सी} \times \text{क्यू सी} \times \frac{\text{सी आई} - \text{सी आई}_0}{\text{सी आई}_0}$$

जहां,

वी सी = सीमेंट की लागत में घट–बढ़ अर्थात दी जाने वाली या वसूल की जाने वाली रकम के रुपयों में वृद्धि या कमी।

पी सी = निर्माण महानिदेशक, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के प्राधिकार से जारी सीमेंट का आधार मूल्य जो निविदा के प्राप्त होने की अंतिम निर्धारित तारीख पर समय वृद्धि सहित, यदि कोई हो।

क्यूसी = पिछले बिल के पश्चात कार्यों में प्रयुक्त सीमेंट की मात्रा।

सी आई$_0$ = सीमेंट का अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक जैसा कि भारत सरकार के उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार द्वारा प्रकाशित किया गया हो और जैसा कि निविदाओं को प्राप्त किए जाने की अंतिम निर्धारित तारीख पर, समय वृद्धि सहित, यदि हो, विधिमान्य हो।

सी आई = गणना अवधि के लिए सीमेंट का अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक जैसा कि, भारत सरकार, उद्योग तथा वाणिज्य मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार द्वारा विचाराधीन अवधि के लिए प्रकाशित किया गया हो।

ख) **इस्पात** के घटक का समायोजन

$$\text{वी एस} = \text{पी एस} \times \text{क्यू एस} \times \frac{\text{एस आई} - \text{एस आई}_0}{\text{एस आई}_0}$$

जहां,

वी एस = इस्पात की लागत में घट–बढ़ अर्थात दी जाने वाली या वसूल की जाने वाली रकम के रुपयों में वृद्धि या कमी।

पी एस = निविदा को प्राप्त किए जाने की अंतिम निर्धारित तारीख पर समय वृद्धि सहित, यदि विधिमान्य हो तो निर्माण महानिदेशक, के. लो. नि. वि. के प्राधिकार से जारी इस्पात प्रबलन सलाखों और छड़ों का आधार मूल्य।

Qs = Quantity of steel paid either by way of secured advance or used in the works since previous bill (whichever is earlier).

SI_0 = All India Wholesale Price Index for Steel (bars & rods) for the period under consideration as published by Economic Advisor to Government of India, Ministry of Industry and Commerce as valid on the last stipulated date of receipt of tenders including extensions, if any.

SI = All India Wholesale Price Index for Steel (bars & rods) for the period under consideration as published by Economic Advisor to Government of India, Ministry of Industry and Commerce.

Provided always that provisions of the preceding Clause 10 C shall not be applicable in respect of Cement and/or Steel reinforcement bars.

Payment due to Increase/Decrease in Prices/Wages after Receipt of Tender for Works

CLAUSE 10 CC

If the prices of materials (not being materials supplied or services rendered at fixed prices by the department in accordance with clause 10 & 34 thereof) and/or wages of labour required for execution of the work increase, the contractor shall be compensated for such increase as per provisions detailed below and the amount of the contract shall accordingly be varied, subject to the condition that such compensation for escalation in prices shall be available only for the work done during the stipulated period of the contract. No escalation shall be paid for work executed in extended contract period even if extension of time is granted without any action under clause 2 and also no such compensation shall be payable for a work for which the stipulated period of completion is equal to or less then the time as specified in Schedule F. Such compensation for escalation in the prices of materials and labour, when due, shall be worked out based on the following provisions:-

i) The base date for working out such escalation shall be the last stipulated date of receipt of tenders including extension, if any.

ii) The cost of work on which escalation will be payable shall be reckoned as below :

a) Gross value of work done upto this quarter : (A)

b) Gross Value of work done upto the last quarter : (B)

c) Gross value of work done since previous quarter (A-B) : (C)

d) Full assessed value of Secured Advance fresh paid in this quarter : (D)

e) Full assessed value of Secured Advance recovered in this quarter : (E)

f) Full assessed value of Secured Advance for which escalation is payable in this quarter (D-E) : (F)

g) Advance payment made during this quarter : (G)

h) Advance payment recovered during this quarter : (H)

i) Advance payment for which escalation is payable in this quarter (G-H) (I)

j) Extra Items paid as per Clause 12 based on prevailing market rates during this quarter : (J)

Then, $M = C \pm F \pm I - J$

$N = 0.85\ M$

k) Less cost of material supplied by the department as per Clause 10 and recovered during the quarter (K)

l) Less cost of services rendered at fixed charges as per Clause 34 and recovered during the quarter (L)

क्यू एस = पिछले बिल के पश्चात सुरक्षित अग्रिम के माध्यम से अथवा कार्यों में हुई खपत (जो भी पहले हो) के लिए भुगताई गई इस्पात की प्रमात्रा।

एस आई$_0$ = गणना अवधि के लिए इस्पात (सलाखें और छड़ें) का अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक जैसा कि भारत सरकार के उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार द्वारा प्रकाशित किया गया हो और जैसा कि निविदाओं को प्राप्त किए जाने की अंतिम निर्धारित तारीख पर, समय वृद्धि सहित, यदि हो, विधिमान्य हो।

एस आई = इस्पात (सलाखें और छड़ें) का अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक जैसा कि भारत सकार के उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार द्वारा विचाराधीन अवधि के लिए प्रकाशित किया गया हो।

बशर्ते हमेशा कि पूर्ववर्ती खण्ड 10ग का प्रावधान सीमेंट तथा/या इस्पात प्रबलन लट्ठे के बारे में लागू नहीं होगा।

खण्ड 10 गग

कार्यों के लिए निविदा प्राप्त होने के बाद मूल्यों/ मजदूरी में वृद्धि/कमी के कारण भुगतान

यदि सामग्री के (जो उसके खण्ड 10 और 34 के अनुसार विभाग द्वारा नियत मूल्यों पर प्रदाय की गई सामग्री या की गई सेवाएं नहीं हैं) मूल्यों और या कार्य के निष्पादन के लिए अपेक्षित श्रमिकों की मजदूरी में वृद्धि हो जाती है तो नीचे बताए गए उपबन्धों के अनुसार ऐसी वृद्धि के लिए ठेकेदार को प्रतिकर दिया जाएगा और संविदा की राशि में तदनुसार परिवर्तन कर दिया जाएगा। यह इस शर्त के अधीन रहते हुए होगा कि मूल्यों में वृद्धि के लिए ऐसा प्रतिकर केवल उस कार्य के लिए दिया जाएगा जो संविदा की अनुबद्ध अवधि के अन्तर्गत हो। यह संविदा की बढ़ाई गई अवधि के लिए किसी प्रकार की मूल्य वृद्धि का भुगतान नहीं किया जाएगा चाहे समय की बढ़ोतरी खण्ड 2 के अंतर्गत बिना किसी कार्यवाही के की गई हो और यह इस शर्त के अधीन रहते हुए भी होगा, कि ऐसे किसी कार्य के लिए ऐसा कोई प्रतिकर संदेय नहीं होगा जिसके पूरा किए जाने की अनुबंधित अवधि अनुसूची 'च' में उल्लेखित के अनुसार या उससे कम है। सामग्री के मूल्यों और श्रमिकों की मजदूरी में वृद्धि के लिए ऐसे प्रतिकर की संगणना देय होने पर निम्नलिखित उपबंधों के आधार पर की जाएगी।

i) ऐसी वृद्धि की संगणना करने के लिए जिस तारीख को आधार माना जाएगा वह निविदा प्राप्ति के लिए नियत अन्तिम तारीख, समय वृद्धि, यदि कोई हो, उसके सहित होगी।

ii) कार्य की लागत, जिस पर वृद्धि संदेय होगी, नियमानुसार मानी जाएगी–

(क) इस तिमाही तक किए गए कार्य का सकल मूल्य (अ)

(ख) पिछली तिमाही तक किए गए कार्य का सकल मूल्य (आ)

(ग) पिछली तिमाही से लकर अब तक किए गए कार्य का सकल मूल्य (क–ख) (इ)

(घ) इस तिमाही में दिए गए सुरक्षित अग्रिम का पूर्ण निधारित मूल्य (ई)

(ङ) इस तिमाही में वसूल किए गए सुरक्षित अग्रिम का पूर्ण निर्धारित मूल्य (उ)

(च) सुरक्षित अग्रिम का, जिसके लिए इस तिमाही में वृद्धि संदेय है, पूर्ण निर्धारित मूल्य (घ–ङ) (ऊ)

(छ) इस तिमाही में की गई अग्रिम अदायगी (ए)

(ज) इस तिमाही में वसूल की गइ अग्रिम की राशी (ऐ)

(झ) अग्रिम अदायगी, जिसके लिए इस तिमाही में वृद्धि संदेय है (ज–झ) (ओ)

(ञ) इस तिमाही के दौरान बाजार की विद्यामान दरों पर खण्ड 12 के अनुसार अदा की गई अतिरिक्त मदें। (औ)

तब एम = इ ± ऊ ± ओ–औ

एन = 0.85 × एम

(य) खण्ड 10 के अनुसार विभाग द्वारा दी गई सामग्री तथा तिमाही के दौरान वसूल की गई सामग्री की लागत को कम करें (अं)

(र) खंड 34 के अनुसार नियत दरों पर मुहैया कराई गई सेवाओं तथा तिमाही के दौरान की गई वसूली को कम करें। (अः)

Cost of work for which escalation is applicable :

W = N - (K+L)

iii) Components of cement, steel, materials, labour, P.O.L., etc. shall be pre-determined for every work and incorporated in the conditions of contract attached to the tender papers included in Schedule 'E'. The decision of the Engineer-in-Charge in working out such percentage shall be binding on the contractors.

iv) The compensation for escalation for cement, steel, materials and P.O.L. shall be worked as per the formula given below:-

(a) Adjustment for component of **'Cement'**

$$Vc = W \times \frac{Xc}{100} \times \frac{CI - CI_0}{CI_0}$$

Vc = Variation in cement cost i.e. increase or decrease in the amount in rupees to be paid or recovered.

W = Cost of Work done worked out as indicated in sub-para (ii) of Clause 10CC.

Xc = Component of cement expressed as percent of total value of work.

CI = All India Wholesale Price Index for cement for the period under consideration as published by the Economic Advisor to Govt. of India, Ministry of Industry & Commerce.

CI_0 = All India Wholesale Price Index for cement as published by the Economic Advisor to Govt. of India, Ministry of Industry & Commerce as valid on the last stipulated date of receipt of tenders including extensions, if any.

(b) Adjustment for component of **'Steel'**

$$Vs = W \times \frac{Xs}{100} \times \frac{SI - SI_0}{SI_0}$$

Vs = Variation in steel cost i.e. increase or decrease in the amount in rupees to be paid or recovered.

W = Cost of Work done worked out as indicated in sub-para (ii) of Clause 10CC.

Xs = Component of steel expressed in percent to the total value of work.

SI = All India Wholesale Price Index for steel (bars & rods) for the period under consideration as published by Economic Advisor to the Government of India, Ministry of Industry & Commerce. However, the Price Index shall be limited to

i) for the month when the last consignment of steel reinforcement for the work is procured or

ii) for the month in which half of the stipulated contract period is over

which ever of these two is earlier.

SI_0 = All India Wholesale Price Index for steel (bar & rods) published by the Economic Advisor to Govt. of India, Ministry of Industry & Commerce as valid on the last stipulated date of receipt of tender including extension, if any.

कार्य की लागत, जिसके लिए वृद्धि लागू है

डब्ल्यू = एन – (अं + अ:)

iii) सीमेंट, इस्पात सामग्री, श्रम, पी.ओ.एल. आदि के घटक प्रत्येक कार्य के लिए पूर्व निश्चित किए जाएंगे और निविदा की अनुसूची 'ड़' में सम्मिलित कागज–पत्रों के साथ लगी संविदा की शर्तों में सम्मिलित किए जाएंगे तथा ऐसी प्रतिशत की गणना करने में भारसाधक इंजीनियर का विनिश्चय ठेकेदारों पर बाध्यकारी होगा।

iv) सीमेंट, इस्पात, सामग्री, एवं पी.ओ.एल. की वृद्धि के लिए प्रतिकर की नीचे दिए गए फार्मूले के अनुसार संगणना की जाएगी:

क) **सीमेंट** के घटक का समायोजन

$$\text{वी.सी.} = \text{डब्ल्यू} \times \frac{\text{एक्स सी}}{100} \times \frac{\text{सी आई} - \text{सी आई}_0}{\text{सी आई}_0}$$

वी सी = सीमेंट की लागत में घट–बढ़ अर्थात दी जाने वाली या वसूल की जाने वाली रकम में रुपयों में वृद्धि या कमी।

डब्ल्यू = किए गए कार्य की लागत जिसकी सगंणना खंड 10 गग के उप–पैरा (ii) में बताए अनुसार की गई है।

एक्स सी = कार्य के कुल मूल्य के प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त सीमेंट का घटक है।

सी आई = गणना अवधि के लिए सीमेंट का अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक जैसा कि, भारत सरकार, उद्योग तथा वाणिज्य मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार द्वारा विचाराधीन अवधि के लिए प्रकाशित किया गया हो।

सी आई$_0$ = सीमेंट का अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक जैसा कि भारत सरकार के उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार द्वारा प्रकाशित किया गया हो और जैसा कि निविदाओं को प्राप्त किए जाने की अंतिम निर्धारित तारीख पर, समय वृद्धि सहित, यदि हो, विधिमान्य हो।

ख) **इस्पात** के घटक का समायोजन

$$\text{वी.एस.} = \text{डब्ल्यू} \times \frac{\text{एक्स एस}}{100} \times \frac{\text{एस आई} - \text{एस आई}_0}{\text{एस आई}_0}$$

वी एस = इस्पात की लागत में घट–बढ़ अर्थात दी जाने वाली या वसूल की जाने वाली रकम में रुपयों में वृद्धि या कमी।

डब्ल्यू = किए गए कार्य की लागत जिसकी सगंणना खंड 10 गग के उप–पैरा (ii) में बताए अनुसार की गई है।

एक्स एस = कार्य के कुल मूल्य के प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त इस्पात का घटक है।

एस आई = इस्पात (सलाखें और छड़ें) का अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक जैसा कि भारत सकार के उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार द्वारा विचाराधीन अवधि के लिए प्रकाशित किया गया हो। तथापि, मूल्य सूचकांक सीमित होगा :

(क) उस माह के लिए जब कार्य के लिए इस्पात प्रबलन का अंतिम परेषण प्राप्त कर लिया गया हो अथवा

(ख) उस माह के लिए जब अनुबंधित संविदा की आधी समयावधि समाप्त हो गई हो,

इन दोनो में से जो भी पहले हो।

एस आई$_0$ = इस्पात (लट्ठे तथा छड़ें) का अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक जैसा कि भारत सरकार के उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार द्वारा प्रकाशित किया गया हो और जैसा कि निविदाओं को प्राप्त किए जाने की अंतिम निर्धारित तारीख पर, समय वृद्धि सहित, यदि हो, विधिमान्य हो।

(c) Adjustment for civil component (except cement and steel) / electrical component of construction **'Materials'**

$$Vm = W \times \frac{Xm}{100} \times \frac{MI - MI_0}{MI_0}$$

Vm = Variation in material cost i.e. increase or decrease in the amount in rupees to be paid or recovered.

W = Cost of Work done worked out as indicated in sub-para (ii) of Clause 10CC.

Xm = Component of 'materials' expressed as percent of the total value of work.

MI = All India Wholesale Price Index for civil component/electrical component* of construction material as worked out on the basis of All India Wholesale Price Index for Individual Commodities/Group Items for the period under consideration as published by Economic Advisor to Govt. of India, Ministry of Industry & Commerce and applying weightages to the Individual Commodities/Group Items.

MI_0 = All India Wholesale Price Index for civil component/electrical component* of construction material as worked out on the basis of All India Wholesale Price Index for Individual Commodities/Group Items valid on the last stipulated date of receipt of tender including extension, if any, as published by the Economic Advisor to Govt. of India, Ministry of Industry & Commerce and applying weightages to the Individual Commodities/Group Items.

***Note**: relevant component only will be applicable.

(d) Adjustment for component of **'POL'**

$$V_F = W \times \frac{Z}{100} \times \frac{FI - FI_0}{FI_0}$$

V_F = Variation in cost of Fuel, Oil & Lubricant i.e. increase or decrease in the amount in rupees to be paid or recovered.

W = Cost of Work done worked out as indicated in sub-para (ii) of Clause 10CC.

Z = Component of Fuel, Oil & Lubricant expressed as percent of the total value of work.

FI = All India Wholesale Price Index for Fuel, Oil & Lubricant for the period under consideration as published by Economic Advisor to Govt. of India, Ministry of Industry & Commerce, New Delhi.

FI_0 = All India Wholesale Price Index for Fuel, Oil & Lubricant valid on the last stipulated date of receipt of tender including extension, if any.

v) The following principles shall be followed while working out the indices mentioned in para (iv) above.

(a) The compensation for escalation shall be worked out at quarterly intervals and shall be with respect to the cost of work done as per bills paid during the three calendar months of the said quarter. The first such payment shall be made at the end of three months after the month (excluding) in which the tender was accepted and thereafter at three months' interval. At the time of completion of the work, the last period for payment might become less than 3 months, depending on the actual date of completion.

ग) निर्माण कार्य **सामग्री** के लिए सिविल घटक (सीमेंट और इस्पात के सिवाय) / वैद्युत घटक का समायोजन

$$\text{वी.एम.} = \text{डब्ल्यू} \times \frac{\text{एक्स एम}}{100} \times \frac{\text{एम आई} - \text{एम आई}_0}{\text{एम आई}_0}$$

वी एम = सामग्री की लागत में घट–बढ़ अर्थात दी जाने वाली या वसूल की जाने वाली रकम के रुपयों में वृद्धि या कमी।

डब्ल्यू = किए गए कार्य की लागत जिसकी संगणना खंड 10 गग के उप–पैरा (ii) में बताए अनुसार की गई है।

एक्स एम = कार्य के कुल मूल्य के प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त सामग्री का घटक है।

एम आई = अलग–अलग वस्तुओं/समूह मदों के लिए अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर निर्माण कार्य सामग्री के सिविल घटक/वैद्युत घटक* के लिए निर्धारित अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक जैसा कि भारत सरकार के उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार द्वारा विचाराधीन अवधि के लिए प्रकाशित किया गया हो और अलग–अलग वस्तुओं/समूह मदों को महत्व दिया गया हो।

एम आई$_0$ = अलग–अलग वस्तुओं/समूह मदों के लिए अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर निर्माण कार्य सामग्री के सिविल घटक/वैद्युत घटक* के लिए निर्धारित अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक जैसा कि भारत सरकार के उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार द्वारा प्रकाशित किया गया हो और जैसा कि निविदाओं को प्राप्त किए जाने की अंतिम तारीख पर, समय वृद्धि सहित, यदि हो, विधिमान्य हो और अलग–अलग वस्तुओं/समूह मदों को महत्व दिया गया हो।

***टिप्पणी** : केवल सम्बंधित घटक लागू होगा।

घ) **पी.ओ.एल.** के घटक का समायोजन

$$\text{वी.एफ.} = \text{डब्ल्यू} \times \frac{\text{जैड}}{100} \times \frac{\text{एफ आई} - \text{एफ आई}_0}{\text{एफ आई}_0}$$

वी एफ = ईधन, तेल तथा स्नेहक की लागत में घट–बढ़ अर्थात दी जाने वाली या वसूल की जाने वाली रकम में रुपयों में वृद्धि या कमी।

डब्ल्यू = किए गए कार्य की लागत जिसकी संगणना खंड 10 गग के उप–पैरा (ii) में बताए अनुसार की गई है।

जैड = कार्य के कुल मूल्य के प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त ईधन, तेल तथा स्नेहक का घटक है।

एफ आई = गणना अवधि के लिए ईधन, तेल तथा स्नेहक का अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक जैसा कि, भारत सरकार, उद्योग तथा वाणिज्य मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार द्वारा प्रकाशित किया गया हो।

एफ आई$_0$ = ईधन, तेल तथा स्नेहक का अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक जैसा कि निविदाओं को प्राप्त किए जाने की अंतिम निर्धारित तारीख पर, समय वृद्धि सहित, यदि हो, विधिमान्य हो।

v) उपर्युक्त पैरा (iv) में उल्लिखित सूचकांक, निकालते समय निम्नलिखित सिद्धांतों का अनुसरण किया जाएगा:–

क) वृद्धि के लिए प्रतिकर की संगणना त्रैमासिक अंतरालों पर की जाएगी और वह पिछले तीन मास के दौरान भुगतान किए गए बिलों के अनुसार किए गए कार्य की लागत को ध्यान में रखकर की जाएगी। ऐसा पहला संदाय उस मास के (उसे छोड़कर) बाद, जिसमें निविदा स्वीकार की गई थी, जो तीन मास के अन्त में और तत्पश्चात तीन मास के अन्तराल पर किया जाएगा। कार्य समापन के समय भुगतान के लिए अन्तिम अवधि तीन मास से कम हो सकती है, जो कि कार्य समापन की वास्तविक तारीख पर निर्भर करेगी।

ठेके के अधीन अथवा उसके निष्पादन के अनुक्रम में अथवा उसके अनुसरण में निष्पादित सब कार्य, हर समय भारसाधक इंजीनियर और उसके प्राधिकृत/अधीनस्थ, जो कार्य के प्रभारी हैं, और विभाग के गुणवत्ता नियंत्रण संगठन और मुख्य तकनीकी परीक्षक के कार्यालय के सभी उच्चतर अधिकारियों के निरीक्षण और पर्यवेक्षण के लिए खुले और सुगम्य रहेंगे तथा ठेकेदार सामान्य कार्य के घंटों के दौरान हर समय तथा अन्य ऐसे सभी समयों पर, जिसके बारे में ठेकेदार को यह उचित सूचना दी जा चुकी है कि ऐसे अधिकारी कार्य को देखने के लिए आने का इरादा रखते हैं, या तो स्वयं आदेशों और अनुदेशों को प्राप्त करने के लिए उपस्थित रहेगा अथवा वह उस प्रयोजन के लिए लिखित रूप में सम्यक्तः प्रत्याशित किसी जिम्मेदार अभिकर्ता को उपस्थित रखेगा। ठेकेदार के अभिकर्ताओं को दिए गए आदेशों को उतना ही प्रभावी माना जाएगा मानों वे स्वयं ठेकेदार को ही दिए गए थे।

यदि भारसाधक इंजीनियर अथवा उसके अधीनस्थ व्यक्ति को, जो काम का भारसाधक हो अथवा गुणवत्ता नियंत्रण के प्रभारी मुख्य इंजीनियर या उसके अधीनस्थ अधिकारी या मुख्य तकनीकी परीक्षक को प्रतीत हो कि कोई काम दोषयुक्त, अपूर्ण अथवा अकौशलपूर्ण कार्य कौशल से या यह कि काम के निष्पादन के लिए ठेकेदार

with unsound, imperfect, or unskillful workmanship, or with materials or articles provided by him for the execution of the work which are unsound or of a quality inferior to that contracted or otherwise not in accordance with the contract the contractor shall, on demand in writing which shall be made within six months of the completion of the work from the Engineer-in-Charge specifying the work, materials or articles complained of notwithstanding that the same may have been passed, certified and paid for forthwith rectify, or remove and reconstruct the work so specified in whole or in part, as the case may require or as the case may be, remove the materials or articles so specified and provide other proper and suitable materials or articles at his own charge and cost. In the event of the failing to do so within a period specified by the Engineer-in-charge in his demand aforesaid, then the contractor shall be liable to pay compensation at the same rate as under clause 2 of the contract (for non-completion of the work in time) for this default.

In such case the Engineer-in-Charge may not accept the item of work at the rates applicable under the contract but may accept such items at reduced rates as the competent authority may consider reasonable during the preparation of on account bills or final bill if the item is so acceptable without detriment to the safety and utility of the item and the structure or he may reject the work outright without any payment and/or get it and other connected and incidental items rectified, or removed and re-executed at the risk and cost of the contractor. Decision of the Engineer-in-Charge to be conveyed in writing in respect of the same will be final and binding on the contractor.

CLAUSE 17

Contractor Liable for Damages, defects during maintenance period

If the contractor or his working people or servants shall break, deface, injure or destroy any part of building in which they may be working, or any building, road, road kerb, fence, enclosure, water pipe, cables, drains, electric or telephone post or wires, trees, grass or grassland, or cultivated ground contiguous to the premises on which the work or any part is being executed, or if any damage shall happen to the work while in progress, from any cause whatever or if any defect, shrinkage or other faults appear in the work within twelve months (six months in the case of work costing Rs. Ten lacs and below accept road work) after a certificate final or otherwise of its completion shall have been given by the Engineer-in-Charge as aforesaid arising out of defect or improper materials or workmanship the contractor shall upon receipt of a notice in writing on that behalf make the same good at his own expense or in default the Engineer-in-Charge cause the same to be made good by other workmen and deduct the expense from any sums that may be due or at any time thereafter may become due to the contractor, or from his security deposit or the proceeds of sale thereof or of a sufficient portion thereof. The security deposit of the contractor shall not be refunded before the expiry of twelve months (six months in the case of work costing Rs. Ten lacs and below accept road work) after the issue of the certificate final or otherwise, of completion of work, or till the final bill has been prepared and passed whichever is later. Provided that in the case of road work if in the opinion of the Engineer-in-Charge, half of the security deposit is sufficient, to meet all liabilities of the contractor under this contract, half of the security deposit will be refundable after six months and the remaining half after twelve months of the issue of the said certificate of completion or till the final bill has been prepared and passed whichever is later.

In case of Maintenance and Operation works of E&M services, the security deposit deducted from contractors shall be refunded within one month from the date of final payment or within one month from the date of completion of the maintenance contract which ever is earlier.

द्वारा व्यवस्थित कोई सामग्री अथवा वस्तु दोषयुक्त है या उस सामग्री अथवा वस्तु से घटिया क्वालिटी की है जिसके लिए ठेका हुआ है अथवा ठेके के अनुसार नहीं है, तो ठेकेदार लिखित रूप में मांग किए जाने पर, जो भारसाधक इंजीनियर द्वारा उस कार्य, सामग्री अथवा वस्तु को विनिर्दिष्ट करते हुए की जाए, जिसके विरुद्ध शिकायत है, इस बात के होते हुए भी कि वह कार्य पास कर दिया गया हो, प्रमाणित कर दिया गया हो और उसके लिए संदाय कर दिया गया हो, ऐसे विनिर्दिष्ट कार्य को तुरंत पूर्णतः या अंशतः जैसी उससे अपेक्षा की जाए, सुधारेगा या हटाएगा, और उसका पुनः निर्माण करेगा अथवा यथास्थिति, ऐसी विनिर्दिष्ट सामग्री या वस्तु को हटा देगा और अपने उचित निजी प्रभार और खर्च पर अन्य उचित और उपयुक्त सामग्री या वस्तुओं की व्यवस्था करेगा और भारसाधक इंजीनियर अपनी पूर्वोक्त मांग में जो कालावधि विनिर्दिष्ट करे उसके भीतर यदि ठेकेदार ऐसा करने में विफल रहता है तो वह इस चूक के लिए ठेके के खण्ड–2 (कार्य समय पर पूरा न करने के लिए) में दी गई दर से प्रतिकर देने के लिए जिम्मेदार होगा।

ऐसे मामले में भारसाधक इंजीनियर ठेके के तहत लागू दरों पर कार्य मद को अस्वीकार कर सकता है लेकिन ऐसी मदों को ऐसी घटी हुई दरों पर स्वीकार कर सकता है जो सक्षम प्राधिकारी, लेखा बिल या अंतिम बिल तैयार करने के दौरान, औचित्यपूर्ण समझे, यदि मद की सुरक्षा और उपयोगिता समाप्त हुए बिना मद और संरचना स्वीकार्य हो या वह बिना किसी भुगतान के मद को सीधे अस्वीकार कर सकता है और/या ठेकेदार के जोखिम और लागत पर उसे और अन्य संबंधित और आवश्यक मदों के सुधारने या हटाने और पुनर्निष्पादन करा सकता है, भारसाधक इंजीनियर का निर्णय लिखित रूप से सूचित किया जाएगा और ठेकेदार के लिए अंतिम और बाध्यकारी होगा।

खण्ड 17

अनुरक्षण अवधि के दौरान क्षति, दोषों के लिए ठेकेदार जिम्मेदार

यदि ठेकेदार या उसके कर्मकार या सेवक किसी ऐसे भवन के, जिसमें वे काम कर रहे हों, किसी भाग को अथवा उस परिसर में जिसमें उसका कोई कार्य या कार्य का कोई भाग निष्पादित किया जा रहा हो, लगे हुए किसी भवन, सड़क, सड़क के किनारे (कर्ब), बाड़ अहाते, पानी के नल, केबिल, नालियों, विद्युत या टेलीफोन के खम्बों या तारों, वृक्षों, घास या घास के मैदान या जोती गई भूमि को तोड़ेगा, क्षति पहुंचाएगा या नष्ट करेगा अथवा यदि कार्य में उसकी प्रगति के दौरान कोई क्षति किसी भी कारण से हो जाएगी या 12 महीने (सड़क कार्य से भिन्न दस लाख तथा उससे कम लागत के कार्य के लिए छः महीने) के भीतर कार्य में कोई खराबी, संकुचन या अन्य कोई दोष, प्रभारी इंजीनियर द्वारा उस कार्य के पूरा होने के अन्तिम या अन्यथा प्रमाण–पत्र के यथापूर्वत्त दे दिए जाने के पश्चात प्रकट होते हैं जो त्रुटिपूर्ण या अनुचित सामग्री या कार्य–कौशल से पैदा हुए हों, तो ठेकेदार उस निमित्त लिखित रूप में सूचना प्राप्त होने पर उसे अपने खर्च पर ठीक करेगा अथवा व्यतिक्रम होने पर प्रभारी इंजीनियर उसे अपने अन्य कर्मकारों से ठीक करा सकेगा और उसके खर्च की कटौती किसी एसी राशि में से, जो उस समय या तत्पश्चात किसी सक्षम ठेकेदार को देय हो जाए अथवा उसके प्रतिभूति निक्षेप में से अथवा उसके या पर्याप्त भाग के विक्रय आगम में से कर सकेगा। ठेकेदार का प्रतिभूति निक्षेप कार्य पूरा होने के अंतिम या अन्यथा प्रमाण–पत्र के दिए जाने के पश्चात् 12 महीने (सड़क कार्य से भिन्न दस लाख तथा उससे कम लागत के कार्य के लिए छः महीने) की समाप्ति से पूर्व अथवा जब तक अंतिम बिल तैयार और पास न कर दिया जाए, इनमें से जो भी बाद में हो, लौटाया नहीं जाएगा। परन्तु सड़क कार्य की दशा में यदि प्रभारी इंजीनियर की राय में प्रतिभूति निक्षेप का आधा भाग ठेकेदार के ठेके के अधीन दायित्व को पूरा करने के लिए पर्याप्त है तो प्रतिभूति निक्षेप का आधा भाग कार्य पूरा होने के उक्त प्रमाण–पत्र के दिए जाने के 6 मास के पश्चात और बाकी आधा भाग बारह महीने के पश्चात् अथवा अंतिम बिल के तैयार और पास हो जाने के पश्चात, इनमें से जो भी बाद में हो, लौटाया जाएगा।

वैद्युत एवं यांत्रिकी सेवाओं के अनुरक्षण तथा प्रचालन कार्यो के मामलो में ठेकेदार से कटौती किए प्रतिभूति निक्षेप को अंतिम भुगतान की तारीख से एक महीने के भीतर या अनुरक्षण संविदा को पूरा होने की तारीख से एक महीने के भीतर, जो भी पहले हो, वापिस कर दिया जाएगा।

CLAUSE 18

Contractor to Supply Tools & Plants etc.

The contractor shall provide at his own cost all materials (except such special materials, if any, as may in accordance with the contract be supplied from the Engineer-in-Charge's stores), plant, tools, appliances , implements, ladders, cordage, tackle, scaffolding and temporary works required for the proper execution of the work, whether original, altered or substituted and whether included in the specifications or other documents forming part of the contract or referred to in these conditions or not, or which may be necessary for the purpose of satisfying or complying with the requirements of the Engineer-in-Charge as to any matter as to which under these conditions he is entitled to be satisfied, or which he is entitled to require together with carriage therefor to and from the work. The contractor shall also supply without charge the requisite number of persons with the means and materials, necessary for the purpose of setting out works, and counting, weighing and assisting the measurement for examination at any time and from time to time of the work or materials. Failing his so doing the same may be provided by the Engineer-in-Charge at the expense of the contractor and the expenses may be deducted, from any money due to the contractor, under this contract or otherwise and/or from his security deposit or the proceeds of sale thereof, or of a sufficient portions thereof.

CLAUSE 18 A

Recovery of Compensation paid to Workmen

In every case in which by virtue of the provisions sub-section (1) of Section 12, of the Workmen's Compensation Act, 1923, Government is obliged to pay compensation to a workman employed by the contractor, in execution of the works, Government will recover from the contractor, the amount of the compensation so paid; and, without prejudice to the rights of the Government under sub-section (2) of Section 12, of the said Act, Government shall be at liberty to recover such amount or any part thereof by deducting it from the security deposit or from any sum due by Government to the contractor whether under this contract or otherwise. Government shall not be bound to contest any claim made against it under sub-section (1) Section 12, of the said Act, except on the written request of the contractor and upon his giving to Government full security for all costs for which Government might become liable in consequence of contesting such claim.

CLAUSE 18 B

Ensuring Payment and Amenities to Workers if Contractor fails

In every case in which by virtue of the provisions of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act, 1970, and of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Central Rules, 1971, Government is obliged to pay any amounts of wages to a workman employed by the contractor in execution of the works, or to incur any expenditure in providing welfare and health amenities required to be provided under the above said Act and the rules under Clause 19H or under the C.P.W.D. Contractor's Labour Regulations, or under the Rules framed by Government from time to time for the protection of health and sanitary arrangements for workers employed by C.P.W.D. Contractors, Government will recover from the contractor, the amount of wages so paid or the amount of expenditure so incurred; and without prejudice to the rights of the Government under sub-section(2) of Section 20, and sub-section (4) of Section 21, of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act, 1970, Government shall be at liberty to recover such amount or any part thereof by deducting it from the security deposit or from any sum due by Government to the contractor whether under this contract or otherwise Government shall not be bound to contest any claim made against it under sub-section (1) of Section 20, sub-section (4) of Section 21, of the said Act, except on the written request of the contractor and upon his giving to the Government full security for all costs for which Government might become liable in contesting such claim.

खण्ड 18

औजार एवं संयंत्र आदि की आपूर्ति ठेकेदार करेगा

ठेकेदार कार्य के उचित निष्पादन के लिए अपनी लागत पर सभी सामग्रियाँ (ऐसी विशेष सामग्रियों के, यदि कोई हो, सिवाय जिनकी आपूर्ति ठेके के अनुसार भारसाधक इंजीनियर के भण्डारों से की जानी हो), संयंत्र, औजारों, साधित्रों, उपकरणों, सीढ़ियों, रस्सों, घिरनियों, पाड़ों तथा अस्थायी निर्माण की व्यवस्था करेगा। ये कार्य चाहे मूल, परिवर्तित अथवा प्रतिस्थापित हो और चाहे ठेके के भाग रुप में विनिर्देशों अथवा अन्य दस्तावेजों में सम्मिलित या इन शर्तों में निर्दिष्ट किए गए हो अथवा नहीं, या जो किसी नए मामले में भारसाधक इंजीनियर की अपेक्षाओं को पूरा करने या उनका अनुपालन करने के प्रयोजन से आवश्यक हों, जिनके बारे में वह इन शर्तों के अधीन इस बात का हकदार है कि उसका समाधान होना चाहिए या जिनकी वह कार्य स्थल तक और उससे उनके लाने ले जाने समेत अपेक्षा करने का हकदार है। ठेकेदार साधनों और सामग्रियों सहित अपेक्षित व्यक्तियों की व्यवस्था निःशुल्क करेगा, जो कार्यों को आरम्भ करने और किसी भी समय और समय–समय पर कार्य अथवा सामग्री की गणना, तोल और माप या परीक्षण में सहायता देने के लिए आवश्यक हो। उसके ऐसा करने में असफल रहने पर भारसाधक इंजीनियर द्वारा ठेकेदार के खर्चे पर उसकी व्यवस्था की जा सकेगी और जो भी खर्च होगा उसकी, इस ठेके या अन्यथा के अधीन ठेकेदार को शोध्य किसी धन से और / या उसके प्रतिभूति निक्षेप से या उसके पर्याप्त भाग की बिक्री से प्राप्त राशि में से कटौती करके की जा सकेगी।

खण्ड 18 क

कर्मकारों को दिए गए प्रतिकर की वसूली

ऐसे प्रत्येक मामले में जिसमें कर्मकार प्रतिकर अधिनियम 1923 की धारा 12 की उपधारा (i) के उपबंधों के आधार पर सरकार, ठेकेदार द्वारा कार्यों का निष्पादन करने के लिए नियोजित कर्मकार को प्रतिकर का संदाय करने के लिए बाध्य हैं। सरकार, इस प्रकार संदत्त प्रतिकर की रकम ठेकेदार से वसूल करेगी, और उक्त अधिनियम की धारा 12 की उपधारा (ii) के अधीन सरकार के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, सरकार चाहे इस ठेके के अधीन या अन्यथा, प्रतिभूति–निक्षेप में से या सरकार द्वारा ठेकेदार की शोध्य किसी राशि में से कटौती करके ऐसी रकम या उसका कोई भाग वसूल करने के लिए स्वतंत्र होगी। सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 की उप–धारा (i) के अधीन इसके खिलाफ किए गए किसी दावे का प्रतिवाद करने के लिए तभी बाध्य होगी जब ठेकेदार ने लिखित प्रार्थना की हो और सरकार को उन सभी खर्चों के लिए पूर्ण प्रतिभूति दे दी हो, जिनके लिए सरकार ऐसे दावे का प्रतिवाद करने के परिणामस्वरुप जिम्मेदार होगी।

खण्ड 18 ख

कर्मकारों का भुगतान और सुविधाएं सुनिश्चित करना यदि ठेकेदार असफल हो

उन सभी मामलों में, जिनमें ठेका मजदूरी (विनियमन तथा उन्मूलन) अधिनियम, 1970 तथा ठेका मजदूरी (विनियमन तथा उन्मूलन) केन्द्रीय नियम, 1971 के उपबंधों के कारण यदि सरकार को, निष्पादित कार्य के लिए ठेकेदार द्वारा नियोजित मजदूरों को मजदूरी की कोई भी राशि अदा करने की या उक्त अधिनियम और खण्ड 19 ज के अंतर्गत नियम या केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ठेकेदार श्रम विनियमनों के अंतर्गत या केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों द्वारा नियोजित मजदूरों के स्वास्थ्य की सुरक्षा और स्वच्छता संबंधी प्रबंधों के लिए सरकार द्वारा समय–समय पर बनाए गए नियमों के अन्तर्गत उपलब्ध की जाने वाली कल्याण तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाएं उपलब्ध कराने में किए गए किसी प्रकार के व्यय के लिए सरकार द्वारा इस प्रकार अदा की गई मजदूरी की राशि को वह ठेकेदार से वसूल करेगी, तथा ठेका श्रम (विनियमन तथा उन्मूलन) अधिनियम 1970 की धारा 20 की उप–धारा (2) तथा धारा 21 की उप–धारा (4) के अधीन सरकार के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना सरकार को यह अधिकार होगा कि वह ऐसी राशि या इसके किसी भाग को प्रतिभूति निक्षेप में से या ठेकेदार को सरकार द्वारा देय किसी भी राशि में से, चाहे वह इस ठेके के अंतर्गत आती हो या किसी अन्य प्रकार से हो, काट ले। सरकार उक्त अधिनियम की धारा 20 की उप–धारा (1) तथा धारा 21 की उपधारा (4) के अधीन किए गए किसी दावे के विरुद्ध लड़ने को तभी बाध्य होगी, जब ठेकेदार लिखित रूप में अनुरोध करे तथा वह सरकार को समस्त खर्च के लिए पूर्ण प्रतिभूति दे जिसके लिए सरकार ऐसे दावों के विरुद्ध लड़ने पर जिम्मेदार हो सकती है।

CLAUSE 19

Labour Laws to be complied by the Contractor

The contractor shall obtain a valid licence under the Contract Labour (R&A) Act 1970, and the Contract Labour (Regulation and Abolition) Central Rules 1971, before the commencement of the work, and continue to have a valid license until the completion of the work. The contractor shall also abide by the provisions of the Child Labour (Prohibition and Regulation) Act, 1986.

The contractor shall also comply with the provisions of the building and other Construction Workers (Regulation of Employment & Conditions of Service) Act, 1996 and the building and other Construction Workers Welfare Cess Act, 1996.

Any failure to fulfil these requirements shall attract the penal provisions of this contract arising out of the resultant non-execution of the work.

CLAUSE 19 A

No labour below the age of fourteen years shall be employed on the work.

CLAUSE 19 B

Payment of Wages

Payment of wages:

i) The contractor shall pay to labour employed by him either directly or through sub-contractors, wages not less than fair wages as defined in the C.P.W.D. Contractor's Labour Regulations or as per the provisions of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act 1970 and the contract Labour (Regulation and Abolition) Central Rules, 1971, wherever applicable.

ii) The contractor shall, notwithstanding the provisions of any contract to the contrary, cause to be paid fair wage to labour indirectly engaged on the work, including any labour engaged by his sub-contractors in connection with the said work, as if the labour had been immediately employed by him.

iii) In respect of all labour directly or indirectly employed in the works for performance of the contractor's part of this contract, the contractor shall comply with or cause to be complied with the Central Public Works Department contractor's Labour Regulations made by Government from time to time in regard to payment of wages, wage period, deductions from wages recovery of wages not paid and deductions unauthorisedly made, maintenance of wage books or wage slips, publication of scale of wages and other terms of employment, inspection and submission of periodical returns and all other matters of the like nature or as per the provisions of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act 1970, and the Contract Labour (Regulation and Abolition) Central Rules, 1971, wherever applicable.

iv) a) The Engineer-in-Charge concerned shall have the right to deduct from the moneys due to the contractor any sum required or estimated to be required for making good the loss suffered by a worker or workers by reason of nonfulfillment of the conditions of the contract for the benefit of the workers, non-payment of wages or of deductions made from his or their wages which are not justified by their terms of the contract or non-observance of the Regulations.

b) Under the provision of Minimum Wages (Central) Rules 1950, the contractor is bound to allow to the labours directly or indirectly employed in the works one day rest for 6 days continuous work and pay wages at the same rate as for duty. In the event of default, the Engineer-in-Charge shall have the right to deduct the sum or sums not paid on account of wages for weekly holidays to any labours and pay the same to the persons entitled thereto from any money due to the contractor by the Engineer-in-Charge concerned.

खण्ड 19

ठेकेदार द्वारा श्रम विधि का पालन

ठेकेदार कार्य आरम्भ करने से पूर्व ठेका श्रम (विनियमन तथा उन्मूलन) अधिनियम 1970, तथा ठेका श्रम (विनियमन तथा उन्मूलन) केन्द्रीय नियम 1971 के अधीन वैध अनुज्ञा पत्र प्राप्त करेगा तथा कार्य के समाप्त होने तक वैध अनुज्ञा पत्र अपने पास बनाए रखेगा। ठेकेदार बाल श्रमिक (निषेध एवम् विनियमन) अधिनियम, 1986 के प्रावधानो का भी पालन करेगा।

ठेकेदार, भवन और अन्य निर्माण कामगार (रोजगार और सेवा शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 तथा भवन और अन्य निमार्ण कामगार कल्याण उपकार अधिनियम, 1996 के प्रावधानों का पालन भी करेगा।

इन अपेक्षाओं को पूरा न करने की स्थिति में ठेके के दण्ड संबंधी वे सभी उपबंध प्रभावी हो जाएंगे जो कार्य के निष्पादन न होने की स्थिति में होते हैं।

खण्ड 19 क

कार्य पर 14 वर्ष से कम आयु का कोई श्रमिक नियोजित नहीं किया जाएगा।

खण्ड 19 ख

मजदूरी का भुगतान

मजदूरी का भुगतानः

i) ठेकेदार अपने द्वारा सीधे ही नियोजित अथवा उप–ठेकेदारों के माध्यम से नियोजित श्रमिकों को उचित मजदूरी से कम अदा नहीं करेगा जैसा कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ठेकेदार श्रमिक नियम या ठेका श्रमिक (विनियमन तथा उन्मूलन) अधिनियम 1970 और ठेका श्रमिक (विनियमन तथा उन्मूलन) केन्द्रीय नियम 1971, इन में जो भी लागू हो, के उपबन्धों में पारिभषित किए गए हैं।

ii) ठेकेदार, ठेके के विपरीत कोई उपबन्ध होने के बावजूद भी, कार्य पर अप्रत्यक्ष रूप से नियोजित श्रमिकों को, जिनमें वे श्रमिक भी शामिल होंगे जो उक्त कार्य के संबंध में उसके उप–ठेकेदार द्वारा नियोजित किए गए हों, यह मानते हुए उचित मजदूरी का भुगतान करेगा मानो उसने श्रमिक हाल ही में कार्य के लिए नियोजित किए हैं।

iii) इस ठेके में ठेकेदार के भाग के निष्पादन के लिए कार्यों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से नियोजित सभी श्रमिकों के बारे में ठेकेदार, मजदूरी की अदायगी, मजदूरी की अवधि, मजदूरी से कटौती, अदा नहीं की गई मजदूरी की वसूली तथा अनधिकृत रूप से की गई कोई कटौतियों, मजदूरी पुस्तिका या मजदूरी की पर्चियों का अनुरक्षण, मजदूरी के वेतनमान तथा नौकरी की अन्य शर्तों का प्रकाशन, आवधिक विवरणों का निरीक्षण तथा प्रस्तुत करना तथा इस प्रकार के अन्य मामलों के संबंध में, सरकार द्वारा समय समय पर बनाए गए केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ठेकेदार श्रमिक नियम या जहां ठेका श्रमिक (विनियमन तथा उन्मूलन) अधिनियम 1970, और ठेका श्रमिक (विनियमन तथा उन्मूलन) केन्द्रीय अधिनियम, 1971 लागू हो वहां उनमें दी हुई व्यवस्थाओं के अनुसार पालन करेगा या पालन कराने की व्यवस्था करेगा।

iv) क) संबधित भारसाधक इंजीनियर को यह अधिकार होगा कि वह ठेकेदार को देय राशियों में से, कोई भी राशि काट सकता है जो कर्मकारों के हित संबंधी ठेके की शर्तों के पालन न करने के कारण मजदूरी की अदायगी नही किए जाने या उसकी अथवा उनकी मजदूरियों से ऐसी कटौतियां करने जो ठेके की शर्तों के अंतर्गत न्यायसंगत नहीं हो या विनियमों की अवहेलना के कारण, कर्मकार अथवा कर्मकारों, द्वारा उठाई गई क्षति को पूरा करने के लिए, अपेक्षित हो अथवा जिसके अपेक्षित होने का अनुमान लगाया गया हो।

ख) न्यूनतम मजदूरी (केन्द्रीय) नियम 1950 के उपबंधों के अनुसार ठेकेदार कार्य में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियोजित श्रमिकों को छः दिन के लगातार कार्य करने के पश्चात एक दिन का विश्राम देने और उसके लिए कार्य दिवसों की भांति ही मजदूरी देने के लिए बाध्य है। इसमें त्रुटि करने पर भारसाधक इंजीनियर को अधिकार होगा कि वह ठेकेदार को देय किसी भी राशि में से उस धनराशि को काट ले, जो किसी भी श्रमिक को साप्ताहिक अवकाश की मजदूरी के कारण न दी गई हो और फिर उसका भुगतान हकदार व्यक्तियों को कर दे।

In the case of Union Territory of Delhi, however, as the all inclusive minimum daily wages fixed under Notification of the Delhi Administration No.F.12(162)MWO/DAB/43884-91, dated 31-12-1979 as amended from time to time are inclusive of wages for the weekly day of rest, the question of extra payment for weekly holiday would not arise.

v) The contractor shall comply with the provisions of the Payment of Wages Act, 1936, Minimum Wages Act, 1948, Employees Liability Act, 1938, Workmen's Compensation Act, 1923, Industrial Disputes Act, 1947, Maternity Benefits Act, 1961, and the Contractor's Labour (Regulation and Abolition) Act 1970, or the modifications thereof or any other laws relating thereto and the rules made thereunder from time to time.

vi) The contractor shall indemnify and keep indemnified Government against payments to be made under and for the observance of the laws aforesaid and the C.P.W.D. Contractor's Labour Regulations without prejudice to his right to claim indemnity from his sub-contractors.

vii) The laws aforesaid shall be deemed to be a part of this contract and any breach thereof shall be deemed to be a breach of this contract.

viii) Whatever is the minimum wage for the time being, or if the wage payable is higher than such wage, such wage shall be paid by the contractor to the workmen directly without the intervention of Jamadar and that Jamadar shall not be entitled to deduct or recover any amount from the minimum wage payable to the workmen as and by way of commission or otherwise.

ix) The contractor shall ensure that no amount by way of commission or otherwise is deducted or recovered by the Jamadar from the wage of workmen.

CLAUSE 19 C

In respect of all labour directly or indirectly employed in the work for the performance of the contractor's part of this contract, the contractor shall at his own expense arrange for the safety provisions as per C.P.W.D. Safety Code framed from time to time and shall at his own expense provide for all facilities in connection therewith. In case the contractor fails to make arrangement and provide necessary facilities as aforesaid, he shall be liable to pay a penalty of Rs.200/- for each default and in addition the Engineer-in- Charge shall be at liberty to make arrangement and provide facilities as aforesaid and recover the costs incurred in that behalf from the contractor.

CLAUSE 19 D

The contractor shall submit by the 4th and 19th of every month, to the Engineer-in-Charge a true statement showing in respect of the second half of the preceding month and the first half of the current month respectively:-

(1) the number of labourers employed by him on the work,

(2) their working hours,

(3) the wages paid to them,

(4) the accidents that occurred during the said fortnight showing the circumstances under which they happened and the extent of damage and injury caused by them, and

(5) the number of female workers who have been allowed maternity benefit according to Clause 19F and the amount paid to them.

तथापि, संघराज्य दिल्ली के मामले में दिल्ली प्रशासन की अधिसूचना सं. एफ 12 (162) एम डब्लू ओ/डी ए बी/4388–91 दि. 31–12–1979, समय–समय पर यथासंशोधित के अन्तर्गत निर्धारित की गई संपूर्ण न्यूनतम दैनिक मजदूरी में चूंकि साप्ताहिक विश्राम के दिन की मजदूरी सम्मिलित है, इसलिए साप्ताहिक अवकाश के लिए अतिरिक्त भुगतान का प्रश्न पैदा नहीं होगा।

v) ठेकेदार, मजदूरी अदायगी अधिनियम 1936, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, कर्मचारी देयता अधिनियम 1938, कर्मकार प्रतिकर अधिनियम 1923, औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947, प्रसूति लाभ अधिनियम 1961 तथा ठेकेदार श्रमिक (विनियमन तथा उन्मूलन) अधिनियम 1970 अथवा उनके आशोधनों अथवा उनसे संबंधित अन्य कानून तथा समय–समय पर उनके अन्तर्गत बने नियमों के उपबन्धों का पालन करेगा।

vi) ठेकेदार, उपर्युक्त विधियों तथा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ठेकेदार श्रमिक विनियमों के पालनार्थ तथा उनके अन्तर्गत की जाने वाली अदायगियों के लिए अपने उप–ठेकेदारों से क्षतिपूर्ति लेने के संबंध में उसके अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना सरकार की क्षतिपूर्ति करेगा और क्षति से बचाए रखेगा।

vii) उक्त विधियाँ इस संविदा के भाग के रूप में समझी जाएंगी और उनका कोई भी भंग इस संविदा का भंग माना जाएगा।

viii) उस समय जो भी न्यूनतम मजदूरी है या यदि संदेय मजदूरी ऐसी मजदूरी से अधिक है तो ऐसी मजदूरी जमादारों के हस्तक्षेप के बिना ठेकेदारों द्वारा सीधे ही कर्मकारों को संदत्त की जाएगी और यह कि जमादार कर्मकारों को संदेय न्यूनतम मजदूरी में से दलाली के रूप में या अन्यथा किसी रकम की कटौती करने या वसूल करने के लिए हकदार नहीं होगा।

ix) ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि जमादार दलाली के रूप में या अन्यथा, कर्मकार की मजदूरी में से न कोई रकम काटे या वसूली करे।

खण्ड 19 ग

इस ठेके के अन्तर्गत ठेकेदार द्वारा किए जाने वाले कार्य को करने के लिए प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः नियोजित सभी श्रमिकों के संबंध में, ठेकेदार केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा समय समय पर तैयार सुरक्षा संहिता के अनुरूप अपने खर्चे पर सुरक्षा साधनों की व्यवस्था करेगा और वह उनके संबंध में सभी सुविधाओं की व्यवस्था भी अपने खर्चे पर करेगा। यदि ठेकेदार यथा उपर्युक्त व्यवस्था करने और आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराने में असफल रहेगा तो वह हर दोष के लिए 200 रुपए की शास्ति का संदाय करने के लिए दायी होगा और इसके अतिरिक्त भारसाधक इन्जीनियर उपर्युक्त व्यवस्था करने और सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए और इस संबंध में किए गए खर्चे को ठेकेदार से वसूल करने के लिए स्वतंत्र होगा।

खण्ड 19 घ

ठेकेदार प्रत्येक मास की चौथी और उन्नीसवीं तारीख तक भारसाधक इन्जीनियर को क्रमशः पूर्ववर्ती मास के उत्तरार्ध और चालू मास के पूर्वार्ध से संबंधित, निम्नलिखित को दर्शाते हुए, एक सही विवरण देगा:–

(1) उसके द्वारा काम पर नियोजित श्रमिकों की संख्या,

(2) उनके काम के घंटे

(3) उनको संदत मजदूरी

(4) उक्त पक्ष के दौरान हुई दुर्घटनाएं, जिन में उन परिस्थितियों का उल्लेख भी किया जाए जिनके अधीन वे घटित हुई और उनके कारण कितना नुकसान हुआ तथा चोटें पहुँची, और

(5) ऐसी महिला कर्मकारों की संख्या जिनको खण्ड 19–च के अनुसार प्रसूति–सुविधा दी गई हो और वह रकम जो उनको संदत्त की गई।

Failing which the contractor shall be liable to pay to Government, a sum not exceeding Rs.200/- for each default or materially incorrect statement. The decision of the Divisional Officer shall be final in deducting from any bill due to the contractor the amount levied as fine and be binding on the contractor.

CLAUSE 19 E

In respect of all labour directly or indirectly employed in the works for the performance of the contractor's part of this contract, the contractor shall comply with or cause to be complied with all the rules framed by Government from time to time for the protection of health and sanitary arrangements for workers employed by the Central Public Works Department and its contractors.

CLAUSE 19 F

Leave and pay during leave shall be regulated as follows:-

1. Leave:

   (i) in the case of delivery - maternity leave not exceeding 8 weeks, 4 weeks up to and including the day of delivery and 4 weeks following that day,

   (ii) in the case of miscarriage - upto 3 weeks from the date of miscarriage.

2. Pay:

   (i) in the case of delivery - leave pay during maternity leave will be at the rate of the women's average daily earnings, calculated on total wages earned on the days when full time work was done during a period of three months immediately preceding the date on which she gives notice that she expects to be confined or at the rate of Rupee one only a day whichever is greater.

   (ii) in the case of miscarriage - leave pay at the rate of average daily earning calculated on the total wages earned on the days when full time work was done during a period of three months immediately preceding the date of such miscarriage.

3. Conditions for the grant of Maternity Leave:

   No maternity leave benefit shall be admissible to a woman unless she has been employed for a total period of not less than six months immediately preceding the date on which she proceeds on leave.

4. The contractor shall maintain a register of Maternity (Benefit) in the Prescribed Form as shown in annexure - I and II, and the same shall be kept at the place of work.

CLAUSE 19 G

In the event of the contractor(s) committing a default or breach of any of the provisions of the Central Public Works Department, Contractor's Labour Regulations and Model Rules for the protection of health and sanitary arrangements for the workers as amended from time to time or furnishing any information or submitting or filing any statement under the provisions of the above Regulations and Rules which is materially incorrect, he/they shall, without prejudice to any other liability, pay to the Government a sum not exceeding Rs.200/- for every default, breach or furnishing, making, submitting, filing such materially incorrect statements and in the event of the contractor(s) defaulting continuously in this respect, the penalty may be enhanced to Rs.200/- per day for each day of default subject to a maximum of 5 per cent of the estimated cost of the work put to tender. The decision of the Engineer-in-Charge shall be final and binding on the parties.

ऐसा न करने पर ठेकेदार सरकार को प्रत्येक दोष या तात्विक रूप से गलत विवरण के लिए 200 रु. से अनधिक राशि के संदाय का दायी होगा। मण्डल अधिकारी का ठेकेदार को शोध्य किसी बिल में से जुर्माने के रुप में उदग्रहित रकम की कटौती करने की बाबत विनिश्चय अंतिम होगा और ठेकेदार के लिए बाध्यकारी होगा।

खण्ड 19 ङ

इस ठेके में ठेकेदार द्वारा किए जाने वाले काम को करने के लिए प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः नियोजित सभी श्रमिकों के संबंध में, ठेकेदार केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग और उसके ठेकेदारों द्वारा नियोजित कर्मकारों के लिए स्वास्थ्य–संरक्षण और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं के लिए समय–समय पर सरकार द्वारा विरचित सभी नियमों का पालन करेगा या कराएगा।

खण्ड 19 च

छुट्टी के दौरान छुट्टी और वेतन निम्न प्रकार से विनियमित किए जाएंगे:

1. छुट्टीः

   i) प्रसव की दशा में–8 सप्ताह से अनधिक की प्रसूति छुट्टी जिसमें 4 सप्ताह की छुट्टी प्रसव होने तक, जिसके अंतर्गत प्रसव दिन भी है, और 4 सप्ताह की छुट्टी उस दिन के पश्चात होगी।

   ii) गर्भस्त्राव की दशा में–गर्भस्त्राव की तारीख से 3 सप्ताह तक।

2. वेतनः

   i) प्रसव की दशा में–प्रसूति छुट्टी के दौरान छुट्टी वेतन की दर उस तारीख से जिसको उस स्त्री ने इस बात की सूचना दी हो की वह प्रसवावस्था में होने की आशा करती है, ठीक पूर्व 3 मास की कालावधि के दौरान के ऐसे दिनों के लिए जिनको उसने पूर्णकालिक कार्य किया हो, कुल उपार्जित मजदूरी पर संगणित औसत दैनिक उपार्जन की दर से या एक रुपए प्रति दिन की दर से, उनमें से जो भी अधिक हो, होगी।

   ii) गर्भस्त्राव की दशा में–छुट्टी वेतन की दर ऐसे गर्भस्त्राव होने की तारीख से ठीक पूर्व 3 मास की कालावधि के दौरान के ऐसे दिनों के लिए, जिनको उसने पूर्णकालिक कार्य किया हो, कुल उपार्जित मजदूरी पर संगणित औसत दैनिक उपार्जन की दर से होगी।

3. प्रसूति छुट्टी की मंजूरी के लिए शर्तें:

   प्रसूति छुट्टी का लाभ किसी महिला को तब तक नहीं मिलेगा जब तक कि वह उस तारीख से, जिससे वह छुट्टी पर जा रही हो, ठीक पूर्व छः मास से अन्यून की कुल कालावधि के लिए नियोजित न रह चुकी हो।

4. ठेकेदार, प्रसूति (सुविधा) का एक रजिस्टर परिशिष्ट –I एवं II में दर्शाए गए निर्धारित प्रारूप में रखेगा और वह रजिस्टर कार्य के स्थान पर रखा जाएगा।

खण्ड 19 छ

यदि ठेकेदार, कर्मकारों के स्वास्थ्य–रक्षण एवं स्वच्छता संबंधी, समय–समय पर यथा संशोधित केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ठेकेदार श्रमिक विनियमों और आदर्श नियमों के उपबंधों में से किसी का व्यतिक्रम या भंग करेगा या उपर्युक्त विनियमों या नियमों के उपबंधों के अधीन कोई ऐसी जानकारी देगा या ऐसा कोई विवरण देगा या फाइल करेगा जो तात्विक रूप से गलत हो तो वह/वे किसी अन्य दायित्व पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, हर व्यतिक्रम, भंग के लिए या तात्विक रूप से ऐसे गलत विवरणों के देने, बनाने, प्रस्तुत करने, फाइल करने के लिए सरकार को 200 रुपए से अनधिक की राशि संदत्त करेगा और इस संबंध में ठेकेदार द्वारा लगातार व्यतिक्रम करने की दशा में शास्ति को बढ़ाकर व्यतिक्रम के प्रत्येक दिन के लिए 200 रुपए किया जा सकेगा किन्तु उसकी अधिकतम राशि निविदत्त कार्य की प्राक्कलित लागत की 5 प्रतिशत होगी। भारसाधक इंजीनियर का विनिश्चय अंतिम और पक्षकारों पर बाध्यकारी होगा।

Should it appear to the Engineer-in-Charge that the contractor(s) is/are not properly observing and complying with the provisions of the C.P.W.D. Contractor's Labour Regulations and Model Rules and the provisions of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act 1970, and the Contract Labour (R& A) Central Rules 1971, for the protection of health and sanitary arrangements for work-people employed by the contractor(s) (hereinafter referred as "the said Rules") the Engineer-in-Charge shall have power to give notice in writing to the contractor(s) requiring that the said Rules be complied with and the amenities prescribed therein be provided to the work-people within a reasonable time to be specified in the notice. If the contractor(s) shall fail within the period specified in the notice to comply with and/observe the said Rules and to provide the amenities to the work-people as aforesaid, the Engineer-in-Charge shall have the power to provide the amenities hereinbefore mentioned at the cost of the contractor(s). The contractor(s) shall erect, make and maintain at his/their own expense and to approved standards all necessary huts and sanitary arrangements required for his/their work-people on the site in connection with the execution of the works, and if the same shall not have been erected or constructed, according to approved standards, the Engineer-in-Charge shall have power to give notice in writing to the contractor(s) requiring that the said huts and sanitary arrangements be remodelled and/or reconstructed according to approved standards, and if the contractor(s) shall fail to remodel or reconstruct such huts and sanitary arrangements according to approved standards within the period specified in the notice, the Engineer-in-Charge shall have the power to remodel or reconstruct such huts and sanitary arrangements according to approved standards at the cost of the contractor(s).

CLAUSE 19 H

The contractor(s) shall at his/their own cost provide his/their labour with a sufficient number of huts (hereinafter referred to as the camp) of the following specifications on a suitable plot of land to be approved by the Engineer-in-Charge.

i) a) The minimum height of each hut at the eaves level shall be 2.10m (7 ft.) and the floor area to be provided will be at the rate of 2.7 sq.m. (30 sq.ft.) for each member of the worker's family staying with the labourer.

b) The contractor(s) shall in addition construct suitable cooking places having a minimum area of 1.80m x 1.50m (6'x5') adjacent to the hut for each family.

c) The contractor(s) shall also construct temporary latrines and urinals for the use of the labourers each on the scale of not less than four per each one hundred of the total strength, separate latrines and urinals being provided for women.

d) The contractor(s) shall construct sufficient number of bathing and washing places, one unit for every 25 persons residing in the camp. These bathing and washing places shall be suitably screened.

ii) a) All the huts shall have walls of sun-dried or burnt-bricks laid in mud mortar or other suitable local materials as may be approved by the Engineer-in-Charge. In case of sun-dried bricks, the walls should be plastered with mud gobri on both sides. The floor may be kutcha but plastered with mud gobri and shall be at least 15 cm (6") above the surrounding ground. The roofs shall be laid with thatch or any other materials as may be approved by the Engineer-in-Charge and the contractor shall ensure that throughout the period of their occupation the roofs remain water-tight.

यदि भारसाधक इंजीनियर को यह प्रतीत हो कि ठेकेदार (ठेकेदारों) द्वारा नियोजित कर्मकारों के लिए स्वास्थ्य रक्षा और स्वच्छता संबंधी व्यवस्था के केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ठेकेदार श्रम विनियम और आदर्श नियमों तथा ठेका श्रमिक (विनियमन तथा उन्मूलन) अधिनियम 1970 तथा ठेका श्रमिक (विनियमन तथा उन्मूलन) अधिनियम 1971 के उपबंधों का (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् ''उक्त नियम'' कहा गया है) ठेकेदार उचित रूप से पालन और अनुवर्तन नहीं कर रहा है/कर रहे हैं, तो भारसाधक इंजीनियर को यह शक्ति होगी कि वह ठेकेदार (ठेकेदारों) को लिखित सूचना देकर उससे/उनसे अपेक्षा करे कि उक्त नियमों का अनुपालन किया जाए और उसमें निर्धारित सुख सुविधाएं सूचना में विनिर्दिष्ट किए जाने वाले उचित समय के भीतर, कर्मकारों को दी जाए। यदि ठेकेदार सूचना में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर उक्त नियमों का अनुवर्तन और अनुपालन करने में और पूर्वोक्त कर्मकारों को सुख–सुविधएं देने में असफल रहेगा तो भारसाधक इंजीनियर को, ठेकेदार (ठेकेदारों) के व्यय पर, इसमें पूर्व वर्णित सुख–सुविधाओं की व्यवस्था करने की शक्ति होगी। ठेकेदार कार्य के निष्पादन के संबंध में कार्य स्थल पर अपने कर्मकारों के लिए अपेक्षित आवश्यक झोपड़ियों का निर्माण और स्वच्छता व्यवस्था का प्रबंध अपने खर्च पर और अनुमोदित मानकों के अनुरूप करेगा और उन्हें बनाए रखेगा तथा यदि अनुमोदित मानकों के अनुसार उनका निर्माण अथवा सन्निर्माण नहीं कराया गया तो भारसाधक इंजीनियर को यह शक्ति होगी कि वह ठेकेदार (ठेकेदारों) को लिखित सूचना देकर यह अपेक्षा करे कि अनुमोदित मानकों के अनुसार ऐसी झोपड़ियों और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं का पुनः प्रतिरूपेण और/या पुनर्निर्माण कराया जाए और यदि ठेकेदार सूचना में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अनुमोदित मानकों के अनुसार ऐसी झोपड़ियों और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं का पुनः प्रतिरूपण अथवा पुनर्निर्माण करने में असफल रहेगा/रहेंगे तो भारसाधक इंजीनियर को ठेकेदार (ठेकेदारों) के व्यय पर अनुमोदित मानकों के अनुसार ऐसी झोपड़ियों और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं का पुनः प्रतिरूपण अथवा पुनर्निर्माण कराने की शक्ति होगी।

खण्ड 19 ज

ठेकेदार अपने श्रमिकों के लिए अपने खर्चे पर, भूमि के यथोचित खंड पर जिसे भारसाधक इंजीनियर अनुमोदित करेगा, पर्याप्त संख्या में निम्नलिखित विनिर्देशों वाली झोपड़ियाँ (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् कैम्प कहा गया है) व्यवस्था करेगा/करेंगे।

i) (क) प्रत्येक झोपड़ी की ओलती तल पर ऊंचाई 2.10 मीटर (7 फुट) होगी और फर्श का क्षेत्रफल श्रमिक के साथ रहने वाले उनके कुटुम्ब के प्रत्येक सदस्य के लिए 2.7 वर्ग मीटर (30 वर्ग फुट) के हिसाब से होगा।

(ख) इसके अतिरिक्त ठेकेदार प्रत्येक कुटुम्ब के लिए झोंपड़ी की बगल में उपयुक्त रसोईघर बनाएगा जिसका क्षेत्रफल कम से कम 1.80 मीटर x 1.50 मीटर (6 फुट x 5 फुट) होगा।

(ग) ठेकेदार श्रमिकों के उपयोग के लिए अस्थायी शौचालयों और मूत्रालयों का भी सन्निर्माण कराएगा/कराएंगे जो उनकी कुल संख्या के प्रत्येक सौ के लिए चार से कम न होंगे। स्त्रियों के लिए अलग शौचालय और मूत्रालय होंगे।

(घ) ठेकेदार पर्याप्त संख्या में स्नानगृहों और धुलाई के स्थानों का सन्निर्माण कराएगा/कराएंगे जो कैम्प में निवास करने वाले प्रत्येक 25 व्यक्तियों के लिए एक के हिसाब से होंगे। इन स्नानगृहों और धुलाई के स्थानों पर यथोचित बाड़ होगी।

ii) (क) सभी झोपडियों की दीवारें धूप में पकाई गई अथवा चटका ईंटों की होंगी जो गारे या अन्य ऐसी स्थानीय यथोचित सामग्री से, जो भारसाधक इंजीनियर द्वारा अनुमोदित, चिनी गई होंगी। धूप में पकाई गई ईटों के मामले में दीवारों पर दोनों तरफ मडगोबरी से प्लस्तर किया जाएगा। तल कच्चा हो सकता है लेकिन इसमें मडगोबरी से प्लस्तर किया जाएगा और यह, आस–पास की सतह से कम से कम 15 सेमी (6 इंच) ऊंचा होगा। छत फूस या भारसाधक इंजीनियर द्वारा अनुमोदित किसी अन्य सामग्री की होगी और ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि जब तक इन झोपड़ियों में रहा जाता है तब तक छतें टपकें नहीं।

b) The contractor(s) shall provide each hut with proper ventilation.

c) All doors, windows, and ventilators shall be provided with suitable leaves for security purposes.

d) There shall be kept an open space of at least 7.2m (8 yards) between the rows of huts which may be reduced to 6m (20 ft.) according to the availability of site with the approval of the Engineer-in-Charge. Back to back construction will be allowed.

iii) **Water Supply** - The contractor(s) shall provide adequate supply of water for the use of labourers. The provisions shall not be less than two gallons of pure and wholesome water per head per day for drinking purposes and three gallons of clean water per head per day for bathing and washing purposes. Where piped water supply is available, supply shall be at stand posts and where the supply is from wells or river, tanks which may be of metal or masonry, shall be provided. The contractor(s) shall also at his/ their own cost make arrangements for laying pipe lines for water supply to his/their labour camp from the existing mains wherever available, and shall pay all fees and charges therefor.

iv) The site selected for the camp shall be high ground, removed from jungle.

v) **Disposal of Excreta** - The contractor(s) shall make necessary arrangements for the disposal of excreta from the latrines by trenching or incineration which shall be according to the requirements laid down by the Local Health Authorities. If trenching or incineration is not allowed, the contractor(s) shall make arrangements for the removal of the excreta through the Municipal Committee/authority and inform it about the number of labourers employed so that arrangements may be made by such Committee/authority for the removal of the excreta. All charges on this account shall be borne by the contractor and paid direct by him to the Municipality/authority. The contractor shall provide one sweeper for every eight seats in case of dry system.

vi) **Drainage** - The contractor(s) shall provide efficient arrangements for draining away sullage water so as to keep the camp neat and tidy.

vii) The contractor(s) shall make necessary arrangements for keeping the camp area sufficiently lighted to avoid accidents to the workers.

viii) **Sanitation** - The contractor(s) shall make arrangements for conservancy and sanitation in the labour camps according to the rules of the Local Public Health and Medical Authorities.

CLAUSE 19 I

The Engineer-in-Charge may require the contractor to dismiss or remove from the site of the work any person or persons in the contractors' employ upon the work who may be incompetent or misconduct himself and the contractor shall forthwith comply with such requirements.

CLAUSE 19 J

It shall be the responsibility of the contractor to see that the building under construction is not occupied by any body unauthorisedly during construction, and is handed over to the Engineer-in-Charge with vacant possession of complete building. If such building though completed is occupied illegally, then the Engineer-in-Charge shall have the option to refuse to accept the said building/buildings in that position. Any delay in acceptance on this account will be treated as the delay in completion and for such delay a levy upto 5% of tendered value of work may be imposed by the Superintending Engineer whose decision shall be final both with regard to the justification and quantum and be binding on the contractor.

However, the Superintending Engineer, through a notice, may require the contractor to remove the illegal occupation any time on or before construction and delivery.

(ख) ठेकेदार प्रत्येक झोपड़ी में उचित संवातन की व्यवस्था करेगा।

(ग) सुरक्षा की दृष्टि से सभी दरवाजों, खिड़कियों, रोशनदानों में उपयुक्त किवाड़ लगे होंगे।

(घ) झोपड़ियों की कतारों के बीच कम से कम 7.2 मीटर (8 गज) की खुली जगह रखी जाएगी जो स्थान की उपलब्धता के अनुसार भारसाधक इंजीनियर के अनुमोदन से घटाकर 6 मीटर (20 फुट) की जा सकती है। सटे पिछवाड़ों के निर्माण की अनुमति होगी।

iii) **जल आपूर्ति**—ठेकेदार श्रमिकों के उपयोग के लिए पर्याप्त जल आपूर्ति की व्यवस्था करेगा/करेंगे। पीने के प्रयोजनों के लिए प्रतिदिन प्रति व्यक्ति कम से कम 2 गैलन शुद्ध और स्वास्थप्रद जल और स्नान और धुलाई के प्रयोजनों के लिए प्रति दिन प्रति व्यक्ति कम से कम 3 गैलन स्वच्छ जल की व्यवस्था होगी। जहां नल द्वारा जल आपूर्ति उपलब्ध हो वहां जल आपूर्ति स्टैन्ड पोस्टों पर होगा और जहां जल आपूर्ति कुँओं या नदी से हो वहां ऐसी टंकियों की व्यवस्था होगी जो धातु की बनी हो या चिनाई की हों। ठेकेदार विद्यमान पानी की मुख्य लाइन से जहाँ कहीं वे उपलब्ध हो, अपने खर्चे पर अपने श्रमिक कैम्प को जल आपूर्ति के लिए पाईप बिछाने की व्यवस्था करेगा/करेंगे और उसके लिए सभी प्रकार के शुल्कों और प्रभारों का संदाय करेगा/करेंगे।

iv) कैम्प के लिए चुना गया स्थान, जंगल को हटाकर ऊँची भूमि पर होगा।

v) **मल–मूत्र का निपटान**—ठेकेदार शौचालयों के मल–मूत्र के निपटान के लिए खाइयां खोदकर अथवा भस्मीकरण द्वारा ऐसे आवश्यक प्रबंध करेगा/करेंगे जो स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित अपेक्षाओं के अनुसार होंगे। यदि खाइयों को खोदना या भस्मीकरण अनुज्ञात न हो तो ठेकेदार नगरपालिका समिति/प्राधिकारी के माध्यम से मल–मूत्र को हटवाने का प्रबंध करेगा/करेंगे और उसे नियोजित श्रमिकों की संख्या संबंधी जानकारी देगा/देगें जिससे कि ऐसे समिति/प्राधिकारी द्वारा मल–मूत्र के हटवाने का प्रबंध किया जा सके। इससे संबंधित सभी प्रभार ठेकेदार द्वारा वहन किए जाएंगे और उनका संदाय उसके द्वारा सीधे नगरपालिका/प्राधिकारी को किया जाएगा। शुष्क शौचालयों की दशा में ठेकेदार प्रति आठ सीटों के लिए एक झाड़ूकश की व्यवस्था करेगा।

vi) **जल निकास**— ठेकेदार गंदे पानी की निकास के लिए कारगर व्यवस्था करेगा ताकि कैम्प साफ सुथरा रहे।

vii) ठेकेदार दुर्घटनाओं से कर्मकारों के बचाव के लिए कैम्प क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करेगा/करेंगे।

viii) **स्वच्छता**— ठेकेदार स्थानीय लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा प्राधिकारियों के नियमों के अनुसार श्रमिक कैम्पो में मल वहन और स्वच्छता के लिए व्यवस्था करेगा/करेंगे।

खण्ड 19 झ

मशीनरी को उसी दशा में जिसमें वे उसे सुपुर्द की गई थी, लौटाने के लिए जिम्मेदार होगा और वह उक्त संयंत्र और मशीनरी को, कार्य स्थल पर अथवा अन्यत्र प्रचालन के समय या अन्यथा या अभिवहन के दौरान, हुए सभी नुकसानों के लिए जिसमें उसके पुर्जों का नुकसान या हानि भी सम्मिलित है, और उसकी (ठेकेदार की) असफलता के कारण हुई सभी हानियों के लिए उत्तरदायी होगा तथा उस कार्य के, जिसके लिए वह दी गई थी, पूर्ण हो जाने के तुरन्त पश्चात् उन्हें वापस करेगा, ठेकेदार के दायित्व और इस संबंध में उसकी सीमा को अवधारित करने के लिए मंडल इंजीनियर एक मात्र निर्णायक होगा और उसका विनिश्चय अंतिम और ठेकेदार पर आबद्धकर होगा।

iii) यथा ऊपर अनुबद्ध संयंत्र और मशीनरी जैसे ही और जब उपलब्ध होगी और यदि ठेकेदार द्वारा अपेक्षा की जायेगी तब वे दी जाएगी। ठेकेदार अपने कार्य के प्रोग्राम की व्यवस्था संयंत्र और मशीनरी की उपलब्धता के अनुसार करेगा और विभाग द्वारा आपूर्ति में हुई किसी देरी के कारण उसका (ठेकेदार का) कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

iv) संयंत्र और मशीनरी के किराए की वसूली निर्धारित दरों पर की जाएगी जिसमें संयंत्र और मशीनरी सौंपने तथा इनके अच्छी हालत में वापिस करने की तिथियां भी शामिल होंगी चाहे किसी कारणवश इनका प्रयोग न भी किया गया हो, किसी बड़ी खराबी को छोड़कर जिसमें ठेकेदार का कोई दोष न हो और जिसमें निरन्तर तीन कार्य दिवसों से अधिक समय उस संयंत्र को ठीक करवाने में लगा हो (इस अवधि के बीच में आने वाली छुट्टियों तथा रविवार को शामिल नहीं किया जाएगा)। जब भी कोई संयंत्र या मशीनरी खराब हो और पूर्वोक्त अनुसार जिसमें अधिक मरम्मत की आवश्यकता हो, ठेकेदार उसकी लिखित सूचना भारसाधक इंजीनियर को शीघ्र देगा। भारसाधक इंजीनियर ऐसी सूचना प्राप्त होने की तिथि तथा समय संयंत्र और मशीनरी की लॉग–बुक में दर्ज करेगा। इसी आधार पर यदि भोजन समय से पूर्व खराबी हो तो बड़ी खराबी की अवधि शिकायत की तिथि को आधे दिन की खराबी मानकार गिनी जाएगी। यदि खराबी शिकायत की तिथि को भोजन–समय के बाद होती है तो बड़ी खराबी की अवधि अगले कार्य दिवस से आरम्भ कर गिनी जाएगी। इस खण्ड के अन्तर्गत किसी भी मामले में अधीक्षण इंजीनियर का निर्णय अन्तिम और ठेकेदार के लिए बाध्य होगा।

v) ऊपर दर्शाए गए भाड़े प्रभार 8 घन्टे के (जिसमें एक घन्टा बीच में लंच के लिए सम्मिलित है) प्रत्येक दिन या उसके भाग के लिए है।

vi) भाड़ा प्रभारों के अंतर्गत यथा अपेक्षित प्रचालक स्टाफ सेवाएं और स्नेहक तेल और सफाई प्रयोजनों के लिए सामान भी शामिल होगा। ठेकेदार जो संयंत्र और मशीनरी की हिफाजत और सुरक्षा के लिए पूर्णतः जिम्मेदार होगा, संयंत्र और मशीनरी को चलाने के लिए अनुमोदित प्रकार के शक्ति–ईंधन, जलाने की लकड़ी, मिट्टी के तेल आदि की तथा संयंत्र मशीनारी की हानि या नुकसान से बचाव करने के लिए पूर्णकालिक चौकीदार की व्यवस्था करेगा। संयंत्र और मशीनरी का प्रदाय किए जाने पर या उसके पूर्व ठेकेदार संयंत्र और मशीनरी को परिवहन के दौरान या कार्यस्थल पर होने वाली हानि या नुकसान के संबंध में विभाग की क्षतिपूर्ति करने के लिए एक करार पर हस्ताक्षर करेगा।

vii) सामान्यतः, कोई भी संयंत्र और मशीनरी एक दिन में 8 घंटे से, जिसमें मध्याह्न भोजन के लिए एक घन्टे का समय भी शामिल है, अधिक काम नहीं करेगी। किन्तु अति आवश्यक कार्य की दशा में, भारसाधक इन्जीनियर अपने विवेक से संयंत्र और मशीनरी को दिन में 8 घन्टे की सामान्य कार्यावधि से अधिक चलाने की अनुमति दे सकेगा। उस दशा में ठेकेदार द्वारा वहन किया जाने वाला समयोपरि का प्रति–घन्टा भाड़ा प्रभार सामान्य रूप से अनुपातिक प्रति घन्टा प्रभार (दैनिक प्रभार का आठवां भाग) से 50 प्रतिशत अधिक होगा किन्तु किसी विशिष्ट दिन का ऐसा प्रभार कम से कम उतना होगा जो आधे दिन का प्रसामान्य प्रभार होता है। समयोपरि का भाड़ा प्रभार निकलने के लिए आधा घन्टा और उसके ऊपर की अवधि को घन्टे के रूप में प्रभारित किया जाएगा और आधा घन्टे से कम समय की उपेक्षा कर दी जाएगी।

viii) The contractor shall release the plant and machinery every seventh day for periodical servicing and/or wash out which may take about three to four hours or more. Hire charges for full day shall be recovered from the contractor for the day of servicing/ wash out irrespective of the period employed in servicing.

ix) The plant and machinery once issued to the contractor shall not be returned by him on account of lack of arrangements of labour and materials, etc. on his part, the same will be returned only when they are required for major repairs or when in the opinion of the Engineer-in-Charge the work or a portion of work for which the same was issued is completed.

x) Log Book for recording the hours of daily work for each of the plant and machinery supplied to the contractor will be maintained by the Department and will be countersigned by the contractor or his authorised agent daily. In case the contractor contests the correctness of the entries and/or fails to sign the Log Book, the decision of the Engineer-in-Charge shall be final and binding on him. Hire charges will be calculated according to the entries in the Log Book and will be binding on the contractor. Recovery on account of hire charges for road rollers shall be made for the minimum number of days worked out on the assumption that a roller can consolidate per day and maximum quantity of materials or area surfacing as noted against each in the annexed statement (see attached annexure).

xi) In the case of concrete mixers, the contractors shall arrange to get the hopper cleaned and the drum washed at the close of the work each day or each occasion.

a) In case rollers for consolidation are employed by the contractor himself, log book for such rollers shall be maintained in the same manner as is done in case of departmental rollers, maximum quantity of any items to be consolidated for each roller-day shall also be same as in Annexure to Clause 34(x). For less use of rollers, recovery for the less roller days shall be made at the stipulated issue rate.

xii) The contractor shall be responsible to return the plant and machinery in the condition in which it was handed over to him and he shall be responsible for all damage caused to the said plant and machinery at the site of work or elsewhere in operation or otherwise or during transit including damage to or loss of parts, and for all losses due to his failure to return the same soon after the completion of the work for which it was issued. The Divisional Engineer shall be the sole judge to determine the liability of the contractor and its extent in this regard and his decision shall be final and binding on the contractor.

xiii) The contractor will be exempted from levy of any hire charges for the number of days he is called upon in writing by the Engineer-in-Charge to suspend execution of the work, provided Government plant and machinery in question have, in fact, remained idle with the contractor because of the suspension.

xiv) In the event of the contractor not requiring any item of plant and machinery issued by Government though not stipulated for issue in Schedule 'C' any time after taking delivery at the place of issue, he may return it after two days written notice or at any time without notice if he agrees to pay hire charges for two additional days without, in any way, affecting the right of the Engineer-in-Charge to use the said plant and machinery during the said period of two days as he likes including hiring out to a third party.

viii) ठेकेदार संयंत्र और मशीनरी को हर सातवें दिन नियतकालिक सफाई और/या धुलाई के लिए छोड़ देगा जिसमें लगभग तीन से चार घन्टे तक का या इससे अधिक समय लग सकेगा। इस बात का विचार किए बिना की सफाई/धुलाई करने में, कितना समय लगा है, ठेकेदार से सफाई/धुलाई करने वाले दिन के लिए पूरे दिन का भाड़ा प्रभार वसूल किया जाएगा।

ix) ठेकेदार को संयंत्र और मशीनरी एक बार जारी हो जाने पर उन्हें वह अपनी ओर से श्रमिक और समाग्री आदि की व्यवस्था में कमी होने के कारण वापिस नहीं करेगा। उन्हें तभी वापिस किया जाएगा जब कि या तो उनमें भारी मरम्मत की आवश्यकता हो अथवा जब भारसाधक इन्जीनियर की राय में वह कार्य या उसका वह भाग, जिसके लिए उन्हें जारी किया गया था, पूरा हो चुका हो।

x) ठेकेदार को प्रदाय किए गए प्रत्येक संयंत्र और मशीनरी के दैनिक कार्य के समय का अभिलेख रखने के लिए विभाग द्वारा लॉग बुक रखी जाएगी और वह रोजाना ठेकेदार या उसके प्राधिकृत अभिकर्त्ता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित की जाएगी। यदि ठेकेदार यह आपत्ति करता है कि उसकी प्रविष्टियां सही नहीं है और/या लॉग बुक पर हस्ताक्षर करने में असफल रहता है तो भारसाधक इंजीनियर का विनिश्चय अन्तिम और उस पर बाध्यकर होगा। लॉग बुक की प्रविष्टियों के अनुसार भाड़ा प्रभार परिकलित किया जाएगा और वह ठेकेदार पर बाध्यकर होगा। सड़क–रोलरों के भाड़े प्रभार के मद्दे वसूली उतनी न्यूनतम दिनों के लिए की जाएगी जो इस धारणा के आधार पर निकलते हो कि एक रोलर प्रतिदिन उतनी अधिकतम सामग्री या अपृष्ठन क्षेत्र की कुटाई कर सकता है जो संलग्न विवरण में प्रत्येक के सामने लिखी है (संलग्न अनुबंध देखिए)।

xi) कंक्रीट मिश्रक की दशा में, ठेकेदार प्रतिदिन या प्रत्येक अवसर पर काम की समाप्ति पर हॉपर को साफ कराने और ड्रमको धुलवाने की व्यवस्था करेगा।

क) यदि संपिड़न के लिए रोड रोलर ठेकेदार द्वारा स्वयं लगाए जाते हैं तो ऐसे रोलरों की लॉग बुक भी सरकारी रोलरों की भांती रखी जाएगी। रोलर द्वारा प्रत्येक रोलर दिवस को किसी मद को संपिड़ित करने की अधिकतम प्रमात्रा भी खंड 34 (x) के अनुबंध के अनुसार ही होगी। रोलर के कम प्रयोग के लिए न्यून रोलर दिवसों की कटौती अनुबंधित निर्गम दरों पर की जाएगी।

xii) ठेकेदार संयंत्र और मशीनरी को उसी हालत में वापिस करने के लिए जिम्मेदार है जिस हालत में वह उसे सौंपी गई थी और वह उन संयंत्र और मशीनरी में कार्यस्थल पर या अन्यत्र काम करते हुए या अन्य दशा में या लाते ले जाते हुए जो कोई क्षति होगी उसके लिए, जिसमें उसके किन्हीं अवयवों को हुई क्षति या उनका खो जाना भी शामिल है, और जिस काम के लिए वह दी गई थी उसके पूरे होने के तुरंत बाद उसके वापस न करने के कारण होने वाली सभी हानियों के लिए जिम्मेदार होगा। इस संबंध में ठेकेदार की देयता और उसका परिमाण निश्चित करने के लिए मण्डल इन्जीनियर एक मात्र निर्णायक होगा। और उसका निर्णय अन्तिम तथा ठेकेदार पर बाध्यकर होगा।

xiii) भार साधक इजीनियर कार्य निष्पादन को जितने दिन तक स्थगित रखने का लिखित आदेश देगा उतने दिन के लिए ठेकेदार से कोई भाड़ा प्रभार नहीं लिया जाएगा। बशर्ते सरकार के उक्त संयत्र और मशीनरी स्थगन के कारण ठेकेदार के पास वास्तव में निष्क्रिय पड़े रहे।

xiv) सरकार द्वारा जारी संयत्र और मशीनरी की किसी मद, यद्यपि जारी करने के लिए अनुसूची 'ग' में अनुबंधित न हो, को ठेकेदार जारी किए जाने वाले स्थान पर उसकी सुपुर्दगी लेने के बाद किसी भी समय जब आवश्यक नहीं समझता तो वह दो दिन का लिखित नोटिस देने के बाद या दो दिन का अतिरिक्त भाड़ा प्रभार का भुगतान करने के लिए सहमत होने पर, और उक्त संयत्र और मशीनरी को उक्त दो दिन की अवधि के लिए किसी तीसरे पक्ष को भाड़े पर देने और उन्हें जैसे चाहे वैसे प्रयोग करने के भारसाधक इंजीनियर के अधिकार पर कोई प्रभाव डाले बिना, वापस कर सकता है।

CLAUSE 35

Condition relating to use of asphaltic materials

i) The contractor undertakes to make arrangement for the supervision of the work by the firm supplying the tar or bitumen used.

ii) The contractor shall collect the total quantity of tar or bitumen required for the work as per standard formula, before the process of painting is started and shall hypothecate it to the Engineer-in-Charge. If any bitumen or tar remains unused on completion of the work on account of lesser use of materials in actual execution for reasons other than authorised changes of specifications and abandonment of portion of work, a corresponding deduction equivalent to the cost of unused materials as determined by the Engineer-in-Charge shall be made and the material return to the contractors. Although the materials are hypothecated to Government, the contractor undertakes the responsibility for their proper watch, safe custody and protection against all risks. The materials shall not be removed from site of work without the consent of the Engineer-in-Charge in writing.

iii) The contractor shall be responsible for rectifying defects noticed within a year from the date of completion of the work and the portion of the security deposit relating to asphaltic work shall be refunded after the expiry of this period.

CLAUSE 36

Employment of Technical Staff and employees

Contractors Superintendence, Supervision, Technical Staff & Employees

i) The contractor shall provide all necessary superintendence during execution of the work and as along thereafter as may be necessary for proper fulfilling of the obligations under the contract.

The contractor shall immediately after receiving letter of acceptance of the tender and before commencement of the work, intimate in writing to the Engineer-in-Charge the name, qualifications, experience, age, address and other particulars along with certificates, of the principal technical representative to be in charge of the work. Such qualifications and experience shall not be lower than specified in Schedule 'F'. The Engineer-in-Charge shall within 15 days of receipt of such communication intimate in writing his approval or otherwise of such a representative to the contractor. Any such approval may at any time be withdrawn and in case of such withdrawal, the contractor shall appoint another such representative according to the provisions of this clause. Decision of the tender accepting authority shall be final and binding on the contractor in this respect. Such a principal technical representative shall be appointed by the contractor soon after receipt of the approval from Engineer-in-charge and shall be available at site within fifteen days of start of work.

If the contractor (or any partner in case of firm/company) who himself has such qualifications, it will not be necessary for the said contractor to appoint such a principal technical representative but the contractor shall designate and appoint a responsible agent to represent him and to be present at the work whenever the contractor is not in a position to be so present. All the provisions applicable to the principal technical representative under the Clause will also be applicable in such a case to contractor or his responsible agent. The principal technical representative and/or the contractor shall on receiving reasonable notice from the Engineer-in-Charge or his designated representative(s) in charge of the work in writing or in person or otherwise, present himself to the Engineer-in-Charge and/or at the site of work, as required, to take instructions. Instructions given to the principal technical representative or the responsible agent shall be deemed to have the same force as if these have been given

खण्ड 35

एस्फाल्ट सामग्रियों के प्रयोग सम्बन्धी शर्तें

i) ठेकेदार उपयोग किए जाने वाले टार या बिटूमेन की आपूर्ति करने वाली फर्म द्वारा कार्य के पर्यवेक्षण के लिए व्यवस्था करने के लिए वचनबद्ध है।

ii) ठेकेदार डामर लगाने की प्रक्रिया के प्रारम्भ से पूर्व मानक सूत्र के अनुसार कार्य के लिए अपेक्षित टार या बिटूमेन की कुल मात्रा संग्रहीत करेगा और उसे भारसाधक इंजीनियर के पास दृष्टिबंधक रखेगा। यदि कार्य पूरा हो जाने पर, विनिर्देशों की प्राधिकृत तब्दीलियों और कार्य भाग के त्याग से भिन्न अन्य कारणों के लिए वास्तविक निष्पादन में सामग्री के कम उपयोग के कारण कोई बिटुमेन या टार बिना काम में आए बचा रहता है तो भारसाधक इंजीनियर द्वारा यथा अवधारित अप्रयुक्त सामग्री की लागत के समतुल्य तत्सम कटौती की जाएगी और सामग्री ठेकेदारों को वापस लौटा दी जाएगी। यद्यपि सामग्री सरकार के पास दृष्टिबंधक रखी जाती है, तथापि ठेकेदार सभी जोखिमों से उनकी समुचित रखवाली, सुरक्षित अभिरक्षा और सुरक्षा का उत्तरदायित्व अपने ऊपर लेता है। सामग्री भारसाधक इंजीनियर की लिखित सम्मति के बिना कार्यस्थल से नहीं हटाई जाएगी।

iii) ठेकेदार कार्य पूरा हो जाने की तारीख से एक वर्ष के भीतर पता लगने वाली त्रुटियों को ठीक करने के लिए उत्तरदायी होगा और एस्फाल्टी कार्य से संबंधित प्रतिभूति निक्षेप के भाग का इस कालावधि के अवसान के पश्चात प्रतिदाय कर दिया जाएगा।

खण्ड 36

ठेकेदार द्वारा अधीक्षण, पर्यवेक्षण, तकनीकी स्टाफ और कर्मचारीगण

तकनीकी स्टाफ और कर्मचारियों का नियोजन

i) ठेकेदार कार्य निष्पादन के दौरान और उसके बाद भी ठेके के तहत दायित्वों को समुचित ढंग से निभाने के लिए सभी आवश्यक अधीक्षण की व्यवस्था करेगा।

ठेकेदार निविदा स्वीकृति के पत्र की प्राप्ति के बाद और कार्य प्रारंभ होने से पूर्व, तत्काल कार्य के प्रभारी प्रमुख तकनीकी प्रतिनिधि के नाम, अर्हताओं, अनुभव, आयु, पता और प्रमाणपत्रों सहित अन्य विवरणों की लिखित सूचना भारसाधक इंजीनियर को देगा। ये अर्हताएं और अनुभव अनुसूची 'च' में निर्दिष्ट से कम नहीं होंगी। भारसाधक इंजीनियर ऐसी सूचना मिलने के 15 दिन के भीतर ठेकेदार के ऐसे प्रतिनिधि के संबंध में अपने अनुमोदन या अन्यथा की लिखित सूचना देगा। ऐसा अनुमोदन किसी भी समय वापिस लिया जा सकता है और वापेस लेने पर ठेकेदार इस खण्ड के उपबंधों के अनुसार ऐसा अन्य प्रतिनिधि नियुक्त करेगा। इस संबंध में निविदा स्वीकार करने वाले प्राधिकारी का निर्णय ठेकेदार के लिए अंतिम और बाध्यकारी होगा। भारसाधक इंजीनियर से ऐसा अनुमोदन प्राप्त होने के तुरन्त बाद ठेकेदार एक प्रमुख तकनीकी प्रतिनिधि नियुक्त करेगा और वह कार्य प्रारंभ होने के 15 दिन के भीतर कार्यस्थल पर उपलब्ध रहेगा।

यदि ठेकेदार (या फर्म/कंपनी के मामले में उसके किसी भागीदर) के पास स्वंय ऐसी अर्हताएं हों तो उक्त ठेकेदार को ऐसा प्रमुख तकनीकी प्रतिनिधि नियुक्त करना आवश्यक नहीं होगा लेकिन ठेकेदार एक जिम्मेदार अभिकर्ता को अभिनामित और नियुक्त करेगा जो ठेकेदार के उपस्थित न होने की स्थिति में उसका प्रतिनिधित्व करेगा और कार्यस्थल पर उपस्थित रहेगा। ऐसे मामले में खण्ड के तहत प्रमुख तकनीकी प्रतिनिधि पर लागू सभी उपबंध ठेकेदार या उसके जिम्मेदार अभिकर्ता पर भी लागू होंगे। भारसाधक इंजीनियर या कार्य के प्रभारी अभिनामित उसके प्रतिनिधि/प्रतिनिधियों से लिखित या व्यक्तिगत रूप से या अन्यथा समुचित नोटिस प्राप्त होने पर प्रमुख तकनीकी प्रतिनिधि और/या ठेकेदार अनुदेश लेने के लिए भारसाधक इंजीनियर के समक्ष और/या कार्यस्थल, यथा अपेक्षित, पर उपस्थित होगा। प्रमुख तकनीकी प्रतिनिधि या जिम्मेदार अभिकर्ता को दिए गए अनुदेश उतने ही प्रभावी माने जाएंगे जितने यदि वे ठेकेदार को दिए जाने पर होते। प्रमुख तकनीकी प्रतिनिधि और/या ठेकेदार या उसका जिम्मेदार प्राधिकृत अभिकर्ता सप्ताह में कम से कम दो दिन कार्यस्थल में उपस्थित रहेंगे, ये दो दिन भारसाधक इंजीनियर से परामर्श करके निश्चित किए जाएंगे! इसके साथ–साथ कार्य निष्पादन के

to the contractor. The principal technical representative and/or the contractor or his responsible authorised agent shall be actually available at site atleast two working days every week, these days shall be determined in consultation with the Engineer-in-Charge as well as fully during important stages of execution of work, during recording of measurement of works and whenever so required by the Engineer-in-Charge by a notice as aforesaid and shall also note down instructions conveyed by the Engineer-in- Charge or his designated representative in the site order book and shall affix his signature in token of noting down the instructions and in token of acceptance of measurements. There shall be no objection if the representative/agent looks after more than one work and not more than three works in the same station provided these details are disclosed to the Engineer-in-Charge and he shall be satisfied that the provisions and the purpose of this clause are fulfilled satisfactorily.

If the Engineer-in-Charge, whose decision in this respect is final and binding on the contractor, is convinced that no such technical representative or agent is effectively appointed or is effectively attending or fulfilling the provision of this clause, a recovery shall be effected from the contractor as specified in Schedule 'F' and the decision of the Engineer-in-Charge as recorded in the site order book and measurement recorded in Measurement Books shall be final and binding on the contractor. Further if the contractor fails to appoint a suitable technical representative or responsible agent and if such appointed persons are not effectively present or do not discharge their responsibilities satisfactorily, the Engineer-in-Charge shall have full powers to suspend the execution of the work until such date as a suitable agent is appointed and the contractor shall be held responsible for the delay so caused to the work. The contractor shall submit a certificate of employment of the technical representative/responsible agent alongwith every on account bill/final bill and shall produce evidence if at any time so required by the Engineer-in-Charge.

ii) The contractor shall provide and employ on the site only such technical assistants as are skilled and experienced in their respective fields and such foremen and supervisory staff as are competent to give proper supervision to the work.

The contractor shall provide and employ skilled, semiskilled and unskilled labour as is necessary for proper and timely execution of the work.

The Engineer-in-Charge shall be at liberty to object to and require the contractor to remove from the works any person who in his opinion misconducts himself, or is incompetent or negligent in the performance of his duties or whose employment is otherwise considered by the Engineer-in-Charge to be undesirable. Such person shall not be employed again at works site without the written permission of the Engineer-in-Charge and the persons so removed shall be replaced as soon as possible by competent substitutes.

CLAUSE 37

Levy/Taxes payable by Contractor

i) Sales Tax or any other tax on materials in respect of this contract shall be payable by the contractor and Government shall not entertain any claim whatsoever in this respect.

ii) The contractor shall deposit royalty and obtain necessary permit for supply of the red bajri, stone, kankar, etc. from local authorities.

iii) If pursuant to or under any law, notification or order any royalty, cess or the like becomes payable by the Government of India and does not any time become payable by the contractor to the State Government. Local authorities in respect of any material used by the contractor in the works then in such a case, it shall be lawful to the Government of India and it will have the right and be entitled to recover the amount paid in the circumstances as aforesaid from dues of the contractor.

महत्वपूर्ण स्तरों के दौरान, कार्य की माप दर्ज करने के दौरान और पूर्वोक्त अनुसार भारसाधक इंजीनियर द्वारा नोटिस, जब कभी आवश्यक हो, कार्यस्थल पर पूरे समय उपस्थित रहेंगे और भारसाधक इंजीनियर या उसके अभिनामित प्रतिनिधि द्वारा कार्यस्थल आदेश बही में दिए गए अनुदेशों को नोट करेगें और अनुदेशों को नोट कर लिए जाने के प्रमाण स्वरूप और माप स्वीकार करने के प्रमाणस्वरूप उसमें हस्ताक्षर करेंगें। प्रतिनिधि/अभिकर्ता द्वारा एक ही स्टेशन पर एक से अधिक कार्य और तीन से अनधिक कार्यो की देखभाल करने पर कोई आपत्ति नहीं होगी बशर्ते ये ब्यौरे भारसाधक इंजीनियर को बता दिए गए हों और वह इस बात से संतुष्ट हो कि उपबंधों और खण्ड का प्रयोजन संतोषजनक ढंग से पूरा हो गया है।

यदि भारसाधक इंजीनियर, जिसका निर्णय इस संबंध में ठेकेदार के लिए अंतिम और बाध्यकारी होगा, यह समझे कि ऐसा तकनीकी प्रतिनिधि या अभिकर्ता प्रभावपूर्ण ढंग से नियुक्त नहीं किया गया है या प्रभावपूर्ण ढंग से देखभाल नहीं कर रहा है या इस खण्ड के उपबंधों का पालन नहीं कर रहा है तो ठेकेदार से अनुसूची 'च' में निर्दिष्ट अनुसार वसूली की जाएगी और भारसाधक इंजीनियर का निर्णय कार्यस्थल बही में दर्ज अनुसार और माप बही में दर्ज माप ठेकेदार के लिए अंतिम और बाध्यकारी होंगी। आगे यह भी कि यदि ठेकेदार उपयुक्त तकनीकी प्रतिनिधि या जिम्मेदार अभिकर्ता नियुक्त करने में असफल रहता है या यदि नियुक्त किया गया व्यक्ति उपस्थित नहीं रहता या संतोषजनक ढंग से दायित्वों का निर्वाह नहीं करता तो जब तक ऐसा उपयुक्त अभिकर्ता नियुक्त नहीं कर लिया जाता, तब तक के लिए कार्य निष्पादन को स्थगित करने का भारसाधक इंजीनियर को पूरा अधिकार होगा और इसके कारण कार्य में विलंब के लिए ठेकेदार को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। ठेकेदार प्रत्येक लेखा बिल/निश्चित बिल के साथ तकनीकी प्रतिनिधि/जिम्मेदार अभिकर्ता की नियुक्ति का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा और भारसाधक इंजीनियर द्वारा किसी भी समय अपेक्षित हो तो वह प्रमाण प्रस्तुत करेगा।

ii) ठेकेदार कार्यस्थल पर केवल ऐसे तकनीकी सहायकों, जो कुशल और अपने संबंधित क्षेत्र में अनुभवी हों और ऐसे फोरमैन और पर्यवेक्षक स्टाफ, जो कार्य के उचित पर्यवेक्षण में सक्षम हों, की व्यवस्था और नियोजन करेगा।

कार्य के उचित और समय पर निष्पादन के लिए ठेकेदार यथा आवश्यक कुशल, अर्धकुशल, और अकुशल श्रमिकों की व्यवस्था और नियोजन करेगा।

भारसाधक इंजीनियर, किसी भी संबंध में आपत्ति करने के लिए स्वतंत्र होगा और किसी भी व्यक्ति, जो उसकी राय में दुर्व्यवहार करता हो, या अक्षम या अपने कर्तव्य को निभाने में लापरवाह हो, या जिसका नियोजन भारसाधक इंजीनियर अन्यथा अनावश्यक समझें, को कार्य से हटाने के लिए ठेकेदार को निर्देश दे सकता है। भारसाधक इंजीनियर की अनुमति के बिना ऐसा व्यक्ति पुनः कार्यस्थल पर नहीं लगाया जाएगा और इस प्रकार हटाए गए व्यक्तियों के स्थान पर यथाशीघ्र सक्षम व्यक्ति लगाए जाएंगे।

खण्ड 37

लेवी/कर ठेकेदार द्वारा संदेय

i) इस ठेके की बाबत सामग्री पर विक्रय कर या कोई अन्य कर ठेकेदार द्वारा संदेय होगा और सरकार इस संबंध में कोई भी दावा ग्रहण नही करेगी।

ii) ठेकेदार रायल्टी जमा करेगा और लाल बजरी, पत्थर, कंकर आदि की आपूर्ति के लिए स्थानीय प्राधिकारियों से आवश्यक अनुमति लेगा।

iii) यदि किसी विधि, अधिसूचना या आदेश के अनुसरण में या उसके अधीन कोई रायल्टी, उपकर, या इसी प्रकार की कोई रकम ठेकेदार द्वारा प्रयुक्त किसी सामग्री के बारे में राज्य सरकार स्थानीय प्राधिकारियों को भारत सरकार द्वारा संदेय हो जाती है और किसी समय ठेकेदार द्वारा संदेय नहीं होती है, तो ऐसी दशा में भारत सरकार के लिए यह विधियुक्त होग और उसका यह अधिकार होगा तथा वह इस बात के लिए हकदार होगी कि वह यथापूर्वोक्त परिस्थितियों में संदत्त की गई रकम ठेकेदार को देय राशि में से वसूल कर लें।

CLAUSE 38

Conditions for reimbursement of levy/taxes if levied after receipt of tenders

i) All tendered rates shall be inclusive of all taxes and levies payable under respective statutes. However, pursuant to the Constitution (46th Amendment) Act, 1982, if any further tax or levy is imposed by Statute, after the last stipulated date for the receipt of tender including extensions if any and the contractor thereupon necessarily and properly pays such taxes/levies, the contractor shall be reimbursed the amount so paid, provided such payments, if any, is not, in the opinion of the Superintending Engineer (whose decision shall be final and binding on the contractor) attributable to delay in execution of work within the control of the contractor.

ii) The contractor shall keep necessary books of accounts and other documents for the purpose of this condition as may be necessary and shall allow inspection of the same by a duly authorised representative of the Government and/or the Engineer-in-Charge and further shall furnish such other information/document as the Engineer-in-Charge may require from time to time.

iii) The contractor shall, within a period of 30 days of the imposition of any such further tax or levy, pursuant to the Constitution (Forty Sixth Amendment) Act 1982, give a written notice thereof to the Engineer-in-Charge that the same is given pursuant to this condition, together with all necessary information relating thereto.

CLAUSE 39

Termination of Contract on death of contractor

Without prejudice to any of the rights or remedies under this contract if the contractor dies, the Divisional Officer on behalf of the President of India shall have the option of terminating the contract without compensation to the contractor.

CLAUSE 40

If relation working in CPWD then the contractor not allowed to tender

The contractor shall not be permitted to tender for works in the CPWD circle (responsible for award and execution of contracts) in which his near relative is posted as Divisional Accountant or as an officer in any capacity between the grades of the Superintending Engineer and Assistant Engineer (both inclusive). He shall also intimate the names of persons who are working with him in any capacity or are subsequently employed by him and who are near relatives to any Gazetted Officer in the C.P.W.D. or in the Ministry of Urban Development. Any breach of this condition by the contractor would render him liable to be removed from the approved list of contractors of this Department. **If however the contractor is registered in any other department, he shall be debarred from tendering in CPWD for any breach of this condition**

NOTE: By the term "near relatives" is meant wife, husband, parents and grand parents, children and grand children, brothers and sisters, uncles, aunts and cousins and their corresponding in-laws.

CLAUSE 41

No Gazetted Engineer to work as Contractor within two years of retirement

No engineer of gazetted rank or other gazetted officer employed in engineering or administrative duties in an engineering department of the Government of India shall work as a contractor or employee of a contractor for a period of two years after his retirement from government service without the previous permission of Government of India in writing. This contract is liable to be cancelled if either the contractor or any of his employees is found at any time to be such a person who had not obtained the permission of Government of India as aforesaid, before submission of the tender or engagement in the contractor's service, as the case may be.

CLAUSE 42

Return of material & recovery for excess material issued.

i) After completion of the work and also at any intermediate stage in the event of non-reconciliation of materials issued, consumed and in balance - (see Clause 10),

खण्ड 38

निविदा प्राप्ति के बाद लेवी/कर लगाए गए हो तो उनकी वापसी की शर्तें

i) सभी निविदित दरों में संबंधित विधानों के तहत देय सभी कर और लेवियां सम्मिलित है। फिर भी संविधान (46वां संशोधन) अधिनियम 1982 के अनुपालन में विधान द्वारा आगे कोई और कर या लेवी लगाई जाती है, जो निविदा स्वीकार करने की अंतिम निर्धारित तारीख के बाद जिसमें समय वृद्धि, यदि हो, शामिल है, में हो और ठेकेदार अनिवार्य रूप से और उचित प्रकार से ऐसे करों/ लेवियों का भुगतान करता है तो ठेकेदार द्वारा इस प्रकार दी गई राशि उसे वापस भुगतान कर दी जाएगी बशर्ते अधीक्षण इंजीनियर (जिसका निर्णय अंतिम और ठेकेदार के लिए बाध्यकारी होगा) की राय में ऐसे भुगतान, यदि हो, ठेकेदार के नियंत्रणाधीन कार्य के निष्पादन में विलंब के कारण न हो।

ii) ठेकेदार इस शर्त के प्रयोजन के लिए यथा आवश्यक, आवश्यक लेखा बहियां और अन्य कागजात रखेगा और सरकार के प्राधिकृत प्रतिनिधि और/या भारसाधक इंजीनियर को उसका निरीक्षण करने देगा और भारसाधक इंजीनियर द्वारा मांगे जाने पर समय–समय पर यथा अपेक्षित अन्य सूचना/ कागजात देगा।

iii) ऐसे किसी और कर या लेवी के लगने के 30 दिन के भीतर ठेकेदार, संविधान (46वें संशोधन) अधिनियम 1982 के अनुपालन में भारसाधक इंजीनियर को उसका लिखित नोटिस देगा कि इस शर्त के अनुपालन में उसने वह राशि और उससे संबंधित सभी संबंधित जानकारी दे दी है।

खण्ड 39

ठेकेदार की मृत्यु पर ठेका समाप्त

इस ठेके के अधीन या उपचारों में से किसी पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, यदि ठेकेदार मर जाता है तो मंडल अधिकारी को भारत के राष्ट्रपति को ओर से यह विकल्प होगा कि वह ठेकेदार को प्रतिकर दिए बिना ठेके को समाप्त कर दे।

खण्ड 40

यदि संबंधी के.लो.नि.वि में कार्यरत्त हों तो ठेकेदार निविदा नहीं दे सकता

ठेकेदार (ठेके दिए जाने और निष्पादन के लिए उत्तरदायी) के.लो.नि.वि. परिमंडल में जिसमें उसका निकट नातेदार मण्डल लेखापाल या अधीक्षक इंजीनियर और सहायक इंजीनियर (दोनों को सम्मलित करते हुए) की श्रेणियों के बीच किसी हैसियत में कोई आफिसर है, कार्यों के लिए निविदा करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। वह ऐसे व्यक्तियों के नाम भी प्रज्ञापित करेगा जो उसके साथ किसी भी हैसियत से कार्य कर रहे हैं या तत्पश्चात नियोजित किए जाते हैं और जो के.लो.नि.विभाग में या शहरी विकास मंत्रालय के किसी राजपत्रित आफिसर के निकट नातेदार है। ठेकेदार द्वारा इस शर्त का कोई भंग उसे इस विभाग के ठेकेदारों की अनुमोदित सूची से हटाए जाने के लिए दायी बनाएगा। फिर भी, यदि ठेकेदार किसी अन्य विभाग में पंजीकृत है तो वह इस शर्त के उल्लंघन के लिए के.लो.नि.वि में निविदा देने का पात्र नहीं रहेगा।

टिप्पणी ''निकट नातेदार'' शब्द से पत्नी, पति, माता–पिता और पितामह– पितामही, संतति और पौत्र–पौत्रियाँ, भाई और बहनें, चाचा–चाची और चचेरे, ममेरे भाई तथा उनके तत्संबंधी ससुराली नातेदार अभिप्रेत है।

खण्ड 41

सेवा–निवृति के दो वर्ष तक कोई भी राजपत्रित इंजीनियर ठेकेदार के रूप में कार्य नहीं करेगा।

भारत सरकार के इंजीनियरी विभाग में इंजीनियर या प्रशासनिक कर्तव्यों में नियोजित राजपत्रित श्रेणी का कोई इंजीनियर या अन्य राजपत्रित अधिकारी भारत सरकार के लिखित पूर्व अनुमोदन के बिना अपनी निवृति के दो वर्ष की कालावधि तक ठेकेदार/ठेकेदार के कर्मचारी के रूप में कार्य नहीं करेगा। यह ठेका रद्द किया जा सकता है, यदि किसी समय यह पाया कि ठेकेदार या उसका कोई कर्मचारी ऐसा व्यक्ति है जिससे यथास्थिति निविदा या ठेकेदार की सेवा में लगने से पूर्व भारत सरकार से यथापूर्वोक्त अनुज्ञा अधिप्राप्त नहीं कर ली थी।

खण्ड 42

सामग्रियों की वापिसी निर्गत अधिक सामग्रियों के लिए वसूली

i) कार्य पूरा होने के बाद और उसके मध्यवर्ती किसी भी स्तर पर निर्गत, प्रयुक्त और शेष सामग्रियों (खण्ड 10 देखें) का समाशोधन न होने की दशा में कार्य में प्रयोग के लिए सरकार द्वारा निर्गत सामग्रियों की

theoretical quantity of materials issued by the Government for use in the work shall be calculated on the basis and method given hereunder:-

a) Quantity of cement & bitumen shall be calculated on the basis of quantity of cement & bitumen required for different items of work as shown in the Schedule of Rates mentioned in Schedule 'F'. In case any item is executed for which standard constants for the consumption of cement or bitumen are not available in the above mentioned schedule/statement or cannot be derived from the same shall be calculated on the basis of standard formula to be laid down by the Engineer-in-Charge.

b) Theoretical quantity of steel reinforcement or structural steel sections shall be taken as the quantity required as per design or as authorised by Engineer-in-Charge, including authorised lappages, chairs etc. plus 3% wastage due to cutting into pieces, such theoretical quantity being determined and compared with the actual issues each diameterwise, sectionwise and categoriwise separately.

c) Theoretical quantity of G.I. & C.I. or other pipes, conduits, wires and cables, pig lead and G.I./M.S. sheets shall be taken as quantity actually required and measured plus 5% for wastage due to cutting into pieces (except in the case of G.I./M.S. sheets it shall be 10%), such determination & comparison being made diameterwise & categoriwise.

d) For any other material as per actual requirements.

ii) Over the theoretical quantities of materials so computed a variation shall be allowed as specified in Schedule 'F'. The difference in the net quantities of material actually issued to the contractor and the theoretical quantities including such authorised variation, if not returned by the contractor or if not fully reconciled to the satisfaction of the Engineer-in- Charge within fifteen days of the issue of written notice by the Engineer-in-charge to this effect shall be recovered at the rates specified in Schedule 'F', without prejudice to the provision of the relevant conditions regarding return of materials governing the contract. Decision of Engineer-in-Charge in regard to theoretical quantities of materials, which should have been actually used as per the Annexure of the standard schedule of rates and recovery at rates specified in Schedule 'F', shall be final & binding on the contractor.

For non scheduled items, the decision of the Superintending Engineer regarding theoretical quantities of materials which should have been actually used, shall be final and binding on the contractor.

iii) The said action under this clause is without prejudice to the right of the Government to take action against the contractor under any other conditions of contract for not doing the work according to the prescribed specifications.

CLAUSE 43

Compensation during warlike situations

The work (whether fully constructed or not) and all materials, machines, tools and plants, scaffolding, temporary buildings and other things connected therewith shall be at the risk of the contractor until the work has been delivered to the Engineer-in-Charge and a certificate from him to that effect obtained. In the event of the work or any materials properly brought to the site for incorporation in the work being damaged or destroyed in consequence of hostilities or warlike operation, the contractor shall when ordered (in writing) by the Engineer-in-Charge to remove any debris from the site, collect and properly stack or remove in store all serviceable

अनुमान मूलक मात्रा की गणना यहां नीचे दिए गए आधार पर और विधि से की जाएगी:–

(क) सीमेन्ट और बिटुमन की मात्रा की गणना अनुसूची ''च'' में उल्लिखित दरों की अनुसूची में बताए अनुसार कार्य की विभिन्न मदों के लिए अपेक्षित सीमेन्ट और बिटुमन की मात्रा के आधार पर की जाएगी, यदि कोई ऐसी मद निष्पादित की जाती है जिसमें सीमेन्ट और बिटुमन की खपत के लिए मानक स्थिरक उपर्युक्त अनुसूची/विवरणी में नहीं है या उनसे परिकलित नहीं की जा सकती तो ऐसे मामले में भारसाधक इंजीनियर द्वारा दिए जाने वाले मानक सूत्र के आधार पर गणना की जाएगी।

ख) इस्पात पुनर्बलन या संरचनात्मक इस्पात काटों की सैद्धान्तिक मात्रा को यह माना जाएगा कि वह अभिकल्प के अनुसार या भारसाधक इंजीनियर द्वारा प्राधिकृत अनुसार अपेक्षित मात्रा है। इसमें प्राधिकृत लैपेजेज़, कुर्सियां आदि और टुकड़ों में काटने के कारण 3 प्रतिशत छीजन सम्मिलित है। ऐसी सैद्धान्तिक मात्रा का निर्धारण और तुलना व्यास अनुसार, काट अनुसार और श्रेणी अनुसार प्रत्येक अलग–अलग वास्तविक निर्गत से किया जाएगा।

ग) जस्ती, लोहा और ढलवां लोहा या अन्य नलों, कड्यूट, तारों और केबलों, पिग लैड और जस्ती, लोहा/मृदु इस्पात सीटों की सैद्धान्तिक मात्रा को वास्तव में अपेक्षित और मापी गई मात्रा माना जाएगा। इसमें टुकड़ों में काटने के कारण 5 प्रतिशत छीजन के लिए जोड़ा जाएगा (जस्ता, लोहा/मृदु इस्पात सीटों के मामले में 10 प्रतिशत) ऐसा निर्धारण और तुलना व्यास अनुसार और श्रेणी अनुसार होगी।

(घ) किसी भी अन्य सामग्री के लिए वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार।

ii) इस प्रकार परिकलित सामग्रियों की सैद्धान्तिक मात्राओं में अनुसूची ''च'' में निर्दिष्ट अनुसार विचलन अनुमत्य होगा। ठेकेदार को वास्तव में निर्गत की गई सामग्रियों की कुल मात्रा और ऐसे प्राधिकृत विचलन सहित सैद्धान्तिक मात्राओं का अन्तर यदि ठेकेदार द्वारा वापिस नहीं किया जाता है या भारसाधक इंजीनियर द्वारा इस आशय के लिखित नोटिस के जारी होने के पन्द्रह दिन के भीतर भारसाधक इंजीनियर की पूर्ण सन्तुष्टि अनुसार पूरी तरह समाशोधित नहीं किया गया है तो सामग्रियों की वापसी के संबंध में ठेका शासित करने वाली संबंधित शर्तों के उपबंधों पर बिना कोई प्रभाव डाले उसे अनुसूची ''च'' में निर्दिष्ट दरों के अनुसार वसूल किया जाएगा। सामग्रियों की सैद्धान्तिक मात्राओं, जिन्हें अनुसूची 'च' में निर्दिष्ट दरों पर दरों और वसूली की मानक अनुसूची के अनुलग्नक के अनुसार वास्तव में प्रयुक्त कर लिया जाना चाहिए था, के संबंध में भारसाधक इंजीनियर का निर्णय अंतिम और ठेकेदार के लिए बाध्यकारी होगा।

गैर अनुसूचित मदों के लिए सामग्रियों की सैद्धान्तिक मात्राओं, जिन्हें वास्तव में प्रयुक्त किया जाना चाहिए था, के संबंध मे अधीक्षण इंजीनियर का निर्णय अंतिम और ठेकेदार के लिए बाध्यकारी होगा।

iii) इस खण्ड के तहत उक्त कार्रवाई से ठेकेदार द्वारा निर्धारित विनिर्देशों के अनुरूप कार्य न करने के लिए ठेके की किसी भी अन्य शर्त के तहत ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने के सरकार के अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

खण्ड 43

युद्ध जैसी स्थिति के दौरान प्रतिकर

जब तक कार्य, भारसाधक इंजीनियर को कार्य परिदत नहीं कर दिया जाता और उससे उस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं कर लिया जाता तब तक कार्य (चाहे पूर्णतः निर्मित हो अथवा नहीं) और उससे सम्बन्धित सब मशीनें, औजार और संयंत्र, पाड़, अस्थाई भवन और अन्य वस्तुएं ठेकेदार के जोखिम पर रहेंगी। कार्य या उसमें लगाने के लिए स्थल पर उचित रूप से लाई गई किसी सामग्री को संघर्षों या युद्ध जैसी संक्रियाओं के परिणामस्वरूप क्षति होने अथवा उसके नष्ट होने की दशा में ठेकेदार भारसाधक इंजीनियर द्वारा लिखित आदेश

materials salvaged from the damaged work and shall be paid at the contract rates in accordance with the provision of this agreement for the work of clearing the site of debris, stacking or removal of serviceable material and for reconstruction of all works ordered by the Engineer-in-Charge, such payments being in addition to compensation upto the value of the work originally executed before being damaged or destroyed and not paid for. In case of works damaged or destroyed but not already measured and paid for, the compensation shall be assessed by the Divisional Officer upto Rs.5,000/- and by the Superintending Engineer concerned for a higher amount. The contractor shall be paid for the damages/destruction suffered and for the restoring the material at the rate based on analysis of rates tendered for in accordance with the provision of the contract. The certificate of the Engineer-in-Charge regarding the quality and quantity of materials and the purpose for which they were collected shall be final and binding on all parties to this contract.

Provided always that no compensation shall be payable for any loss in consequence of hostilities or warlike operations (a) unless the contractor had taken all such precautions against air raid as are deemed necessary by the A.R.P. Officers or the Engineer-in-Charge (b) for any material etc. not on the site of the work or for any tools, plant, machinery, scaffolding, temporary building and other things not intended for the work.

In the event of the contractor having to carry out reconstruction as aforesaid, he shall be allowed such extension of time for its completion as is considered reasonable by the Divisional Officer.

CLAUSE 44

Apprentices Act provisions to be complied with

The contractor shall comply with the provisions of the Apprentices Act, 1961 and the rules and orders issued thereunder from time to time. If he fails to do so, his failure will be a breach of the contract and the Superintending Engineer may, in his discretion, cancel the contract. The contractor shall also be liable for any pecuniary liability arising on account of any violation by him of the provisions of the said Act.

CLAUSE 45

Release of Security deposit after labour clearance

Security Deposit of the work shall not be refunded till the contractor produces a clearance certificate from the Labour Officer. As soon as the work is virtually complete the contractor shall apply for the clearance certificate to the Labour Officer under intimation to the Engineer-in-Charge. The Engineer-in-Charge, on receipt of the said communication, shall write to the Labour Officer to intimate if any complaint is pending against the contractor in respect of the work. If no complaint is pending, on record till after 3 months after completion of the work and/or no communication is received from the Labour Officer to this effect till six months after the date of completion, it will be deemed to have received the clearance certificate and the Security Deposit will be released if otherwise due.

NOTE:

In case of difference or ambiguity in Hindi and English version, the English version will prevail

दिए जाने पर कार्यस्थल से मलवे को हटाएगा और क्षतिग्रस्त कार्य से उद्धास्ति काम में आने लायक सारी सामग्री इकट्ठी करेगा और उसका उचित रूप से ढेर लगाएगा अथवा उसे भण्डार में ले जाएगा तथा मलवे को कार्यस्थल से साफ करने के काम में आने लायक सामग्री का ढेर लगाने या उसे हटाने के कार्य के लिए और भारसाधक इंजीनियर द्वारा निर्दिष्ट समस्त कार्यों को फिर से पूरा करने के लिए इस करार के उपबन्ध के अनुसार ठेके की दरों पर संदाय किया जाएगा और इस प्रकार का संदाय क्षतिग्रस्त या नष्ट होने के पूर्व मूलतः निष्पादित किए गए किन्तु संदाय न किए हुए कार्य के मूल्य तक, क्षतिपूर्ति के अतिरिक्त होगा। क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए ऐसे कार्यों की दशा में जिनकी माप न हुई हो और जिनके लिए संदाय न किया गया हो का निर्धारण 5000/– रु तक मंडल अधिकारी द्वारा और अधिक राशि के लिए संबंधित अधीक्षण इंजीनियर द्वारा किया जाएगा। ठेकेदार को कार्य में हुए नुकसान, उसके नष्ट हो जाने और सामग्रियों के प्रत्यास्थापत संदाय इस ठेके के उपबंधों के अनुसार निविदत दरों के विश्लेषण पर आधरित दरों पर किया जाएगा। सामग्री की क्वालिटी और मात्रा और किस प्रयोजन से उसे संग्रहीत किया गया था उसके बारे में भारसाधक इंजीनियर का प्रमाण पत्र अंतिम और इस ठेके के सभी पक्षकारों पर आबद्धकर होगा।

परंतु सर्वदा यह कि संघर्षों या युद्ध जैसी संक्रियाओं के परिणामस्वरूप किसी हानि के लिए कोई भी क्षतिपूर्ति (क) तब तक संदेय नहीं होगी जब तक कि ठेकेदार ने हवाई हमले के विरुद्ध ऐसे सभी पूर्वोपाय न किए हों, जो हवाई हमला सुरक्षा अधिकारी या भारसाधक इंजीनियर द्वारा आवश्यक समझे जाते हों, और (ख) किसी ऐसी सामग्री आदि के लिए जो कार्यस्थल पर नहीं है या किसी ऐसे औजार, सयंत्र, मशीनरी, पाड़, अस्थाई भवन और अन्य वस्तुओं के उस कार्य के लिए आशायित नहीं है, संदेय नहीं होगी।

ठेकेदार द्वारा, यथापूर्वोक्त पुनर्निर्माण किए जाने की दशा में, उसे उसको पूरा करने के लिए उतना और समय दिया जाएगा जितना मण्डल अधिकारी द्वारा उचित समझा जाए।

खण्ड 44

शिक्षु अधिनियम के उपबन्धों का पालन

ठेकेदार शिक्षु अधिनियम, 1961 और समय समय पर उसके अधीन जारी किए गए नियमों और आदेशों के उपबंधों का अनुपालन करेगा। यदि वह ऐसा करने में असफल रहेगा तो उसकी असफलता ठेके का भंग होगी और अधीक्षक इंजीनियर अपने विवेकाधिकार से ठेका रद्द कर सकेगा। ठेकेदार उक्त अधिनियम के उपबन्धों के अपने द्वारा किसी अधिक्रमण के कारण उद्भूत किन्हीं धन देयताओं के लिए भी जिम्मेदार होगा।

खण्ड–45

श्रमिक बेबाकी के पश्चात प्रतिभूति निक्षेप वापसी

जमा की गई राशि तब जक वापिस नहीं की जाएगी जब तक ठेकेदार श्रम अधिकारी से क्लीयरेन्स सर्टिफिकेट प्रस्तुत नहीं करता। जैसे ही कार्य वास्तव में पूरा होता है ठेकेदार भारसाधक इंजीनियर को सूचित करते हुए क्लीयरेन्स सर्टिफिकेट के लिए श्रम अधिकारी को आवेदन भेजेगा। भारसाधक इंजीनियर ऐसी सूचना मिलने पर श्रम अधिकारी से लिखित रूप में जानकारी मांगेगा कि क्या कार्य के संबंध में ठेकेदार के संबंध में कोई शिकायत तो नहीं है? यदि, कार्य समाप्त होने के बाद 3 माह तक रिकार्ड में कोई शिकायत लंबित न हो और/या इस संबंध में श्रम अधिकारी से कार्य पूरा होने की तारीख से कार्य पूरा होने की तारीख के छः माह बाद तक कोई सूचना न मिले तो यह माना जाएगा कि क्लीयरेन्स सर्टिफिकेट मिल गया है और प्रतिभूति निक्षेप यदि अन्यथा देय हो, दे दिया जाएगा।

टिप्पणी

इसके हिन्दी पाठ में कोई अन्तर या द्विधार्थकता होने की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

C.P.W.D. Safety Code

1. Suitable scaffolds should be provided for workmen for all works that cannot safely be done from the ground, or from solid construction except such short period work as can be done safely from ladders. When a ladder is used, an extra mazdoor shall be engaged for holding the ladder and if the ladder is used for carrying materials as well suitable footholds and hand-hold shall be provided on the ladder and the ladder shall be given an inclination not steeper than ¼ to 1(¼ horizontal and 1 vertical.)

2. Scaffolding of staging more than 3.6 m (12ft.) above the ground or floor, swung or suspended from an overhead support or erected with stationary support shall have a guard rail properly attached or bolted, braced and otherwise secured at least 90 cm. (3ft.) high above the floor or platform of such scaffolding or staging and extending along the entire length of the outside and ends there of with only such opening as may be necessary for the delivery of materials. Such scaffolding or staging shall be so fastened as to prevent it from swaying from the building or structure.

3. Working platforms, gangways and stairways should be so constructed that they should not sag unduly or unequally, and if the height of the platform or the gangway or the stairway is more than 3.6 m (12ft.) above ground level or floor level, they should be closely boarded, should have adequate width and should be suitably fastened as described in (2) above.

4. Every opening in the floor of a building or in a working platform shall be provided with suitable means to prevent the fall of person or materials by providing suitable fencing or railing whose minimum height shall be 90 cm. (3ft.)

